CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26° C
न्यूनतम : 23° C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 11 जुलाई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 179 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 15 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




मुख्यमंत्री योगी ने सनातन धर्म को भारत की आत्मा बताया पेज 2




भारतीय महिला टीम ने रचा इतिहास इंग्लैंड में जीती सीरीज खेल टाइम्स



विकास की रफ्तार पर बोझ है बढ़ती जनसंख्या सम्पादकीय



अमेरिका की टैरिफ नीति से भारत को फायदा, रिपोर्ट में दावा पेज 12

## पूरे देश में मानसून का कहर जारी

# दिल्ली-NCR में बाढ़ जैसे हालात

## गुरुग्राम में गाड़ियां तैरी, घरों में घुसा पानी व रुद्रप्रयाग में पहाड़ टूटा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बारिश जारी है। बुधवार शाम हुई बारिश के बाद दिल्ली और गुरुग्राम की सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात हैं। गाड़ियां पानी में तैरती नजर आईं। कई इलाकों में लोग तक पानी में डूब गए। घरों में पानी भर गया है। वहीं उत्तराखंड में बारिश के चलते कई जगहों में लैंडस्लाइड हुई है।

रुद्रप्रयाग में बद्रीनाथ रोड पर पहाड़ टूट गया। दिल्ली और गुरुग्राम में गुरुवार को बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। बुधवार शाम हुई तेज बारिश के बाद शहर की अधिकतर सड़कों पर पानी भर गया। गुरुग्राम सेक्टर 6 में शीतला माता मंदिर के पास गाड़ियां पानी में तैरती नजर आईं। लोग तक पानी में डूब गए। दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे के नरसिंहपुर के नजदीक सर्विस लेन पर 2 फुट तक पानी जमा हो गया।



### बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद कर रही सेना

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना बाढ़ से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश और पूर्वोत्तर में बड़े पैमाने पर राहत और बचाव अभियान में नागरिक प्रशासन की मदद कर रही है। सेना की ओर से गुरुवार को बताया गया कि हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में हाल ही में आई बाढ़ के बाद स्थानीय प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे राहत और बचाव अभियान में सेना की टुकड़ियां राज्य आपदा मोचन बल , राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और स्थानीय अधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर मदद कर रही हैं। सेना ने थुनाग, बग्सियाड और पंडोह सहित प्रमुख स्थानों पर टुकड़ियां तैनात की हैं, जो आवश्यक आपूर्ति जारी रखने के लिए महत्वपूर्ण पहुंच मार्गों को खोल रही है। इसके अलावा थुनाग में चिकित्सा सहायता और राहत सामग्री के वितरण में भी मदद की जा रही है।

## बाढ़ प्रभावित छह राज्यों के लिए एक हजार करोड़ से अधिक की राशि मंजूर

**नई दिल्ली।** केन्द्र ने बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित राज्यों असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, केरल और उत्तराखंड के लिए 1,066.80 करोड़ रुपये की राशि जारी करने की मंजूरी दी है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार हर स्थिति में राज्यों के साथ दृढ़ता से खड़ी है।

**सभी तरह की रसद सहायता प्रदान करना केन्द्र की प्राथमिकता**

केंद्र सरकार ने बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित असम, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, केरल और उत्तराखंड राज्यों के लिए एसडीआरएफ के अंतर्गत केंद्रीय हिस्से के रूप में 1066.80 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस वर्ष 19 राज्यों को एसडीआरएफ और एनडीआरएफ निधि से 8000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की गई है। वित्तीय सहायता के अलावा आपदा के समय राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, सेना और वायुसेना की तैनाती सहित सभी तरह की रसद सहायता प्रदान करना केन्द्र की प्राथमिकता रही है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि छह बाढ़ प्रभावित राज्यों में से असम को 3750.60 करोड़ रुपये, मणिपुर को 29.20 करोड़, मेघालय को 30.40 करोड़, मिजोरम को 22.80 करोड़, केरल को 153.20 करोड़ और उत्तराखंड को 455.60 करोड़ रुपये राज्य आपदा मोचन निधि से केन्द्रीय हिस्से के रूप में दिए गए हैं।

## उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर दिल्ली हाईकोर्ट की रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष, मौलाना अरशद मदनी ने गुरुवार को अदालत की कार्यवाही का स्वागत किया और संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ह्हम अंतिम निर्णय का इंतज़ार कर रहे थे, लेकिन दिनभर की सुनवाई के बाद जो नतीजा सामने आया, वह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि आपत्तिजनक दृश्य हटाए जाने के बावजूद फिल्म में अब भी ऐसा सीन मौजूद है, जो हमारे समाज में नफरत का ज़हर फैला सकता है।

मौलाना मदनी ने आगे कहा कि फिल्म की स्क्रीनिंग पर स्टे और अदालत के अन्य आदेशों ने संविधान की सर्वोच्चता को मज़बूत किया है। यह एक स्पष्ट संदेश भी देता है कि कला और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कोई भी व्यक्ति संवैधानिक और नैतिक सीमाओं का उल्लंघन नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में

**कार्यवाही बहुत उत्साहजनक है, हम अदालत के फैसले का स्वागत करते हैं: मौलाना अरशद मदनी**

कुछ और आपत्तिजनक फ़िल्में भी बनी हैं, लेकिन वे इतनी घिनौनी नहीं थीं। इस फ़िल्म में एक हत्या की घटना की आड़ में एक पूरे समुदाय को इस तरह कठघरे में खड़ा किया गया है, मानो वे अपराधी हों। इसीलिए हमने इस मामले को अदालत में ले जाने का फ़ैसला किया। हमें खुशी है कि हमारी कोशिशें कामयाब रहीं, और हमें पूरा विश्वास है कि इंशाल्लाह अंतिम फ़ैसला भी हमारे पक्ष में ही होगा। यह फ़ैसला सिर्फ़ फिल्म पर रोक नहीं है, बल्कि सांप्रदायिक तत्वों के इरादों और एजेंडे पर एक रोक है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे वकीलों, विशेषकर देश के सबसे प्रतिष्ठित वकीलों में से एक, कपिल - **शेष पृष्ठ दो पर**

### गुरुग्राम में टेनिस खिलाड़ी राधिका की हत्या, पिता ने बेटी को मारी गोली

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में गुरुवार को बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया। यहां सुशांत लोक फेस-2 में टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। राधिका की उम्र महज 24 साल थी। शुरुआती जानकारी के मुताबिक राधिका के पिता पर ही गोली मारने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि राधिका के पिता सोशल मीडिया पर बेटी द्वारा रील बनाने से नाराज थे। जांच में यह बात सामने आई है कि पिता ने बेटी के ऊपर पांच बार फायरिंग की थी, जिसमें से तीन गोली राधिका को लगी है। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हत्या में जिस हथियार का इस्तेमाल किया गया है वो भी बरामद कर लिया है।

### बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण पर रोक नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ दायर याचिकाओं पर गुरुवार को कोई अंतरिम स्थगन आदेश जारी न करते हुए चुनाव आयोग को 21 जुलाई तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही, आयोग से कहा कि वह मतदाताओं की पहचान साबित करने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड और मतदाता फोटो पहचान पत्र को स्वीकार्य दस्तावेजों के रूप में अनुमति देने पर विचार करे। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं की ओर से दायर याचिका पर यह निर्देश दिया।

### छांगुर बाबा के नेटवर्क का पता लगाएगी यूपी एटीएस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने गुरुवार को धर्मांतरण के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को सात दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी। अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि यूपी एटीएस ने छांगुर बाबा और उसकी मुख्य सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को सात दिन की रिमांड पर लिया है। उनसे उनके गिरोह के नेटवर्क, पैसों के लेन-देन और उनकी अवैध संपत्तियों के बारे में पूछताछ की जाएगी।

### कोयंबटूर धमाके का मुख्य आरोपी 29 साल बाद गिरफ्तार

**चेन्नई।** तमिलनाडु पुलिस ने 1998 के कोयंबटूर सिलसिलेवार बम विस्फोटों और हत्या के मामलों में 29 साल से फरार मुख्य आरोपी को कर्नाटक के विजयपुरा जिले से गिरफ्तार कर लिया। तमिलनाडु एटीएस ने विशिष्ट और खुफिया जानकारी के आधार पर कोयंबटूर बम विस्फोट और प्रदेश में सांप्रदायिक हत्याओं के मामलों के मुख्य आरोपी सादिक उर्फ टेलर राजा उर्फ शाहजहां शेख को गिरफ्तार किया है।

## दिल्ली- एनसीआर में भूकंप के झटके लगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र हरियाणा के झज्जर में था। यहां रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.4 थी। इसकी वजह से दिल्ली और एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

हरियाणा के जींद और बहादुरगढ़ के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के इलाकों में भी 10 सेकंड तक झटके महसूस किए गए। बीते छह महीने में दिल्ली और एनसीआर में तीसरी बार भूकंप आया है। इससे पहले 19 अप्रैल और 17 फरवरी को भी भूकंप आया था। अफगानिस्तान में 19 अप्रैल की

**4.4 तीव्रता, हरियाणा के झज्जर में था केंद्र, छह महीने के दौरान तीसरी बार भूकंप आया**

दोपहर 12.17 बजे रिक्टर स्केल पर 5.8 तीव्रता का भूकंप आया था। इसका असर जम्मू-कश्मीर और दिल्ली-एनसीआर तक महसूस किया गया था। जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ था। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलाजी (एनएससी) के मुताबिक, भूकंप का असर जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में भी महसूस किया गया। श्रीनगर में एक व्यक्ति ने बताया कि मैं दफ्तर में था, तभी मेरी कुर्सी हिली। कुछ इलाकों से लोगों को घरों और ऑफिस से बाहर भागते देखा गया।

### स्कूलों के विलय के खिलाफ एक और याचिका हुई खारिज

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों के विलय के खिलाफ दाखिल जनहित याचिका को गुरुवार को शुरुआती सुनवाई के बाद खारिज कर दिया है। याचिका का विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर आपत्ति उठाई गई कि मामले में उठाए गए मुद्दे पहले ही सीतापुर के 51 बच्चों की याचिका में एकल पीठ ने निर्णीत कर दिए हैं। ऐसे में समान मुद्दों को लेकर दाखिल यह याचिका सुनवाई को ग्रहण करने योग्य नहीं है। सरकार की इस आपत्ति पर गौर कर कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति एआर मसूदी और न्यायमूर्ति श्रीप्रकाश सिंह की खंडपीठ ने यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता ज्योति राजपूत की जनहित याचिका पर दिया। इसमें राज्य सरकार के स्कूलों के विलय या दो स्कूलों को जोड़ने के राज्य सरकार के बीती 16 जून के आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था।

## गुजरात का महिसागर पुल हादसा

# नदी से 17 शव मिले, दो की तलाश जारी



अहमदाबाद, वार्ता

**गुजरात में वडोदरा** व आणंद को जोड़ने वाला पुल टूटने के बाद महिसागर नदी से 17 शव निकाले जा चुके हैं।

एनडीआरएफ को गुरुवार सुबह 2 और दोपहर में एक और शाम को एक शव मिला, जबकि 13 बॉडी बुधवार को ही बरामद हो चुकी थीं। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है। अभी भी 2 लोग लापता बताए जा रहे हैं। इनकी तलाश जारी है। महिसागर नदी पर बना ब्रिज बुधवार सुबह टूट गया था। चलते ट्रैफिक के बीच पुल टूट जाने से दो ट्रक, दो कार और एक रिक्शा नदी में गिर गए थे। एक टैंकर टूटे सिरे पर फंस गया था। 45 साल पुराना यह ब्रिज दक्षिण गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ता था। इसके टूटने से भरूच, सूरत, नवसारी, तापी और वलसाड से सौराष्ट्र पहुंचना मुश्किल हो गया है। अब इसके लिए अहमदाबाद होकर जाना होगा।

### मासिक धर्म की आड़ में छात्राओं को निर्वस्त्र कर जांचा

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक निजी स्कूल में पांचवीं से दसवीं कक्षा की छात्राओं को मासिक धर्म की जांच के लिए कथित तौर पर निर्वस्त्र किया गया। इस शर्मनाक घटना के बाद पुलिस ने स्कूल प्रिंसिपल और चार शिक्षकों सहित आठ लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और पाक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने पत्रकारों को बताया कि यह अमानवीय घटना मंगलवार को शाहपुर इलाके के आर एस दमानी स्कूल में तब हुई जब स्कूल के शौचालय में खून के धब्बे पाए गए। इस घटना ने छात्राओं के अभिभावकों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया, जिन्होंने बुधवार को स्कूल परिसर में जमकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रबंधन तथा इसमें शामिल शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# थरूर ने कुरेदे इमरजेंसी के घाव, नसबंदी को बताया 'इतिहास का काला अध्याय'

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक आर्टिकिल में लिखा कि इमरजेंसी को सिर्फ भारतीय इतिहास के काले अध्याय के रूप में याद नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि इससे सबक लेना जरूरी है। उन्होंने नसबंदी अभियान को मनमाना और क्रूर फैसला बताया।

थरूर ने मलयालम भाषा के अखबार 'दीपिका' में प्रकाशित आर्टिकल लिखा है। यह गुरुवार को प्रकाशित हुआ है। उन्होंने लिखा कि अनुशासन और व्यवस्था के लिए उठाए गए कदम कई बार ऐसी क्रूरता में बदल जाते हैं, जिन्हें किसी तरह उचित नहीं कहा जा सकता। 50 साल पहले 25 जून, 1975 को तब की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगाई थी। यह 21 मार्च, 1977 तक लागू रही थी। इस दौरान केंद्र सरकार ने कई सख्त फैसले लिए थे। माना फैसला था। थरूर ने लिखा कि इंदिरा गांधी के बेटे संजय गांधी का जबरन नसबंदी अभियान चलाने का फैसला क्रूरता का उदाहरण बन गया। गरीब ग्रामीण इलाकों में टारगेट पूरा करने के लिए हिंसा और दबाव का सहारा लिया गया। नई दिल्ली जैसे शहरों में बेरहमी से झुग्गियां तोड़ी गईं। हजारों लोग बेघर हो गए। उनकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को हल्के में नहीं लेना चाहिए शशि थरूर ने अपने आर्टिकल में



**कांग्रेस सांसद ने कहा: इससे सबक लेना जरूरी, नसबंदी अभियान मनमाना और क्रूर फैसला था**

लिखा कि लोकतंत्र को हल्के में नहीं लेना चाहिए। यह एक बहुमूल्य विरासत है, जिसे लगातार संरक्षित करना जरूरी है। सत्ता को सेंट्रलाइज करने, असहमति को दबाने और संविधान को दरकिनार करने का असंतोष कई रूपों में फिर सामने आ सकता है। अक्सर ऐसे एक्शन को देशहित या स्थिरता के नाम पर उचित ठहराया जाता है। इस अर्थ में इमरजेंसी एक चेतावनी के रूप में खड़ा है। लोकतंत्र के संरक्षकों को हमेशा सतर्क रहना होगा। थरूर ने 23 जून को द हिंदू में पब्लिश एक आर्टिकल में लिखा था कि मोदी की ऊर्जा, गतिशीलता और जुड़ने की इच्छा वैश्विक मंच पर भारत के लिए प्रमुख संपत्ति बनी हुई है, लेकिन उन्हें और ज्यादा सपोर्ट मिलना चाहिए।

## निमिषा की फांसी पर रोक की अर्जी, SC 14 को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय हत्या के एक मामले में केरल निवासी नर्स निमिषा प्रिया की यमन में 16 जुलाई को निर्धारित फांसी की सजा पर रोक और उसकी रिहाई के लिए केंद्र सरकार को कूटनीतिक प्रयास करने का निर्देश देने की मांग संबंधी एक याचिका पर 14 जुलाई को सुनवाई करेगी।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की आंशिक कार्य दिवस पीठ ने 'सेव निमिषा प्रिया एक्शन काउंसिल' नामक एक संगठन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता रागेंथ बसंत के शीघ्र सुनवाई के अनुरोध के बाद संबंधित याचिका को (14 जुलाई के लिए) सूचीबद्ध करने

**नर्स निमिषा को यमन में 16 जुलाई को दी जानी है फांसी**

का निर्देश दिया। अधिवक्ता बसंत ने 'विशेष उल्लेख' के दौरान अदालत से यह अनुरोध किया था। वरिष्ठ अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष दलील दी कि शरीयत कानून के अनुसार, अगर पीड़ितों के रिश्तेदार 'खूंबहा' स्वीकार करने को तैयार हों, तो किसी व्यक्ति को रिहा किया जा सकता है। खूंबहा का मतलब है कि पीड़ित परिवार को मुआवजे का प्रस्ताव दिया जाए और वे इसे लेने को तैयार हों, तो अभियुक्त की सजा माफ की जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकारी अस्पतालों में बदइंतजामी, मरीज नर्सिंग होम में जाने को विवश: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के चरमराने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी अस्पतालों में बदइंतजामी और बदहाली की वजह से मरीज प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करवाने को मजबूर हो रहे है। यादव ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह पटरी से उतर गई हैं। उप मुख्यमंत्री की नजर अपने विभाग के बजाय मुख्यमंत्री की कुर्सी पर होने की वजह से हर तरफ मनमानी और बदहाली दिखाई दे रही है। अचरज तो यह है कि उनकी सरकार में बिना खून निकाले रिपोर्ट देने का तरीका भी खोज लिया गया है। कानपुर में दो सीएमओ एक कुर्सी पर झगड़ पड़े, तो पुलिस बुलानी पड़ गई। डीसीएम साहब अपनी नाकामी छुपाने के लिए छापेबाजी करके बैठ जाते है। असर कुछ होता नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों डिप्टी साहब गोंडा के मेडिकल कॉलेज गए जहां हर तरफ अव्यवस्था थी।

### किसानों को 25 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार खेती में उर्वरकों के सही इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए अब तक 25 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों में बांट चुकी है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार शाम को यहां आयोजित 16वें एग्रीकल्चर लीडरशिप सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को किफायती दामों पर उर्वरक मुहैया कराने के लिए पर्याप्त सब्सिडी देने के साथ साथ सही वक्त पर उर्वरक आपूर्ति कराना सुनिश्चित किया है।

# अवैध धर्मांतरण के खिलाफ चलता रहा है सरकार का डंडा

लखनऊ, वार्ता

**■ छांगुर बाबा के खिलाफ पुलिस कार्रवाई उत्तर प्रदेश के लिए कोई नई बात नहीं है**

अवैध धर्मांतरण के आरोप जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के खिलाफ पुलिस कार्रवाई उत्तर प्रदेश के लिए कोई नई बात नहीं है।

योगी सरकार के सत्ता में आने के बाद अवैध धर्मांतरण के खिलाफ समय समय पर एक्शन होता रहा है। इस दौरान पुलिस, एसटीएफ और एटीएस दो दर्जन से अधिक अवैध धर्मांतरण गिरोहों के सरगना और उनके सहयोगियों को गिरफ्तार सलाखों के पीछे धकेल चुकी है। वहीं अभियोजन विभाग द्वारा कोर्ट में प्रभावी पैरवी, वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर पिछले आठ वर्षों में अवैध धर्मांतरण में लिप्त 16 आरोपियों को सजा दिलाई गई। इनमें से 12 आरोपियों को आजीवन कारावास और 4 आरोपियों को 10 वर्ष के कारावास की सजा दिलाई गई। इसके साथ ही कोर्ट द्वारा आरोपियों पर अर्थदंड भी लगाया गया। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने गुरुवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेशभर में धार्मिक-सामाजिक एकता बनाए रखने और जनसंख्या संतुलन को बिगाड़ने वाली साजिशों को विफल करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अवैध धर्मांतरण के सरगनाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है।

उन्होंने बताया कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश भर में अवैध धर्मांतरण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे धकेला गया है। यह आरोपी उत्तर प्रदेश के साथ दिल्ली, महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात और हरियाणा में भी सक्रिय थे। इनका मकसद बहुसंख्यक आबादी में धार्मिक असंतुलन पैदा कर देश की जनसांख्यिकी को बदलना और शांति को भंग करना था। यह लोग गिरोह के संचालन के लिए इस्लामिक दावा सेंटर जैसे केंद्रों का उपयोग करते थे, जहां गरीब, असहाय, दिव्यांग और समाज के हाशिए पर खड़े लोगों को बहला-फुसलाकर, नौकरी, इलाज, शादी और पैसे के लालच से अवैध धर्मांतरण कराया जाता था।

### छांगुर बाबा एक हफ्ते की पुलिस रिमांड पर एटीएस के हवाले

**लखनऊ।** अवैध धर्मांतरण के आरोप में गिरफ्तार जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी साथी नीतू उर्फ नसरीन को उत्तर प्रदेश पुलिस का आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) रिमांड पर लेकर गिरोह की गतिविधियों और फंडिंग के बारे में पड़ताल करेगा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अवैध धर्मान्तरण के आरोप में एटीएस ने पिछली पांच जुलाई को जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और नीतू उर्फ नसरीन को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस महानिदेशक ने धर्मांतरण के इस गिरोह के पूरे नेटवर्क, रैकेट, वित्तीय स्रोत एवं अन्य सभी तथ्यों की गहन जानकारी के लिए निर्देशित किया गया था। उन्होंने बताया कि यूपी एटीएस ने एनआईए कोर्ट से दस से 16 जुलाई तक दोनों आरोपियों का पुलिस कस्टडी रिमाण्ड प्राप्त किया गया है।

# पंचायत चुनाव: 512 ग्राम पंचायतें समाप्त

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी ग्रामीण स्थानीय निकाय चुनावों के लिए पंचायतों का परिसीमन पूरा हो गया है और 512 ग्राम पंचायतें समाप्त कर दी गई हैं, जबकि 11 नई ग्राम पंचायतें बनाई गई हैं।

अधिकृत सूत्रों ने बताया कि समाप्त की गई ग्राम पंचायतों में सबसे अधिक संख्या देवरिया, आजमगढ़ और प्रतापगढ़ जिलों की है। 2021 के पंचायत चुनावों में 58,195 ग्राम प्रधान चुने गए थे, लेकिन राज्य में अगले पंचायत चुनावों में यह संख्या घटकर 57,694 ग्राम प्रधान रह गई है। उन्होंने बताया कि राज्य में अगले साल अप्रैल-मई में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियां ग्राम पंचायतों के परिसीमन के साथ शुरू हो गई हैं। लेकिन पंचायती राज विभाग सीटों का आरक्षण तय नहीं करेगा। प्रदेश सरकार ने अगले साल मई में होने वाले ग्राम पंचायत चुनावों के लिए एक शासनादेश (जीओ) जारी कर ग्राम पंचायतों के परिसीमन को अनिवार्य बना दिया है। नगरीय क्षेत्र के विस्तार के कारण देवरिया में 64, आजमगढ़ में 49 और प्रतापगढ़ में 46 ग्राम पंचायतें समाप्त कर दी गई हैं। इसके अलावा अलीगढ़ में 16, अंबेडकरनगर में 3, अमरोहा में 21 और अयोध्या जिलों में 22 ग्राम पंचायतें समाप्त हो गई हैं। बहराइच में कुल चार ग्राम पंचायतें समाप्त हो गई हैं, जबकि ज़िले में दो नए राजस्व गांव बनाए गए हैं। बलरामपुर और बाराबंकी में 7-7, बरेली और बुलंदशहर में 5-5, चित्रकूट में 3, एटा में 6, इटावा में 2, फर्रुखाबाद में 14, फतेहपुर में 19, गौतमबुद्धनगर में 6, गाजियाबाद में 19, गोंडा और गोरखपुर में 22-22, हरदोई में 14, हाथरस में एक, जौनपुर में 6, खीरी में एक, कुशीनगर में 23, लखनऊ में 3, मथुरा में 9, मऊ में 26, मुजफ्फरनगर में 11, रायबरेली में 8, संतकबीरनगर में 24, शाहजहांपुर में एक, सीतापुर में 11, सोनभद्र में 8-8 व उन्नाव में 4 नई ग्राम पंचायतें समाप्त कर दी गईं।

# कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच होगी कांवड़ यात्रा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पवित्र श्रावण मास में होने वाली कांवड़ यात्रा के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस ने सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए है। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं सकुशल सम्पन्न कराए जाने के लिए सभी जिलों के प्रमुखों को निर्देशित किया है।

कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मुख्य कांवड़ मार्ग एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर कुल 29 हजार 454 सीसीटीवी कैमरे, 395 ड्रोन, 1845 जल सेवा केन्द्र, 829 चिकित्सा शिविरों, 1222 पुलिस सहायता केन्द्र/कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कांवड़ यात्रा को सुरक्षित सम्पन्न कराए जाने की जिम्मेदारी 587 राजपत्रित अधिकारी, 2040 निरीक्षक, 13,520 उपनिरीक्षक, 39,965 मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 1,486 महिला उपनिरीक्षक, 8,541 महिला मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 50 कम्पनी केन्द्रीय पुलिस बल/पीएसी एवं 1,424 होमगार्ड्स की होगी। इसके लिए विशेष बलों जैसे आएएफ, क्यूआरटी एवं एंटी टेरर स्क्वाड पुलिस बल की तैनाती भी की गई है।

कांवड़ यात्रा मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जाएगी, जबकि मुख्यालय स्तर पर भी 24 घंटे नजर रखी जाएगी। सोशल मीडिया सेन्टर डीजीपी मुख्यालय में एक आठ सदस्यीय टीम का गठन किया गया है, जो 24 घण्टे सतर्क रहकर कांवड़ यात्रा से सम्बन्धित सोशल मीडिया पर प्राप्त होने वाली सभी इनपुट को सम्बन्धित जिले को प्रेषित कर भ्रामक खबरों का खंडन, अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही एवं तथ्यात्मक जानकारी सोशल मीडिया पर डलवाना सुनिश्चित करेगी।

## मुख्यमंत्री ने सनातन धर्म को भारत की आत्मा बताया

# राम विरोधियों की दुर्गति तय है: योगी

गोरखपुर, वार्ता



**■ कहा: लोहिया के विचार से इतर आज के समाजवादी रामभक्तों पर गोली चलाते हैं**

सनातन धर्म को भारत की आत्मा बताते हुए गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि प्रखर समाजवादी डा. राममनोहर लोहिया के विचार से इतर आज के समाजवादी रामभक्तों पर गोली चलाते हैं।

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि डा. लोहिया के वर्तमान चेले भले ही उनकी बात न मानते हों, लेकिन यह बात तय है कि जो राम विरोधी है, उसकी दुर्गति होनी ही है। डा. लोहिया कहते थे कि भारत में जब तक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, लीला पुरुषोत्तम मुरलीधर भगवान श्रीकृष्ण और देवों के देव भगवान शंकर की पूजा होती रहेगी तब तक दुनिया में कोई माई का लाल भारत का बाल भी बांका नहीं कर पाएगा और यह सच भी है भगवान श्रीराम, प्रभु श्रीकृष्ण और देवाधिदेव महादेव शंकर के बिना भारत का पत्ता भी नहीं हिल सकता है।

गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गोरखनाथ मंदिर में चार जुलाई से चल रही श्रीरामकथा के विश्राम सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा और देवी-देवताओं से जुड़ीं अन्य कथाएं भारतीय संस्कार का हिस्सा हैं। उन्होंने रामायण मेलों की शुरुआत करने वाले डा. राम मनोहर लोहिया का उल्लेख कर सनातन धर्म पर सवाल उठाने वालों को आईना दिखाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डा. लोहिया, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रखर समाजवादी और कांग्रेस के प्रखर विरोधी थे।

आजादी के बाद जब भारतीयों की एकजुटता को लेकर कुछ लोगों ने शंका जताई थी तब उन्होंने जवाब दिया था कि राम, कृष्ण और शंकर की पूजा होने तक भारत की एकजुटता का प्रश्न ही खड़ा नहीं होता। उन्होंने कहा कि उच्चकुल में पैदा होने के बावजूद मारीच की दुर्गति सबको पता है। उसका जन्म मनुष्य रूप में होता है, जबकि पशु रूप में मारा जाता है। उन्होंने कहा कि राम को भजते-भजते हनुमान जी भी पूज्य हो गए। अनपढ़ व्यक्ति भी हनुमान चालीसा जानता है, उसका पाठ करता है। श्रीराम, श्रीकृष्ण, भगवान शंकर और उनसे जुड़ी कथाएं हमारी आस्था की प्रतीक हैं, हमारी विरासत हैं। सुसभ्य संस्कृति की उत्कृष्टता के प्रतीक हैं। इनके संरक्षण और उन्नयन में योगदान देना हर भारतीय का कर्तव्य होना चाहिए। राम, कृष्ण और शिव सनातन धर्म के प्रतीक हैं।

### गुरु पूर्णिमा पर योगी ने किया महायोगी गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन

**गोरखपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गुरुवार को गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का नाथपंथ की परंपरा के अनुसार विशिष्ट पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ, दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ, योगिराज बाबा गंभीरनाथ समेत नाथपंथ के सभी गुरुजनों का भी विधि विधान से पूजन-अर्चन कर श्रद्धा निवेदित की और लोक कल्याण के पथ पर मार्गदर्शन के लिए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। गोरखनाथ मंदिर में गुरु पूर्णिमा का विशेष अनुष्ठान प्रातः काल 5 बजे से ही प्रारंभ हो गया और सामूहिक आरती के साथ अनुष्ठान की पूर्णता हुई। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी देशवासियों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।



सेंसेक्स 83190.28
निफ्टी 25355.25



सोना रु. 97195
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 107690
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट

मुंबई, वार्ता



**■ तेज बिकवाली के चलते सेंसेक्स 345.80 अंक, निफ्टी 120.85 अंक नीचे**

स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को बिकवाली का दबाव बढ़ने से लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई और प्रमुख शेयर सूचकांक 0.27 प्रतिशत से 0.47 प्रतिशत टूट गए।

विश्लेषकों के अनुसार कंपनियों के पहली तिमाही के वित्तीय नतीजों को जारी किए जाने की शुरुआत से पहले बाजार में सतर्कता का रुख बढ़ा हुआ था। बुधवार को बाजार दिन भर सीमित दायरे में घट बढ़ के बाद कारोबार के आखिरी दौर में तेज बिकवाली के दबाव में टूट कर बंद हुआ था। बीएसई का 30 शेयरों वाला संसेक्स 345.80 अंक (0.41प्रतिशत) गिर कर 83,190.28 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 भी 120.85 अंक (0.47 प्रतिशत) घट कर 25355.25 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में 24 शेयर घाटे में रहे और छह में लाभ हुआ।

मारुति सबसे अधिक 1.36 प्रतिशत लाभ पर बंद हुआ। टाटा स्टील (1.04), बजाज फाइनेंस (0.72), बजाज फाइनेंशियल सर्विसेज (0.65), ट्रेंट (0.4) और टाटा मोटर्स भी (0.38 प्रतिशत) लाभ में रहे। घाटे में रहे शेयरों में भारती एयरटेल का भाव 2.62 प्रतिशत टूटा, जबकि एक्सिस बैंक में सबसे कम 0.02 प्रतिशत का घाटा रहा। एशियन पेंट, इन्फोसिस, बीईएल, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक., टीसीएस, भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन, आईसीआईसीआईसीआई आई बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में घाटा हुआ। निफ्टी फाइनेंशियल सर्विस 0.27 प्रतिशत और निफ्टी बैंक 0.45 प्रतिशत घाटे में रहा। निफ्टी मिडकैप और स्मालकैप क्रमश 0.30 प्रतिशत और 0.27 प्रतिशत घट कर बंद हुए। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के अनुसंधान प्रमुख, विनोद नायर ने बाजार की स्थिति पर संक्षिप्त टिप्पणी में कहा, 'टीसीएस के पहली तिमाही के नतीजों से पहले इस सीजन में आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) और वित्त क्षेत्रों की धीमी शुरुआत की आशंका के चलते निवेशकों का रुझान सतर्क बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि इस बीच मिड-कैप और स्मॉ-कैप शेयरों में गिरावट का रुझान सीमित रहा। यह लार्ज-कैप शेयरों की तुलना में इन खंडों में निवेशक बेहतर आय परिदृश्य की उम्मीद कर रहे हैं। नायर की राय में यह निवेशकों की प्रतीक्षा और निगरानी की रणनीति को दर्शाता है।

# डॉलर के मुकाबले रुपये में सुधार

**मुंबई।** अंतर बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया गुरुवार को दिन में मजबूती के साथ करीब 23 पैसे के तेज सुधार के साथ 85.5780 के स्तर पर चल रहा था। बुधवार को विनियम दर प्रति डॉलर 85.7979 रुपए के दायरे में थी। स्थानीय शेयर बाजारों में नरमी का रुख जारी रहने के बावजूद डॉलर के अन्य प्रमुख मुद्राओं के समक्ष कमजोर पड़ने से रुपए को बल मिला। डॉलर सूचकांक दिन में 0.19 प्रतिशत गिर कर 97.37 पर चल रहा था। डॉलर सूचकांक छह प्रमुख मुद्राओं के भारांक पर आधारित है और डॉलर की तुलनात्मक मजबूती को इंगित करता है। बाजार को उम्मीद है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बाजूद रुपया आने वाले दिनों में डॉलर के मुकाबले 85.30 से 85.90 के दायरे में रहेगा। आज अन्य प्रमुख मुद्राओं का भाव इस प्रकार रहा: ब्रिटेन पौंड 116.5025 रुपए, यूरो 100.4709 रुपए और जापानी एन (प्रति सैकड़ा) 58.5200 रुपए।

# यूपी में फॉरेस्ट कार्बन स्टॉक वृद्धि की दर राष्ट्रीय औसत से लगभग दोगुनी

लखनऊ, वार्ता

पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण वृद्धि के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहे उत्तर प्रदेश में हरित आवरण और फॉरेस्ट कार्बन स्टॉक में भी राष्ट्रीय औसत से तीव्र वृद्धि दर्ज की गई है।

भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून की वन स्थिति रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 तक यूपी के वन क्षेत्रों के बाहर वृक्षावरण में 3.72 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो राष्ट्रीय औसत 3.41 प्रतिशत से अधिक है। इसके अलावा, फॉरेस्ट कार्बन स्टॉक में 2.46 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो कि राष्ट्रीय औसत 1.13 प्रतिशत से लगभग दोगुनी है। जिस आधार पर लगभग 72 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड के अवशोषण का अनुमान है, जो जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान है। पौधरोपण महा अभियान ने इस वर्ष उत्तर प्रदेश में 'एक पेड़ मां के नाम 2-0' थीम के तहत 37.21 करोड़ से अधिक पौधों का रोपण कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। पिछले आठ वर्षों से प्रदेश में चल रहे पौध रोपण महाभियान के तहत अब तक 240 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। वन विभाग की ओर से जारी की गई वर्ष 2021-22 से लेकर 2024-25 तक रोपित किए गए पौधों की जीवितता लगभग 86.67 प्रतिशत दर्ज हैं। साथ ही इस अभियान के चलते प्रदेश में हरित आवरण और फॉरेस्ट कार्बन स्टॉक में भी राष्ट्रीय औसत से तीव्र वृद्धि दर्ज की गई है। वन विभाग ने पौधरोपण की जीवितता सुनिश्चित करने के लिए विशेष मॉनिटरिंग और मूल्यांकन व्यवस्था की है। वन विभाग की अनुश्रवण शाखा की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021-22 में पौधों की जीवितता 76.87 प्रतिशत, 2022-23 में 83.73 प्रतिशत, 2023-24 में 90.04 प्रतिशत और 2024-25 में हुए सर्वेक्षण के अनुसार 96.06 प्रतिशत दर्ज की गई है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उदयपुर फाइल्स....**

सिब्बल ने अदालत को सफलतापूर्वक यह बताया की यह फिल्म देश के बहुलवादी समाज के लिए कितनी खतरनाक हो सकती है। मौलाना मदनी ने यह भी कहा कि इस फिल्म के बारे में लिया गया फैसला भविष्य के लिए भी एक नज़ीर माना जाएगा और अन्य फिल्म निर्माताओं को भी एक बड़ा सबक मिलेगा, जो फिरकापरस्त ताकतों को खुश करने की नापाक मंशा से ऐसी फिल्में बनाकर देश की शांति, एकता और सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं।

**तीन बच्चों की...** प्रियंका अपने चारों बच्चों सोनू (9), माधव (6), आदित्य (4) व मंगल (2) को साथ लेकर घर से निकल पड़ी और ऑटो करके केश्मपुर में सेंगर नदी के घाट पर पहुंच गई। जहां से प्रियंका ने अपनी ताई गीता को फोन करके कहा की वह मरने जा रही है और फोन काट दिया। ताई गीता प्रियंका को तलाशने औरैया गई, लेकिन प्रियंका घर पर नहीं मिली। इधर प्रियंका ने चारों बच्चों को कुछ नशीला पदार्थ खिलाकर नदी में डूबो दिया। मगर ग्रामीणों को आते देख वह वहां से भाग गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और ग्रामीणों ने नौ साल के सोनू को बाहर निकाला, जो जीवित था। जिसने पुलिस को नाम पता और घटनाक्रम बताया। इस पर परिजनों को सूचना दी गई। गोताखोर को बुलाकर नदी से छह साल के आदित्य और चार साल के माधव के शव को बाहर निकाल लिया। जबकि दो वर्ष के मंगल का शव करीब दो घंटे बाद मिला था। पुलिस ने बच्चों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस ने प्रियंका के सगे देवर मनीष की तहरीर पर प्रियंका एवं उसके प्रेमी (चचेरे देवर) आशीष उर्फ डैनी के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की और 20 दिन में दोनों आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल ली। जिसके बाद मामला एडीजे थर्ड सैफ अहमद की कोर्ट में चला। जहां पर सात लोगों सोनू (जीवित बचा पुत्र), मनीष वादी मुकदमा (मृतकों का चाचा), दिनेश (एफआईआर व जीड लेखक), शकील खान (आदित्य व माधव का पंचनामा भरा), सौरभ कुमार (मृतको का पीएम कराया), हरीश कुमार (मंगल का पंचनामा भरा) व एसआई भूपेंद्र सिंह (पर्याप्त साक्ष्य संकलन के साथ आरोपियों के खिलाफ धारा 302, 307 व 120बी में 20 दिन के अंदर आरोप पत्र दाखिल किया) की गवाही के बाद 9 माह 14 दिन बाद आरोपी मां प्रियंका को फांसी एवं उसके प्रेमी चचेरे देवर आशीष उर्फ डैनी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वादी को ओर जिला शासकीय अधिवक्ता अभिषेक मिश्र आदि ने पैरवी की। जिला शासकीय अधिवक्ता अभिषेक मिश्रा ने बताया कि कोर्ट ने इसे क्रूरतम से क्रूरतम अपराध माना है। सजा दिलाने में एडीजीसी उमेश राजपूत ने कड़ी से कड़ी सजा की पैरवी की थी।

# नदी किनारों पर होगा बहुआयामी विकास कार्य: यूपी सरकार

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर हर नदी को उसके स्रोत से लेकर अंतिम संगम बिंदु तक चिन्हित किया जाएगा और संबंधित सभी जनपदों को संयुक्त कार्ययोजना बनाकर जरूरी कदम उठाने होंगे। इसका उद्देश्य सिर्फ नदी को फिर से प्रवाहित करना नहीं, बल्कि जल गुणवत्ता, जल उपलब्धता और जैव विविधता को टिकाऊ तरीके से संरक्षित करना भी है।

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर सभी जनपदों और विभागों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया है। निर्देशों के तहत नदियों की जलधारा को सुगम बनाने के लिए डिसिल्टेशन (गाद निकासी), चैनलाइजेशन, कोर्स करेक्शन जैसे तकनीकी उपाय किए जाएंगे। साथ ही अतिक्रमण मुक्त क्षेत्र विकसित कर वहां सघन वृक्षारोपण कराना भी अनिवार्य होगा। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार की यह पहल उत्तर प्रदेश की नदियों को 'जीवित धरोहर' के रूप में संरक्षित करने की दिशा में एक नए युग की शुरुआत है। यह मॉडल अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा बन सकता है। उदाहरण के रूप में देखा जाए तो कोई नदी किसी जनपद से निकलकर अपने संगम क्षेत्र तक जितने भी जनपदों से होकर निकलेगी उन सभी पर नदी पुनरुद्धार का दायित्व होगा। हर जिले को अपने हिस्से में आने वाले नदी के क्षेत्र की सफाई, जलधारा पुनर्स्थापन और जलस्रोतों के संरक्षण के लिए कार्ययोजना तैयार करनी होगी। उसके पुनरुद्धार में संबंधित जिलों को मिलकर संरक्षणात्मक कार्य, जैसे तालाबों का जीर्णोद्धार, कैचमेंट क्षेत्र में चेक डैम और वाटर हार्वेस्टिंग यूनिट बनाना होगा। नदी से जुड़ी तालाब श्रृंखलाएं भी चिन्हित कर संरक्षित की जाएंगी। निर्देशों के क्रम में संबंधित जिलों की प्रशासनिक इकाइयों द्वारा संयुक्त कार्ययोजना बनाई जाएगी। गाद निकालने (डिसिल्टेशन) और नदी की दिशा सुधारने (कोर्स करेक्शन) के लिए उच्च तकनीकी हस्तक्षेप होगा। नदी किनारों पर सघन वृक्षारोपण और कैचमेंट क्षेत्र में भूमि जल संरक्षण की योजनाएं लागू होंगी। चेक डैम, रिचार्ज पिट्स और जल संग्रहण ढांचे बनाए जाएंगे। इसके साथ ही तालाबों और पारंपरिक जलस्रोतों का संरक्षण एवं किनारों पर पौधारोपण अनिवार्य होगा।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीवाड़ा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बारिश के पानी में करंट फैलने से युवक की मौत

## पालिका की स्ट्रीट लाईट पोल में फैले करंट से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मदीना चौक पर बीती देर रात हुई तेज बारिश के चलते सड़क पर कई फुट पानी भर गया, जिससे वहां लगे स्ट्रीट लाइट के पोल में करंट उतरने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। युवक काफी समय तक करंट की चपेट में आकर मौके पर ही पड़ा रहा और लोग लकडी के डंडे से उसे बचाने का प्रयास करते रहे, लेकिन तेज बारिश व जलभराव के कारण आगे जाने की किसी ने हिम्मत नहीं की। लाठी-डंडो से युवक को किसी तरह अलग कर अस्पताल पहुंचाया, तो डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिवार में जहां कोहराम मच गया वहीं क्षेत्र में भी उतरे करंट से दहशत फैल गई। सूचना के बाद पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। परिजनों द्वारा कार्यवाही न कराने की बात कहने पर शव का पंचनामा भरकर उनके सुपुर्द कर दिया गया।

बीती रात चारो ओर वर्षा होने से जलभराव हो रहा था। यहीं हाल मदीना चौक का था, हालांकि यह रास्ता कांवडियों के आवगमन का है जिसके चलते डिवाईडर पर बल्लियां लगाई गई थी बताया जाता है कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मौहल्ला सैफी कॉलौनी निवासी नूर मौहम्मद गत्ता खरीदने व बेचने का काम करता है और उसका सोलह वर्षीय बेटा समद करीब सवा नौ बजे अपने बाल कटाने के बाद अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह कच्ची सडक सौफिया स्कूल के पास पहुंचा तो अचानक वहां बरसात का पानी भरा हुआ था और उसमे करंट उतरा हुआ था। बताया जाता है कि डिवाइडर पर लगे बिजली के खम्भों की वायरिंग शॉर्ट होने के बाद पानी में करंट था। जैसे ही समद डिवाइडर के पास पहुंचा तो तेज करंट ने उसको झकड लिया। इस दौरान कुछ लोग आस पास खडे हुए थे जिन्होने शोर मचा दिया। कुछ समझदार लोग अपने-अपने घरों से लकडी के डंडे लेकर आए और समद को करंट से अलग करने का प्रयास करने लगे। काफी देर बाद युवक को करंट से अलग किया गया और तुरंत ही डायल 112 की गाडी ने इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इस समय तक काफी देर हो चुकी थी। समद मौत की नींद सौ चुका था डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया तो परिजनों में कोहराम मच गया।



हलका फुलका हंगामे व युवक की मौत की खबर सुनकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी घटना स्थल व जिला अस्पताल पहुंचे।

अधिकारियों ने कार्वाही की बात की तो समद के परिजनों ने इससे इंकार कर दिया। समद के परिजनो ने कार्यवाही से तो इंकार कर दिया लेकिन इस वक्त परिजन ही नहीं पूरा मौहल्ला गमगनी रहा। कुल मिलाकर गनीमत यह रही कि मृतक युवक ही इस दौरान यहां से अकेला गुजर रहा था वरना यहां पर कोई बडी घटना हो सकती थी इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता।

# बाइक-कार की भिड़ंत में एक ने जान गंवाई

## मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की घायल पत्नी को पहुंचाया अस्पताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** ग्राम चौकडा मार्ग पर ग्राम मुथरा के रास्ते के निकट बाईक व कार की जोरदार भिड़ंत हो गयी। इसमें बाइक सवार दम्पत्ति घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भिजवाया। जहां चिकित्सक ने बाइक सवार को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना से स्वजन में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गुरुवार की दोहर करीब 1बजे चरथावल थाना-क्षेत्र के गांव कसौली निवासी राजकुमार 55 वर्ष पत्नि कुसुम 58 वर्ष के साथ बाइक द्वारा चरथावल से चौकडा मार्ग से होते हुए गांव कसौली लौट रहा था। जैसे ही ग्राम मुथरा के रास्ते के निकट पहुंचे तभी सामने से तेजगति से आ रही अनियंत्रित कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दम्पत्ति सड़क पर गिरकर गम्भीररूप से घायल हो गये। हादसे की सूचना पर पहुंची कस्बा प्रभारी सुरेन्द्र सिंह ने घायलों को सीएचसी भिजवाया। चिकित्सक ने घायल राजकुमार को मृत घोषित कर दिया। वही घायल महिला को जिला अस्पताल रैफर कर दिया। मौत की सूचना से स्वजन में शोक छा गया। कार को कब्जे व चालक को हिरासत में लिया गया। थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि इस मामले में पीड़ित की ओर से कोई तहरीर नही आई है।

## ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**मुजफ्फरनगर।** गुरूवार की दोपहर सहारनपुर मार्ग ग्राम मलिरा के किनट ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसके घायल साथी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक शहर से अपने गांव कुटेसरा लौट रहा थे। चरथावल थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गांव कुटेसरा निवासी 22 वर्षीय शादाब उर्फ सन्नी पुत्र मुरसलीन उर्फ मुल्ला बाग लेने का काम करता था। गुरूवार की सवेरे वह अपने साथी 21 वर्षीय अरमान पुत्र कय्यूम के साथ जिला अस्पताल आया था। अरमान ऐंबूलेंस चलाता है और वह शादाब उर्फ सन्नी को यहां लाया था। बताया जाता है कि अरमान ऐंबुलेंस मालिक से बात करने के बाद अपने गांव सहारनपुर मार्ग से लौट रहा था। जैसे ही यह लोग नगर कोतवाली की चौकी रोहाना क्षेत्र के गांव मलिरा के निकट पहुंचे, वहीं बेकाबू ट्रक ने उन्हे रौद डाला। बाइक को शादाब उर्फ सन्नी चला रहा था। बताया जाता है कि ट्रक का पहिया सन्नी के सिर पर को उतर गया जिससे मौके पर ही शादाब उर्फ सन्नी की मौत हो गई, जबकि घायल अरमान को जिला अस्पताल पहुंचाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने इस की जानकारी परिवार वालों को दी।

## अब ऑनलाइन बुकिंग से मिलेंगे कृषि यंत्र: असगर

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के किसानों को घर बैठे कृषि यंत्र मुहैया कराने के लिए कृषि विभाग ने 27 जून से 12 जुलाई तक कृषि यन्त्रों की बुकिंग शुरू की है। रो. हाना गन्ना समिति रोहाना कला के उपसभापति असगर मेहंदी ने बताया कि एसएमएएम योजनान्तर्गत यन्त्रो के लक्ष्य जैसे रोटावेटर, पावर आपरेटेड चौफ कटर, कम्बाईन हारवेस्टर विद सुपर एसएमएस, हैरो, कल्टीवेटर, स्ट्रारीपर, किसान ड्रोन, कस्टम हायरिंग सेन्टर ग्रामीण उद्यमी पर 40 प्रतिशत अनुदान और फार्म मशीनरी बैंक एफपीओ के लिए 80 प्रतिशत अनुदान है। उन्होंने बताया कि इसी के साथ इन सीटू योजनान्तर्गत सुपर सीडर, बेलिंग मशीन, आलू खुदाई मशीन,आलू बोने की मशीन सहित अन्य कृषि यंत्रों पर मूल्य का 40 से 50 प्रतिशत अनुदान देय है। जिसके लक्ष्य दर्शन 2.0 पोर्टल पर विकासखण्डवार और जनपदवार दिखाई देंगे।

उन्होंने बताया कि किसान भाई अपने लैपटॉप, डेस्कटॉप, ऐण्ड्रायड मोबाइल अथवा किसी भी जनसेवा केन्द्र के माध्यम से विभागीय पोर्टल 'हतपकंर्तोंद.नच.हवअ.पद पर जाने पर किसान कार्नर के पास यन्त्र बु. कंग प्रारम्भ पर जाने के बाद योजना का चयन कर उपलब्धता जांचे पर जाकर रिपोर्ट टाईप में जाकर जिला व ब्लाक स्लेक्ट करें। इसके पश्चात बुकिंग प्रकार में जाकर लॉटरी पर क्लिक कर कृषि यंत्र को सलेक्ट कर कृषि यन्त्रो की बुकिंग कर लाभ उठा सकते है।

उन्होने कहा कि किसान भाई बुकिंग के दौरान उपयोग होने वाला मोबाइल नम्बर स्वयं का अथवा खून के रिस्ते का ही उपयोग करें।



मुजफ्फरनगर: पुरानी तहसील मार्किट की दुकान में भरे पानी को बाहर निकालते व्यापारी।

# बाइक की साइड लगने से कांवड़ियों का हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बृहस्पतिवार को नगर कोतवाली के सामने बाइक की मामूली साइड लगने से नाराज कांवडियों ने हंगामा करते हुए चालक की पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपी चालक को किसी तरह बचाकर कोतवाली पहुंचाया और हंगामा कर रहे शिवभक्तों को काफी देर तक समझाया। कांवडिये कार्यवाही की बात कहते हुए अपने गंतव्य की ओर चल पडे।

कांवड यात्रा शुरू होते हुए मारपीट और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आने लगी है। शिव चौक पर दोपहर के समय कांवडिए हर-हर, बम-बम की गूंज के बीच कांवडिए भगवान शिव की परिक्रम करने के बाद अपने गंतव्य की तरफ बढ़ रहे थे। इसी बीच आए बाइक पर आए युवक की एक कांवडिए को मामूली साइड लग गई। इस बात से नाराज हुए कांवड़ियों ने बाइक चालक को पकड़ कर पीटना शुरू कर दिया, जिससे हंगामा हो गया। हंगामे को देखकर आस-पास खडे कई दरोगा व पुलिसकर्मी मौके पर पहुचं गए और उन्होने सबसे पहले शिव भक्तों के कब्जे से बाइक चालक को छुडाकर कोतवाली पहुंचाया। भोला का गुस्सा यही शांत नहीं हुआ उन्होने युवक की बाइक को डंडे मारकर तोडना शुरू कर दिया। इस बीच एक पुलिसकर्मी ने बड़ी मशक्कत के बाद बाइक को अलग करते हुए उसको भी कोतवाली पहुंचाया। इसके बाद भोलों ने अपनी पूरी नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि वह इस मामले में कार्यवाही चाहते है।

पुलिस ने शिव भक्तों को बाइक चालक के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया। इसके बाद ही मामला शांत हुआ। सीओ सिटी राजू साव ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज को खंगालकर पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

## ट्रक की टक्कर से ट्रेक्टर-ट्रॉले में सवार पांच शिवभक्त घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी के बिलासपुर कट के पास से कांवड़ियों के खड़े ट्रैक्टर ट्रॉले में ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें पांच शिव भक्त घायल हो गए। उत्तेजित कांवड़ियों ने हंगामा कर रास्ता जाम करने का भी प्रयास किया। बाद में पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर शिव भक्तों को शांत किया।

मोदीनगर निवासी रजत पुत्र लीलू, अजय पुत्र राकेश, कुलदीप पुत्र रतनसिंह, जयप्रकाश पुत्र रामलाल और मुस्लिम भोला फरदीन पुत्र इलियास अपने 25 साथियों के साथ कांवड़ लेने के लिए जा रहे थे। बृहस्पतिवार सुबह चार बजे के करीब शिव भक्तों ने चाय पीने के लिए ट्रैक्टर ट्रॉले को बिलासपुर कट के पास खड़ा कर लिया था। यह पांचों शिव भक्त तो ट्रैक्टर ट्रॉले पर बैठे रह गए, जबकि उनके साथी पास के ढाबे पर चले गए। इसी दौरान पीछे से आए ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉले में टक्कर मार दी। हादसे में पांचों शिव भक्त घायल हो गए। इनमें रजत, अजय और कुलदीप की हालत गंभीर होने के कारण मोदीनगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे से उत्तेजित शिव भक्तों ने हंगामा करते हुए रास्ता जाम लगाने का प्रयास किया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शिवभक्तों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया। सीओ मंडी रूपाली राव ने बताया कि पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया। इस मामले में तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बारिश से टापू बना शहर, दुकान-घरों में भरा पानी

## चारों ओर जलभराव से आक्रोशित लोगों ने मंत्री अनिल व विधायक मिथलेश को घेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बुधवार की शाम हुई मूसलाधार बारिश ने शहर से लेकर देहात तक के मोहल्ले और गालियां टापू बन गए जल भराव से परेशान लोग घंटे तक अपने घरों से पानी निकालने में लग रहे। बदहाल स्थिति को लेकर लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। इस दौरान रामल. ीला टिल्ला से निकलने वाली महाराज दक्ष प्रजा. पति की जयंती के कार्यक्रम को भी लोगों ने रोक दिया और शोभायात्रा के मार्ग में सड़क पर आकर जाम लगा दिया। सैंकड़ों महिला और पुरुषों ने जलभराव के कारण हो रही परेशानी, घरों और दुकानों में भरे गन्दे पानी और इस कारण हुए नुकसान को लेकर रोष जताया तथा जीवन को दयनीय बनाने के आरोप भी लगाये। जाम की सूचना पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रीय सभासदों को भी लोगों के भारी आक्रोश का सामना करना पड़ा। घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही।

दरअसल बुधवार की शाम हुई झमाझम बारिश से चारों ओर जल भराव की स्थिति बनी रही अभी लोग जल भराव से निपट भी नहीं पाए थे कि देर रात तक हुई भयंकर बरसात ने जन जीवन को बुरी तरह से प्रभावित किया। ऐसे में पूरे शहर में जलभराव से लोग परेशान नजर आये। कई क्षेत्रों में बारिश का पानी घरों में जा भरने से पूरी रात लोगों को जागकर काटनी पडी। ऐसे में शहर के रामलीला टिल्ला व हनुमान पुरी क्षेत्र में लोगों भारी आक्रोश नजर आया। सुबह ही ये लोग जलभराव के कारण बनी समस्याओं को लेकर सड़क पर उतर आये। रामलीला टिल्ला रोड पर लोगों ने बीच सड़क ही तख्त और अन्य सामाज बिछाकर वहां पर यातायात बंद करा दिया और प्रदर्शन शुरू कर दिया। इन प्रदर्शनकारियों में महिलाओं की संख्या अधिक रही। इस बीच इनके बीच पहुंचे क्षेत्रीय सभासद अर्जुन प्रजापति ने लोगों को बताया कि आज महाराजा दक्ष प्रजापति की शोभायात्रा निकाली जा रही है, जाम खोल दें लेकिन लोगों ने शोभायात्रा निकालने की बात भी जाम नहीं खोला और सभासद से भी लोगों की कहासुनी हुई, शोभायात्रा समिति के पदाधिका. रियों ने भी आकर मामला संभालने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी सड़क से नहीं हटे। हंगामे की सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। लोगों ने पुलिस का भी विरोध किया। इसी बीच दक्ष प्रजापति शोभायात्रा समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार और मीरापुर विधानसभा से विधायक मिथलेश पाल भी वहां पहुंची तो लोगों ने दोनों का घेराव कर दिया और कार्यक्रम स्थल तक भी नहीं जाने दिया। मंत्री अनिल कुमार को लोगों ने अपनी समस्या बताई तो उन्होंने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया और यह क्षेत्र उनकी विधानसभा पुरकाजी का नहीं, बल्कि मंत्री कपिल देव की विधानसभा का हिस्सा है। वहीं विधायक मिथलेश पाल ने मीडिया कर्मियों से बताया कि वो आज यहां पर दक्ष प्रजापति महाराज की शोभायात्रा समारोह में अतिथि के रूप में आई थीं, लेकिन यहां पर महिला और पुरुषों के द्वारा जलभराव की समस्या को लेकर प्रदर्शन की जानकारी मिली। लोगों ने उनको यहीं पर रोक लिया और महिलाओं ने अपनी समस्या से अवगत कराया। घरों में ले जाकर दिखाया कि बारिश के बाद कितना पानी अभी तक भी उनके घरों में भरा हुआ है, दुकानों में पानी है। सामान भी खराब हो रहा है। लोगों की यह समस्या वास्तविक है, समाधान के लिए हमने नगरपालि. का अध्यक्ष से भी बात की है। प्रशासन को भी अवगत कराया गया है। लोगों को शांत कराने का काम किया है। समाधान कराया जायेगा। इसके बाद भी लोग अपने प्रदर्शन पर अड़े रहे। महिलाओं ने मिथलेश पाल को अपने साथ घरों में ले जाकर भरा पानी भी दिखाया।






रामलीला टिल्ला पर जलभराव से परेशान लोगों ने विधायक मिथलेश पाल को घेरा।

# भगवान दक्ष प्रजापति की शोभायात्रा निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भगवान दक्ष प्रजापति सेवा समिति के द्वारा भगवान दक्ष प्रजापति का जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर गुरूवार को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें धार्मिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

भगवान दक्ष प्रजापति की शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने रामलीला टिला से हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि सभी समाज के बंधु अपने महापुरुषों के बारे में पढ़े समझे और उनके बताए हुए मार्ग पर चले, समाज के बंधु समाज में प्राचीन काल से चलीं रही कुरीतियों को दूर कर समाज को सामाजिक क्षेत्र में पहचान दिलाने के लिए पूर्ण मनोयोग से कार्य करना चाहिए। राजनीतिक क्षेत्र में समाज को आगे ले जाने के लिए भी पूर्ण मनोयोग से कार्य करना चाहिए, हर जिले में राजनीतिक क्षेत्र में समाज की पहचान होनी चाहिए। इसके लिए भी काम करना चाहिए। शोभायात्रा शहर के चुंगी नम्बर दो, आबकारी रोड, भगत सिंह रोड, शिवचौक, झांसी की रानी, टाउन हाल, मालवीय चौक, अंसारी रोड होते हुए वापस रामलीला टिला पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में भव्य रथों पर झांकियों ने सभी का मन मोहा। मन को लुभाने वाली 20 झांकियां और आठ बैंड शोभायात्रा में शामिल रहे। शोभायात्रा के मार्ग पर प्रजापति समाज के लोगों द्वारा कई स्थानों पर भण्डारा किया गया और शरबत तथा अन्य खाद्य सामग्री का भी वितरण हुआ। पुष्प वर्षा के साथ शोभायात्रा का स्वागत हुआ। झांकियों ने सभी का मन मोहा। रामलीला टीला पर मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कमेटी के अध्यक्ष संजीव संगम, आकाशदीप, अनुराग, सिद्धार्थ, विनायक, सभासद अर्जुन प्रजापति, वेदप्रकाश, धारा सिंह, लोकेश, इंद्रपाल, विपिन कुमार, निर्वेश, सुरेंद्र शंकर, राजकुमार, रामपाल सिंह, उदयपाल, मनीष, मिंकू, शुभम, सचिन प्रजापति, कृष्णपाल प्रजापति, विशाल प्रजापति, भूपेंद्र, पंकज राशनिया, रामनिवास आदि रहे।

## युवती की हत्या में एक को उम्र कैद व जुर्माने की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** छह वर्ष पूर्व गोली मारकर युवती की गई हत्या के सनसनी खेज मामले में आरोप सिद्ध होने पर युवक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। आरोपी पर 25 हजार रूपयें का जुर्माना भी किया गया। अभियोजन के अनुसार 22 अप्रैल 2019 को भोपा थाना क्षेत्र के गांव बहुपुरा निवासी तेजपाल पुत्र सुखपाल सिंह ने थाने में तहरीर देते हुए बताया था कि अमित पुत्र विरेन्द्र ने उसकी बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। पुलिस ने इस मामले को धारा 302 आईपीसी के तहत दर्ज कर लिया था। पुलिस ने 23 अप्रैल 2019 को आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद करते हुए जेल भेज दिया था। इसमें 3/25 शस्त्र अधिनियम की धारा की बढ़ोत्तरी की गई थी और 17 जुलाई 2019 को विवेचना पूर्ण करते हुए विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। यह मामला एडीजे एफटीसी द्वितीय के यहां विचाराधीन था। पीठासीन अधिकारी नेहा गर्ग के समक्ष इस घटना से संबंधित कुछ सबूत व गवाह पेश किए गए दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं ने कोर्ट में अपनी-अपनी दलीले भी पेश की। कोर्ट ने सबूत व गवाहों के आधार पर अमित को दोषी पाया और उसको आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने उस पर 25 हजार रूपयें का जुर्माना भी किया है।



मुजफ्फरनगर: रामलीला टिल्ले पर दक्ष प्रजापति यात्रा का शुभारंभ करते समाज के लोग।



# आत्मदाह व धर्म परिवर्तन की चेतावनी से प्रशासन में मचा हड़कंप

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** तहसील खतौली क्षेत्र के ग्राम बड़सू निवासी कंवरपाल पुत्र स्वर्गीय सरजीत, जो कि 100 प्रतिशत नेत्रहीन हैं, ने तहसील प्रशासन और कुछ स्थानीय व्यक्तियों पर संगठित तरीके से जमीन हड़पने का आरोप लगाया है।

कंवरपाल ने न्याय न मिलने की स्थिति में अपने पूरे परिवार सहित आत्मदाह और धर्म परिवर्तन करने की चेतावनी दी है। इस चेतावनी के बाद प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया है। कंवरपाल ने इस धोखाधड़ी के खिलाफ विधिक लड़ाई शुरू करते हुए तहसील खतौली में दाखिल–खारिज निरस्तीकरण हेतु वाद संख्या 235टी/2024 और सिविल न्यायालय मुजफ्फरनगर में वाद संख्या 28/2025 दाखिल किए। उन्होंने दोनों मामलों से संबंधित दस्तावेज तहसील प्रशासन को भी सौंपे।




### फर्जी गवाह और तहसील प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप

सौराज पुत्र धनसिंहरू कंवरपाल का दावा है कि यह व्यक्ति ग्राम बड़सू में रहता ही नहीं है। बलजोरा पुत्र सुक्कारू कथित गवाह बलजोरा ने स्वयं यह बयान दिया है कि न तो उससे तहसील के किसी भी अधिकारी ने संपर्क किया और न ही वह कभी कंवरपाल के घर गया। इससे यह प्रतीत होता है कि तहसील प्रशासन और भू–माफियाओं के बीच मिलीभगत से यह पूरा फर्जीवाड़ा अंजाम दिया गया है।

## धरना प्रदर्शन और चेतावनी से प्रशासन में हड़कंप

**खतौली।** बुधवार को कंवरपाल अपने परिवार सहित तहसील परिसर में धरने पर बैठ गए और उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं की गई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वह और उनका परिवार आत्मदाह व धर्म परिवर्तन जैसे कठोर कदम उठाने को विवश होंगे।उन्होंने यह भी मांग की दोनों कथित गवाहों की स्वतंत्र जांच कराई जाए, ग्राम प्रधान जयपाल सिंह से इस संदर्भ में साक्ष्य आधारित रिपोर्ट मंगाई जाए, और तहसीलदार सतीश चंद बघेल तथा प्रकरण में शामिल अन्य अधिकारियों पर उच्चस्तरीय जांच बैठाई जाए।

## फर्जीवाड़े का आरोप, अंधविश्वास और छल की कहानी

कंवरपाल का कहना है कि उन्होंने वर्ष 2022 में आर्थिक तंगी के चलते सिकन्दरपुर कला निवासी राजीव पुत्र भरत से दो लाख रुपये ब्याज पर लिए थे। उसी दौरान राजीव ने उन्हें कुछ दस्तावेजों पर अंगूठा लगाने को कहा। नेत्रहीन होने के कारण कंवरपाल को यह जानकारी नहीं थी कि वे किन कागजों पर हस्ताक्षर अथवा अंगूठा लगा रहे हैं। उन्हें यह कहा गया कि यह दस्तावेज ;ण से संबंधित हैं। कुछ समय बाद कंवरपाल को पता चला कि उक्त लोगों राजीव पुत्र भरत, राजेन्द्र पुत्र सरजीत द्धग्राम बड़सूत्र और राजकुमार पुत्र रतनलाल द्धनिवासी देहरादून, उत्तराखंडत्र ने साजिश के तहत उनके नाम से पांच बीघा जमीन का फर्जी बैनामा करा लिया और उनके नाम पर एक बैंक खाता खुलवाकर उसमें तीस लाख रुपये का लेन–देन किया गया, जिसका संचालन खुद उन्हीं आरोपियों द्वारा किया गया। हालांकि कंवरपाल का आरोप है कि सभी दस्तावेज सौंपने के बावजूद तहसीलदार सतीश चंद बघेल ने कथित रूप से विपक्षी पक्ष को लाभ पहुंचाने हेतु मनमानी की। उन्होंने फर्जी गवाहों की रिपोर्ट के आधार पर विवादित भूमि को विपक्षी पक्ष के नाम दाखिल–खारिज कर दिया।

### प्रशासन में मची हलचल, निगाहें अगली कार्रवाई पर

इस पूरे प्रकरण से तहसील प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एक नेत्रहीन व्यक्ति के साथ इस प्रकार का धोखा और बाद में प्रशासन द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर फैसला देना, न केवल नैतिकता पर सवाल उठाता है बल्कि कानून व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है। अब सभी की निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं कि क्या पीड़ित को न्याय मिलेगा या मामला सिर्फ जांच तक सिमटकर रह जाएगा। वही दूसरी और धरना प्रदर्शन के बाद एसडीएम राजुकमार सिंह और तहसीलदार सतीश बघेल द्वारा कार्रवाई करते हुय पीड़ित नेत्रहीन कंवरपाल की जमीन को खतौनी में दर्ज कर दिया गया खतौनी में जमीन दर्ज होने के बाद पीड़ित के परिवार द्वारा धरना समाप्त कर दिया गया अधिकारियों के द्वारा की गई कार्रवाई के बाद पीड़ित परिवार खुशी से झूम उठा था।

## बेलड़ा गंग नहर में डूबे युवक का शव सप्ताह बाद मिला

**भोपा।** सप्ताह पूर्व बेलड़ा गंग नहर मे कूद कर जान देने वाले मजदूर ग्रामीण का शव चितोडा झाल से बरामद हुआ है।परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इनकार करते हुए मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलड़ा निवासी परशुराम 41 वर्ष बीते चार जुलाई की देर शाम गांव स्थित बस स्टेण्ड पर मौजूद था की अचानक वह गंग नहर पुल की ओर दौड़ा ओर तुरंत ही पुल से गंग नहर मे छलांग लगा दी।ग्रामीणों व परिजनों द्वारा परशुराम के शव की तलाश की जा रही थी। गुरुवार को मृतक का शव सिखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव चितोडा नहर झाल से बरामद हुआ। शिनाख्त के बाद परिजन शव को ले आये।परशुराम की मौत से परिवार मे मातम छा गया है। मृतक अपने पीछे पत्नी सुनीता के अलावा पुत्र आकाश व दीपक तथा पुत्री चांदनी,निधि,तथा शालू को छोड़ गया।

## पुलिस ने जगह जगह बनाए पीआरवी पाइंट

**बुढ़ाना।** कोतवाली क्षेत्रा में बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में बुढ़ाना पुलिस ने जगह जगह पर पीआरवी यानि कि पुलिस रिस्पांस व्हीकल पाइंट बनाए। मिली जानकारी के अनुसार कांवड़ यात्राा के मद्देनजर बुढ़ाना पुलिस के द्वारा आज बृहस्पतिवार के दिन पीआरवी पुलिस रिस्पांस व्हीकल पक्ष्इंट बनाए गये। ये पाइंट यह सुनिश्चित करने के लिए बनाए गये है कि यात्राा के दौरान यात्रियों को तत्काल सहायता मिल सके। इस दौरानघ् यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर पीआरवी पक्ष्इंट स्थापित किए गये। इन पक्ष्इंट्स पर पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे जो यात्रियों को किसी भी प्रकार की सहायता प्रदान करेंगे जैसे कि चिकित्सा सहायता, खोए हुए सामान की तलाश या अन्य आपातकालीन स्थितियां आदि हैं। पीआरवी पक्ष्इंट यातायात प्रबंधन में भी मदद करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि यात्राा सुचारू रूप से चले। यह कदम कांवड़ यात्राा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है ताकि वे सुरक्षित रूप से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। इसके अलावा पुलिस ने सैंकडो डिजिटल वालंटियर को भी सक्रिय किया है जो यात्रियों की मदद करेंगे और असामाजिक तत्वों पर नजर रखेंगे। इस दौरान सब इंस्पेक्टर आदेशघ् यादव और हैड कांस्टेबल राजेंद्र कुमार आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## बेलड़ा में कांवड़ सेवा शिविर का हुआ शुभारम्भ

**भोपा।** गंग नहर पटरी से गुजरने वाले काँवाडियों की निरूशुल्क सेवा के लिये बेलड़ा मे ग्रामीणों द्वारा काँवड सेवा शिविर लगाया गया है। जिसका शुभारम्भ गणमान्यों द्वारा फीता काटकर किया गया।भोपा क्षेत्र के गांव बेलड़ा मे सिंचाई विभाग के कार्यालय के पास काँवड सेवा शिविर का शुभारम्भ के पूर्व हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। बबलू शर्मा ने मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ सम्पन्न कराया यज्ञमान के रूप मे पप्पू सैनी रहे। तथा मा. केन्द्रपाल, मा. सुरेन्द्र, नरेश प्रधान, संजय प्रधान, सोहनवीर सिंह,मोहन, गुलवीर, पवन, सोनू, मिन्टू, अरुण, बिन्नू,धर्मवीर सिंह,प्रेम सिंह, कुलदीप,राजीव आदि ने हवन मे आहुति प्रदान की। वहीं हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर पहुंचे काँवड़ियों का शिविर मे स्वागत किया गया।हरियाणा, राजस्थान से आये शिवभक्तों ने भगवान शिव शंकर जय जयकार कर शिविर मे विश्राम किया।

## केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी से मिली रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी

**बुढ़ाना।** राष्ट्रीय लोकदल के महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव अनुपमा चौधरी आज अपने पति और अन्य समर्थकों के साथ दिल्ली जाकर केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोकदल के सुप्रीमो चौधरी जयंत सिंह से मिली। पहले तो उनकोघ् बुके बैंक की गयी और उसके बाद यादगार के लिए फोटो खींचे गये। इसके बाद जलपान हुआ। जिसमें अनुपमा चौधरी ने चौधरी जयंत सिंह के समक्ष बुढ़ाना कस्बे में लड़कियों के लिए एक डिग्री कालेज की मांग की ताकि लड़कियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर ना जाना पड़े। जिस पर केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह ने रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी को आश्वासन देते हुए कहा कि वे इस बार उनको ये सब लिखित रूप में दें ताकि कालेज बनने की प्रक्रिया शुरु की जा सके। जिसके लिए रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी ने चौधरी जयंत का आभार जताया और उनको बुढ़ाना आने का भी निमंत्रण दिया। रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी ने केंद्रीय मंत्री को ये भी बताया कि वे रालोद में हर वर्ग की महिलाओं का जोड़ने का काम कर रही हैं। इस दौरान चौधरी जयंत से मिलने वालों में संजीव पंवार, सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर रामछेल राठी, शशिकांत राणा, दीपक सहरावत, विक्रांत चौधरी और आचार्य जी के अलावा अन्य रालोद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आनंद भवन में क्रांति सेना, शिवसेना के कांवड़ शिविर का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** उद्घाटन अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी देवराज पवार ने कहा ललित मोहन शर्मा के सानिध्य में शिवसेना का गति 31 वर्षों से लग रहा है नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एमद्धकेद्धतनेजा घ्के उच्चारण के साथ शिविर का शुभारंभ कराया, कावड़ शिविर की विशिष्ट अतिथि कुशपुरी ने कहा कि इस दौरान अज्ञानतावश कांवड़ियों के द्वारा हो रही लड़ाई झगड़े की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण है, क्रांति सेना संस्थापक वह पश्चिम उत्तर प्रदेश शिवसेना प्रमुख ललित मोहन शर्मा ने कावड़ शिविर लगाने में आयोजकों को आ रही समस्या के विषय में कहा कि शासन प्रशासन की ओर से सामान्य सुविधा भी उपलब्ध नहीं हो पा रही है, क्रांति सेना महासचिव संजीव शंकर ने कहा कि कावड़ शिविर एक बड़ा अनुष्ठान है जिसमें कोई किसी भी प्रकार सेवा कर सकता है शिविर के उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि त्रिलोचन सिंह गंभीर, उपेंद्र भारद्वाज, पूर्व सभासद संजय सक्सेना, प्रमोद अग्रवाल,अभी करणवाल अपने संबोधन किया। सुबह के क्षेत्र में राज्य प्रमुख ललित मोहन शर्मा की संजीव शंकर ने यज्ञ संपन्न कराया कार्यक्रम की अध्यक्षता एमद्ध डीद्ध शर्मा व संचालन शरद कपूर ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शिवसेना जिला प्रभारी आनंद प्रकाश गोयल,शिवसेना जिला अध्यक्ष बिटू सिखेड़ा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम चौध,री क्रांति सेना जिला अध्यक्ष मुकेश त्यागी, महानगर उपाध्यक्ष उज्ज्वल पंडित कार्यालय प्रभारी शैलेंद्र बिवकर्मा अमित शर्मा बॉबी युवा शिवसेना जिला अध्यक्ष



हेमंत शर्मा, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, श्रीमती शालू चौधरी, अनीता चौधरी, कंचन बाटला ,राखी प्रजापति, मोनिका प्रजापति, रानी चौधरी, दीपा रानी, अनोखी दुबे, प्रेम कुमार कश्यप अभिषेक शर्मा बृजपाल कश्यप से अंदर कश्यप ललित रोहिल्ला, अभिषेक शर्मा, शैलेंद्र बिवकर्मा, अमित गुप्ता, नरेंद्र ठाकुर, राजन वर्मा, बबलू ठाकुर, राधेश्याम, शशि,सोनू कश्यप इत्यादि उपस्थित रहे।

## नसीरपुर के गोगा म्हाड़ी मंदिर में चोरी से ग्रामीणों में आक्रोश

**तितावी।** तितावी थाना क्षेत्र के गांव नसीरपुर में गोगाम्हाडी का मंदिर है। गत दिवस असामाजिक तत्व ने मंदिर के दानपात्र में रखे पांच हजार रुपये की नकदी व मंदिर लगी दीवार घड़ी चोरी कर ली। प्रात: जब गांववासी मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए गए तो वहां मंदिर दानपात्र खाली पड़ा था तथा दीवार घड़ी भी गायब थी। मंदिर में चोरी होने की सूचना गांव में फैल गई।काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए और रोष प्रकट किया। सूचना पाकर तितावी पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मांग के अनुसार कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चोरी की वारदात देने के आरोप में राजकुमार पुत्र बलजोरा निवासी अलीपुरकलां को गिरफ्तार कर लिया।

## फुल एक्शन में दिखे नगर पंचायत के ईओ.....

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन आज बृहस्पतिवार के दिन नगर पंचायत के अन्य अधिकारी और कर्मचारियों के साथ पैदल ही सड़कों पर उतरे और फुल एक्शन में दिखे। अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन द्वारा जहां एक और कस्बे की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया वहीं पर उन्होंने कड़ा रूख अपनाते हुए अतिक्रमण करने वालों और सड़क पर गन्दगी फैलाने वालों को भी आड़े हाथों लेते हुए उन पर जुर्माना भी लगाया। इस दौरान अन्य कई पडोसी दुकानदारों में जबरदस्त हड़कंप मच गया और वे सड़कों से अपना सामान दुकान के अंदर डालते दिखे।

मिली जानकारी के अनुसार यूपी शासन से प्राप्त निर्देशो के क्रम में बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन नगर द्वारा कर्मचारियों की टीम गठित करते हुए



पुलिस प्रशासन के सहयोग से नगर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए सडक किनारे गन्दगी फैलाने वालों, पॉलीथीन का उपयोग करने वालों व सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण करने वालों से 7.50 किलोग्राम पॉलीथीन जब्त करते हुए कुल 14 हजार 700 रूपये का जुर्माना हाथों हाथ वसूल किया गया। मुख्य मार्गो पर रेहडी पटरी वालों को सडक पर खींची गई पीली पटी के पीछे रहने के निर्देश दिये गये। अभियान में मुख्य रूप से सुधीर कुमार, सुमित शर्मा और शाहआलम सहित नगर पंचायत कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बुढ़ाना में भी आए भूकंप के झटके

**मुजफ्फरनगर/बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार की सुबह 9 बजकर 6 मिनट पर कई लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए। भूकंप आने की खबर पर लोग हिल गये। भूकंप की पहली सूचना अधिवक्ता नूर आलम मंसूरी से मिली। उन्होंने बताया कि कस्बे मे सुबह 9:06 बजे भूकंप आया। इस खबर की पुष्टी नगरीय पीएचसी प्रभारी डाक्टर सोनू कश्यप ने की। बसपा नेता प्रवेश जाटव ने कहा कि कस्बे में बहुत तेज भूकंप आया। बार एसोसिएशन महासचिव ओमपाल सिंह ने कहा 9:04 बजे भूकंप की तीव्रता 4 रिएक्टर थी। एआईएमआईएम नेता आज़म फारुखी ने कहा बिल्कुल सही मुझे भी महसूस हुआ।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम पहले **नाजिया (NAJIYA)** व पति का नाम **शाहनवाज (SHAHNAWAJ)** था जो अब बदल कर मेरा नाम **नाज़िया (NAZIYA)** व पति का नाम **(SHAHNAWAZ)** कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे **नाज़िया (NAZIYA)** के नाम से पत्नी **शाहनवाज (SHAHNAWAZ)** के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**नाज़िया पत्नी शाहनवाज,**
निवासी 1010, कुंगर पट्टी, सूजडू, मुजफ्फरनगर।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरी छोटी पुत्री गुलनाज मेरे व परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गुलनाज ने परिवार की मर्जी के खिलाफ अपनी मर्जी से प्रेम प्रसंग के चलते साहिल पुत्र शहीद निवासी मौहल्ला आलमनगर चरथावल देहात के साथ निकाह कर लिया है। जिससे समाज में परिवार की बदनामी हो रही है इसलिए मैने गुलनाज को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद कर लिए हैं। अब मेरा व परिवार के सदस्यों का उससे कोई मतलब वास्ता नहीं रहा है भविष्य में गुलनाज कोई भी कृत्य करती है तो उसकी जिम्मेदार वह स्वंय होगी। मेरी व परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**श्रीमति रिहाना पत्नि स्व. सलीम हाल निवासी मौहल्ला आलमनगर चरथावल देहात थाना चरथावल जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरे पुत्र के आधार नबंर 676398584953 मे गलती से नाम अवि व जन्मतिथि 19.05.2010 हो गया है जबकि मेरे पुत्र का नाम अवि चौधरी व जन्मतिथि 19.05.2009 है जो की सही है।

**सुबोध कुमार पुत्र चन्द्रपाल सिंह मौहल्ला – नेहरू चौक कस्बा भोकरहेड़ी, मुज़फ्फरनगर**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मीरापुर कार्यालय के भवन कर डिमान्ड रजिस्टर में वार्ड सं. 05 में भवन स. 5/230 पर विकास शारदा पुत्र प्रमोद कुमार शारदा का नाम दर्ज है। उक्त मकान में अपना नाम दर्ज कराने हेतु श्रीमती रुबी अग्रवाल पत्नी विनय गुप्ता मौहल्ला नवाब पट्टी मीरापुर जिला मु.नगर ने एक प्रार्थना पत्र मय बैनामे के कार्यालय नगर पंचायत मीरापुर में प्रस्तुत किया है। इस सम्बंध में यदि किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में साक्ष्य सहित विज्ञापन प्रकाशित होने के 35 दिवस के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत मीरापुर में प्रस्तुत करे। नियत अवधि के पश्चात किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। **अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मीरापुर,मु.नगर**

समन वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा। व 5)
**न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी खतौली, जिला मु0नगर**
वाद सं0 T 202509550600094 सन
1. राजपाल, 2. विरेन्द्र कुमार पुत्रगण मनीराम, निवासीगण ग्राम उमरपुर लिसौडा परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर ..................
....**प्रार्थीगण/वादीगण**
**बनाम**
1. देवदत्त, 2. विजयपाल, 3. श्रीपाल 4.राजकरण पुत्रगण मनीराम, निवासीगण ग्राम उमरपुर लिसौडा परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। 5. ग्राम सभा उमरपुर लिसौडा द्वारा ग्राम प्रधान उमरपुर लिसौडा परगना व तहसील खतौली जिला मु0नगर। 6. गांव सभा खानजहांपुर द्वारा प्रधान खानजहांपुर परगना व तहसील खतौली जनपद मुजफ्फरनगर।....... **प्रतिवादीगण** अन्तर्गत धारा 116 उ0प्र0रा0सं0 2006 ग्राम उमरपुर लिसौडा परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर

हरगाह मिनजानिब वादीगण ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 01/08/2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसको शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबी देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 09/07/2025 जारी किया गया।
**उप जिलाधिकारी खतौली**

समन वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) **न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी खतौली, जिला मु.नगर** वाद सं0 T– 202409550604772 सन 2024 **सत्यपाल पुत्र भूलेराम** निवासी ग्राम उमरपुर लिसौडा परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। ...**प्रार्थी/वादी**

**बनाम** 1. रामपाल पुत्र बदलू 2. सत्यवीर पुत्र भूलेराम 3. शिवकुमार पुत्र प्रभूदयाल 4. श्रीमती ब्रहमवती पत्नी प्रभू दयाल 5. श्रीमती मुकेश पत्नी स्व. सुखपाल निवासीगण ग्राम उमरपुर लिसौडा परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। 6. ग्राम सभा उमरपुर लिसौडा द्वारा **ग्राम प्रधान उमरपुर लिसौडा** परगना व तहसील खतौली जिला मु. नगर।

...**प्रतिवादीगण** अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र.रा.सं. 2006 ग्राम उमरपुर लिसौडा परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर।

हरगाह मिनजानिब वादीगण ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 26.07.2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसको शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबी देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बवक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 09.7.2025 जारी किया गया। **उप जिलाधिकारी खतौली**

समन वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) **न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी खतौली, जिला मु.नगर** वाद सं. T–202409550604773 सन 2024

**सत्यपाल पुत्र भूलेराम** निवासी ग्राम उमरपुर लिसौडा परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। ...**प्रार्थी/वादी**

**बनाम** 1. सत्यवीर पुत्र भूलेराम 2. रामपाल पुत्र बदलू 3. शिवकुमार पुत्रा प्रभूदयाल 4. श्रीमती ब्रहमवती पत्नी प्रभू दयाल 5. सुरेन्द्र सिंह पुत्र कृपाल सिंह 6. श्रीमती मुकेश पत्नी स्व. सुखपाल निवासीगण ग्राम उमरपुर लिसौडा परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। 7. श्रीमती प्रीति पत्नी विपिन कुमार 8. श्रीमती अंजली पत्नी दिनेश कुमार निवासीगण ग्राम अमीनगर उर्फ भूड बराल तहसील व जिला मेरठ। 9. ग्राम सभा उमरपुर लिसौडा द्वारा **ग्राम प्रधान उमरपुर लिसौडा** परगना व तहसील खतौली जिला मु. नगर।

. **प्रतिवादीगण** अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र.रा.सं. 2006 ग्राम उमरपुर लिसौडा परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर

हरगाह मिनजानिब वादीगण ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 28.07.2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसको शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबी देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बवक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 09.7.2025 जारी किया गया। **उप जिलाधिकारी खतौली**

समन वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) **न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी खतौली, जिला मु.नगर** वाद सं. T 202409550602515 सन 1. ब्रिजेश 2. बिजेन्द्र 3. राजेश पुत्रगण अमीचन्द निवासीगण ग्राम टबिटा परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर।..**प्रार्थीगण/वादीगण** बनाम 1.धर्मपाल पुत्र धूम सिंह निवासी ग्राम टबिट्टा परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। 2. जयपाल पुत्र काले सिंह 3. कर्मवीर 4. जसवीर 5. जयप्रकाश उर्फ नन्दू 6. विरेन्द्र सिंह पुत्रगण कृपाराम 7. श्रीमती सरस्वती पत्नी कृपाराम 8. वेदप्रिय 9. विवेक पुत्रगण सत्यवीर 10. कु. दीपा पुत्री सत्यवीर 11. मु. बालेशरी पत्नी सत्यवीर 12. विपिन कुमार पुत्रगण चमन सिंह 13. अरविन्द कुमार पुत्रगण चमन सिंह 14. मु. विमलेश पत्नी चमन सिंह 15. आकाश 16. जितिन पुत्रगण प्रवीण 17. मु. कुसुम पत्नी प्रवीण 18. जयकरण 19. राजवीर पुत्रगण महेन्द्र 20. दीपक पुत्र राजकरण 21. मितलेश पत्नी राजकरण निवासीगण ग्राम टिटौडा परगना व तहसील खतौली जिला–मु. नगर 22. इन्दर 23. श्रीचन्द 24.राकेश 25. प्रवीन पुत्रगण चेतन 26. सोनू 27. आकाश 28.मोहित पुत्रगण विक्रम 29. ऊषा पत्नी विक्रम 30. कृष्णपाल पुत्र रोशन 31.सागर 32. राजन पुत्रगण बालेश्वर 33.मु. सुमन पत्नी रोशन 34. मु. ओमवती पत्नी रोशन 35. सहदेव पुत्र जनेश्वर 36. मु. सरला पत्नी जनेश्वर 37.धर्मपाल पुत्र धूमसिंह 38.सुरेन्द्र 39. मेनपाल पुत्रगण दुलीचन्द 40.रवि 41. वीर सिंह पुत्रगण सोमपाल निवासीगण ग्राम टबिट्टा परगना व तहसील खतौली जिला–मुजफ्फरनगर 42. ग्राम सभा टबिट्टा/मढकरीमपुर द्वारा ग्राम प्रधान टबिट्टा/मढकरीमपुर परगना व तहसील खतौली जिला मु. नगर। 43. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कलेक्टर, मुजफ्फरनगर। ...**प्रतिवादीगण** अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र.रा.सं. 2006 ग्राम टबिट्टा परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। हरगाह मिनजानिब वादीगण ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 28.07.2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसको शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबी देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बवक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 09.7.2025 जारी किया गया। **उप जिलाधिकारी खतौली**

**नाम परिवर्तन**

मेरी पुत्री वैष्णवी सिंह (VAISHNAVI S INGH) के जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण सं0 – B2019990020006498 दिनांक 19.03.2025 में गलती से मेरा नाम रिचा सिंह अंकित करा दिया गया था जबकि मेरा वास्तविक नाम रिचा रानी (RICHA RANI) है और भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धीकरण हेतू सम्बन्धित विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है।

**रिचा रानी पत्नी स्व.विक्रान्त सिंह निवासी 1609, रूडकी रोड, जनकपुरी, तहसील सदर जिला–मुजफ्फरनगर**

# कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करने पहुंचीं विद्युत विभाग की एमडी ईशा दुहन

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** सावन माह के पावन अवसर पर लाखों की संख्या में हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों की सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। बुधवार को खतौली में उत्तर प्रदेश विद्युत निगम की प्रबंध निदेशक द्धएमडीत्र ईशा दुहन एवं एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ ने कांवड़ मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों वरिष्ठ महिला अधिकारियों ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए और व्यवस्थाओं में लापरवाही न बरतने की सख्त चेतावनी दी।

## बिजली व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा

एमडी ईशा दुहन ने सबसे पहले खतौली के भैंसी कट, गंगनहर पटरी मार्ग और जीटी रोड पर लगे विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर और केबिल व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से आपूर्ति व्यवस्था की जानकारी लेते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान विद्युत आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा न आए, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आदेश दिए कि यात्रा मार्गों पर खराब ट्रांसफॉर्मरों को तत्काल बदला जाए, झूलती तारों को हटाया जाए, सभी लाइनों की सुरक्षा जांच कर ली जाए और कंट्रोल रूम को 24 घंटे सक्रिय रखा जाए। साथ ही उन्होंने यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अस्थायी विद्युत कनेक्शनों की निगरानी और प्रमाणिकता जांचने को भी कहा।

## गंगनहर पटरी मार्ग पर सुरक्षा इंतजामों का लिया जायजा

एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ ने गंगनहर पटरी मार्ग का निरीक्षण करते हुए वहां पर तैनात सुरक्षा बल, पीएसी और गोताखोरों की टीमों से बातचीत की। उन्होंने गंगनहर में डडूटी पर तैनात जवानों द्वारा मोटरबोट के जरिए की जा रही निगरानी व्यवस्था का परीक्षण किया और उसमें सुधार के निर्देश दिए।उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शिवभक्तों की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए गंगनहर के किनारे पर्याप्त संख्या में सेफ्टी गार्ड, रस्सियां, चेतावनी बोर्ड और निगरानी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। नहर में डूबने की घटनाओं की रोकथाम के लिए संवेदनशील स्थानों पर पीएसी और जल पुलिस की तैनाती बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए।

स्थानीय प्रशासन को मिले कड़े निर्देश

इस औचक निरीक्षण के दौरान उनके साथ क्षेत्राधिकारी द्धसीओत्र रामाआशीष यादव, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शर्मा, सब–इंस्पेक्टर नंदकिशोर शर्मा, विक्रांत कुमार और बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता व जेई सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। वरिष्ठ अधिकारियों के दौरे से स्थानीय प्रशासन में हलचल मच गई। कई अधिकारी मौके पर तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करते नजर आए।

### श्री राम कॉलेज ऑफ फार्मेसी में वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी ने अपने प्रांगन में 500 पौधे लगाकर इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई। इस संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान जानसठ पॉलिटेक्निक की एक सक्रिय टीम भी उपस्थित रही, जिसमें यांत्रिक विभाग के अध्यक्ष डॉ. कर्मवीर तथा व्याख्यात डॉ. रजत लाखेड़ा सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

श्री राम कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक डॉ. गिरेन्द्र कुमार गौतम ने वृक्षों के जीवन में योगदान और उनके वैज्ञानिक, सामाजिक तथा स्वास्थ्य संबंधी लाभों के बारे में कई रोचक एवं ज्ञानवर्धक बातें साझा कीं। इस संपूर्ण कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया, जिसमे मिटठू, वंशिका, प्रियम, अंश शर्मा, आयुष शर्मा, अंकुश आदिल, अफ्फान, प्रेरणा, आदित्य आदि छात्रो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**प्रेस विज्ञप्ति**

श्री सुनील कुमार पुत्र श्री हीरालाल निवासी म0स0 67–बी पीठ बाजार, नई मण्डी मुजफ्फरनगर द्वारा स्व0 श्रीमती जगवती देवी पत्नी स्व0 हीरालाल निवासी 86–दी वकील रोड नई मण्डी मुजफ्फरनगर द्वारा निष्पादित वसीयत दिनांकित 02.12.2022 पंजीकरण हेतु प्रस्तुत किया गया है। दावाकर्ता के अनुसार निष्पादक की मृत्यु दिनांक 15.01.2023 को हो गई है।

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि उक्त वसीयत के पंजीकरण के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो, इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष लिखित रूप में साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकता है।

यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं होती है तो प्रस्तुत वसीयत का नियमानुसार पंजीकरण कर दिया जायेगा।

**(सुरेश कुमार लाल)**
उप निबंधक खतौली, मुजफ्फरनगर

**कार्यालय मुज़फ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुज़फ्फरनगर**
मेरठ रोड, मुज़फ्फरनगर।
Website: www.mdamuzaffarnagar.com Email: mdamzn@yahoo.co.in
Ph. 0131-2970626 Fax- 0131-2620859

पत्रांक: 2963(1)/मु0वि0प्रा0/2025–26 दिनांक: 10/07/2025

**सार्वजनिक सूचना**

मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण में विकास / निर्माण कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 में पंजीकृत ठेकेदारो / फर्मो का वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए नवीनीकरण साथ ही वित्तीय वर्ष 2025–26 में नये ठेकेदारों/फर्मो के पंजीकरण हेतु आवेदन दिनांक 11.07.2025 से आमन्त्रित किये जाते है। नवीनीकरण / पंजीकरण हेतु आवेदन प्रपत्र दिनांक 11.07.2025 से दिनांक 27.07.2025 तक प्राधिकरण कार्यदिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं। वांछित समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 28.07.2025 होगी।

2. निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। अन्य विस्तृत सूचना प्राधिकरण की वेबसाइट www.mdamuzaffarnagar.com पर देखी जा सकती है।

**सचिव**
विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर

# टैम्पो और कार की भिड़ंत में एक की मौत



शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** टैम्पू और कार की आपसी भिड़ंत में जहां एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गयी वहीं दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गये। घायलों को हस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा राज्य के जनपद सोनीपत के आश्रम खेवड़ा का रहने वाला संत आदेश नाथ अपने कार चालक अजीत सिंह के साथ कार द्वारा बृहस्पतिवार को अपने गुरू जी से मिलने मीरापुर आश्रम में जा रहा था। गुरूजी से मिलने के बाद वे अपनी कार द्वारा वापस खेवड़ा जा रहे थे। अपराह्न करीब 3 बजे बुढ़ाना वाया खतौली मार्ग पर बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र मे उनकी कार को एक टैम्पो ने टक्कर मार दी। आमने सामने की टक्कर में कार चालक अजीत कुमार की मौके पर ही मौत हो गई जबकी कार में सवार आदेश नाथ घायल हो गया। टैम्पो चालक मेरठ जनपद के बहसुमा का रहने वाला पप्पन और उसका साथी टीमू घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बुढ़ाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। सभी घायलों को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती करवाया गया। सीएचसी पर चिघकित्सकों ने अजीत कुमार को मृत घोषित कर दिया। उधर बुढ़ाना पुलिस ने टैम्पो चालक पप्पन को हिरासत में लेते हुए टैम्पो को कब्जे में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही मीरापुर और सोनीपत आश्रम से कई साधु संत भी सीएचसी पर पहुंच गए। पंचनामा भरने के बाद बुढ़ाना पुलिस ने मृतक अजीत के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**मोरना।** सड़क हादसे के बाद क्षेत्र के गांव बिहारगढ़ निवासी युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गयी। युवक की मौत से परिजनों में को. हराम मच गया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बिहारगढ़ निवासी 30 वर्षीय युवक अरूण बीते 3 जुलाई को बाइक द्वारा हरिद्वार से अपने घर वापस लौट रहा था।

जैसे ही वह भोपा के निकट यूसुफपुर चौराहे के पास पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी टक्कर लगने से अरुण सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सहायता से उसे सीएचसी भोपा ले जाया गया जहां गंभीर हालत के चलते अरुण को मेरठ हायर सेंटर रेफर कर दिया गया बुधवार को देर रात उपचार के दौरान और उनकी मौत हो गयी। अरुण के शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। पिता कमल सिंह, माता कैलाशो,पत्नी प्रीति भाई विपिन, बहन राधा का रोरोकर बुरा हाल है।मृतक एक माह के पुत्र निशांत को छोड़ गया है।

# खुले आसमान के नीचे 4 मृत गायों को कुत्ते नोचते रहे

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** योगीराज में गायों की भूख प्यास से मौत हो रही है और लोग शवों को जमीन में दबवाने के बजाए उनके शव को खुले आसमान के नीचे डालकर आवारा कुत्तों की पौबारह कर रहे हैं।

आज बृहस्पतिवार को बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में खुले आसमान के नीचे मृत पड़े चार गौवंश को आवारा कुत्ते अपना निवाला बनाते रहे। मौके पर पहुंचे गौरक्षकों ने इसको लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया। गौरक्षक छोटा सैनी ने कहा कि आवारा पशुओं की कोई सुध लेने वाला नहीं है। ये जगह जगह गौशालाएं काहें नाम की बनाई जा रही है। जब गाय भूख प्यास से तडप तड़पकर मर रही हैं। संबंधित अधिकारी गौवंश को बचाने के बजाए अपनी और से आंखें मूंदे बैठे हुए हैं। बीडीओ भी कुछ नहीं कर रहे है। बस गौवंश पालन कागजों में ही दिखाई पड़ रहा है। इससे पहले गांव जौला में भी कई गौवंश भूख प्यास से दम तोड गये।

गायों की इतनी दुर्दशा तो पिछली सरकारों में भी नहीं थी जितनी दुर्दशा योगी राज में गायों की अब हो रही है। उन्होंने आज चार मृत गाय बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेडी से आगे कल्याणपुर चौकी से पहले देखी। जिसमें गद्दे खत्ते में चार गाय मृत अवस्था में पड़ी थी और उनको आवारा कुत्ते अपना निवाला बना रहे थे। इस दृश्य को देखकर गौरक्षक छोटा सैनी ने रोष व्यक्त कर घटनास्थल की वीडियो और फोटो खींचकर लखनऊ मुख्यमंत्री के पास ले जाने की बात कही। मृत गायों को लेकर गौरक्षकों में रोष दिखा।

## संक्षिप्त समाचार

### नहीं रहे शिक्षक राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल

**बुढ़ाना।** स्थानीय कस्बे की कोतवाली के समीप रहने वाले शिक्षक राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल का बीती बुधवार की देर रात जनपद गाजियाबाद के एक हस्पताल में निधन हो गया। वे लगभग 80 वर्ष के थे। उनके निधन से कस्बे में शोक की लहर दौड़ गयी। आज बृहस्पतिवार की सुबह कस्बे के श्मशान घाट मे उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। जानकार बताते हैं कि वे मेथ विषय को सबसे ज्यादा पढ़ाते थे और उनके द्वारा पढ़ाए गये काफी स्टूडेंट सरकारी सेवाओं में हैं। काफी दिनों से वे बीमार चल रहे थे। बीते दिवस उनको गाजियाबाद के एक हस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उनको आराम लग गया था तो परिवार के सदस्य उनको बुढ़ाना घर पर ही ले आए थे। जहां बीते दिन उनकी हालत बिगड़ी तो फिर से उनको जनपद गाजियाबाद के उसी हस्पताल में ले जाया गया। जहां रात के समय उन्होंने उपचार के चलते दम तोड दिया। उनका इकलौता पुत्र नोएडा में रहता है। बेटियों की शादी हो चुकी है। उनके निधन पर सभासद अजय संगल, मशहूर शायर अजहर इकबाल, अग्रवाल वैश्य समाज बुढ़ाना के अध्यक्ष राजेश संगल, मास्टर धर्मपाल आर्य, अनिल दत्त शर्मा और समीर सलमानी आदि गणमान्य लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

### मुझेड़ा में आवारा कुत्तों का आतंक

**मीरापुर।** ग्राम पंचायत मुझेड़ा में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। गांव की गलियों और मुख्य चौराहों पर एक दर्जन से अधिक कुत्तों का झुंड खुलेआम घूम रहा है, जिससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। पिछले एक माह में इन खतरनाक कुत्तों ने कई लोगों को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। आए दिन यह कुत्ते बच्चों और बाइक सवारों के पीछे दौड़कर उन्हें काट लेते हैं, जिससे गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है। विशेष रूप से स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है। ग्रामवासी आजाद अब्बासी ने जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर को एक प्रार्थना पत्र सौंपते हुए जनहित में इन कुत्तों को जल्द से जल्द पकड़वाकर किसी अन्य स्थान पर छुड़वाने और इनकी जनसंख्या पर नियंत्रण करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता।

### गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

**मीरापुर।** गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर कस्बे में भक्तिभाव और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। प्रात:काल से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने अपने-अपने धार्मिक गुरुओं की व्यास पूजा कर पुष्प अर्पित किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। बालाजी धाम, भूमिया मंदिर, जामनवाली शिव मंदिर, गंगा मंदिर खान वाला और हनुमान मंदिर सहित कई प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजन, यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने बड़े श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने भाग लिया और धार्मिक वातावरण का आनंद लिया। कस्बे के अनेक श्रद्धालु हरिद्वार, कनखल, शुक्रताल, वृंदावन, चित्रकूट व नंगलीधाम जैसे गुरुओं के पावन स्थलों पर पहुंचे। वहां उन्होंने अपने गुरुओं के चरणों में वंदना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुओं को दक्षिणा, वस्त्र व भेंट भेंटकर अपने भाव प्रकट किए। इस अवसर पर कस्बे में दिनभर भक्ति संगीत गूं. जता रहा और जगह-जगह भंडारों का आयोजन कर सेवा कार्य किया गया। पूरे मीरापुर में गुरू पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और समर्पण के साथ मनाया गया।श

### बाट-माप विभाग की छापेमारी से हड़कंप

**मीरापुर।** कस्बा मीरापुर में बाट माप नियंत्रक अधिकारी की औचक छापेमारी से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान कई दुकानों पर घटतौली पाई गई, जिसके चलते संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करते हुए मुकदमे दर्ज किए गए।बाट माप नियंत्रक अधिकारी कल्पना तोमर पंजाबी कॉलोनी चौक स्थित मूलचंद स्वीट्स पर पहुंचीं। वहां उन्होंने मिठाई का रेट पूछकर दुकानदार से 400 रूपये प्रति किलो की दर से एक किलो मिठाई खरीदी और भुगतान किया। कुछ समय बाद विभागीय कर्मचारियों ने मिठाई का डिब्बा लेकर उसका वजन कराया, जिससे विवाद उत्पन्न हो गया। बाद में अधिक. ारी स्वयं मौके पर पहुंचीं और मिठाई व डिब्बे का अलग-अलग वजन कराया गया। जांच में डिब्बे का वजन 150 ग्राम और मिठाई मात्र 850 ग्राम निकली, जिससे घटतौली की पुष्टि हुई। इस पर दुकानदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दिया गया। इसके पश्चात अधिकारी गुप्ता परचून स्टोर पर पहुँचीं, जहाँ इलेक्ट्रॉनिक कांटे की वैधता समाप्त पाई गई। दुकान संचालक को नोटिस जारी किया गया। इसके बाद संगीत सिनेमा के निकट एवं बस अढे के सामने स्थित मिठाई की दुक. ानों पर भी छापेमारी की गई, जहां वजन में कमी पाई गई। सभी दुकानदारों के खिलाफ घटतौली के आरोप में मुकदमे दर्ज किए गए। कई दुकानदारों ने दुकानों के तौल यंत्रों की जांच स्वयं शुरू कर दी। अधिकारी के जाते ही दुकानदारों ने राहत की सांस ली, बाजार में चर्चा है कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई हो सकती है।

### कृषि कार्ड बनाने के नाम पर बैंक कर रहे हैं किसानों का शोषण : विकास शर्मा

**चरथावल।** क्षेत्र के गांव नगला राई मे एक्सिस बैंक पर भारतीय किसान यूनियन के नेता विकास शर्मा के नेतृत्व में किसानों द्वारा बैंक की धांधली के खिलाफ लेकर प्रदर्शन किया गया भाकियू नेता ने जानकारी देते हुए बताया की गांव कुटेसरा निवासी किसान द्वारा नो लाख रुपए का लोन लिया था जिसमें बीस हजार रुपए लोन देने के उपरांत थी किसान से काट लिए गए और फिर बाद मे किसान से 11 लाख 57000 जमा करा लिए गए इसके बाद फिर से किसान को 12 लाख रुपए के करीब जमा करने के लिए नोटिस बैंक द्वारा दे दिया गया इस नोटिस को देखकर किसान के होश उड़ गए और किसान काफी परेशान हो गया किसान के ना चाहते हुए भी बैंक द्वारा किसान का एक इंश्योरेंस किया गया जिससे कि उसे बोला कि दस साल में आपका दस लाख का इंश्योरेंस हो जाएगा और उसी कड़ी में 25000 इंश्योरेंस के नाम के किसान से ले लिए 30000 किसान से कागज तैयार करने के नाम के लिए गएस किसान द्वारा आरोप लगाया गया की बैंकों द्वारा ख्रषि कार्ड बनाने के नाम पर किसानो का जमकर शोषण किया जा रहा हैस जोकि किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा इस सारे मामले में शाखा पर पहुंचकर किसान नेताओं द्वारा शाखा प्रबंधन से वार्ता की और एलडीएम मुजफ्फरनगर से भी दूरभाष द्वारा वार्ता की गई अधिकारियों द्वारा समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया अगर दो दिन में समस्या का समाधान नहीं होता तो भारतीय किसान यूनियन बैंक पर तालाबंदी करके प्रदर्शन करने का काम करेगी और किसी भी कीमत पर किसानो का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा किसानो के साथ अन्याय किसी भी कीमत पर नहीं सहन किया जायेगा इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष ठाकुर नरेश पुंडीर, समद् राइन युवा जिलाउपाध्यक्ष, हाजी इमरान, मरगूब अली वाजिद अली रशीद हारून सत्तार सरफराज त्यागी आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे

### एक पेड़ मां के नाम पर किया वृक्षारोपण

**खतौली।** श्री कुन्द कुन्द जैन (पी0जी) कालेज में "एक पेड़ माँ के नाम" कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, छात्र/छात्राओं ने सहभागिता करते हुए पौधारोपण किया। महाविद्यालय की प्राचार्या, प्रो0 नीतू वशिष्ठ ने छात्र/छात्राओं को वृक्ष संरक्षण हेतु प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होनें यह जानकारी भी दी महाविद्यालय में परिसर में आगे भी अनेक उपयोगी वृक्षों का रोपण किया गया। जिसमें सागोन, शीशम, जामुन, कंजी आदि पेड-पौधे सम्मिलित है। इस अवसर पर महाविद्यालय में प्रो0 अरविन्द कुमार, नीरजा गुप्ता, डॉ0 सपना जैन, डॉ0 दीप्ती जैन, डॉ0 विपिन कुमार बंसल, आशीष जैन, विकास जैन, आकाश जैन, रजत गुप्ता, मुकुल जैन, नीलम शर्मा, मनोज कुमार मलिक, रमेश, समय सिंह एवं समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

## 3 दिनों से गायब जोती का नहीं लगा कोई भी सुराग

**बुढ़ाना।** एक कलयुगी पत्नि अपनी बहन की तर्ज पर अपने पति को हत्या करने की धमकी दे रही है। डरे हुए पति ने आज बृहस्पतिवार के दिनघ थाना महिला बुढ़ाना में पहुंचकर अपनी पत्नि से बचाने को सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार आरिफ पुत्र जाफर निवासी मौहल्ला खाक. रोबान बुढाना ने बुढ़ाना महिला थानाध्यक्ष को आज बृहस्पतिवार के दिन एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह मजदूरी करके अपना व अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। उसकी शादी वसीमा पुत्री नूरहसन निवासी लुहसाना रोड सफीपुर पष्टी बुढाना के साथ 07 वर्ष पूर्व हुई थी। उसकी एक साली गुलफशा की शादी बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बडौदा में साजिद नाम के युवक के साथ हुई थी।

## मृतक गोवंश को गड्ढे में दबवाने गए युवक पर हमला, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**चरथावल।** मृतक गोवंश को गढ्ढे में दबवाने गये युवक पर कुछ लोगो ने जान से मारने की नीयत से धारदार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया।भाई को बचाने गये युवक को भी जान से मारने की धमकी दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी भिजवाया। पीड़ित के भाई ने ग्यारह लोगों को नामजद करते हुए करीब बीस अज्ञात लोगों के विरुद्ध तहरीर दी है।पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम रोनी हरजीपुर निवासी उपेंद्र ने दर्ज कराये मुकदमें में बताया कि गुरुवार की देर सुबह वाट्सअप पर मैसेज देखकर उसका भाई अजय कुमार उर्फ सेठी मृतक गोवंश को गढ्ढे में दबवाने के लिए नहर के निकट गया था। आरोप है कि वहां पहले से ही गांव निवासी राहुल,अजय,विकास,सुधीर,रविंद्र,शिवम,मोहित,विक्रांत,रिंकल व थाना बुढ़ाना के गांव कुरथल निवासी सागर व आशीष एवं बीस अज्ञात लोग हाथों में लाठी-डंडे व धारदार हथियार लिए खड़े थे।आरोप है कि इन्होंने अजय कुमार पर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में अजय बुरी तरह घायल हो गया। भाई को बचाने गये युवक को भी जान से मारने की धमकी देते हुए आरो. पित हथिया लहराते हुए भाग गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी भिजवाया।थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि पीड़ित के भाई की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर घटना की जांच की जा रही है।

# सपा में राहुल चरथावल ब्लाक अध्यक्ष व कुरैशी शाहपुर नगर अध्यक्ष मनोनीत



**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी में सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी के तहत समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट ने चरथावल सपा विधायक पंकज मलिक की संस्तुति पर ग्राम गुनियाजुढी निवासी राहुल ठाकुर को समाजवादी पार्टी का चरथावल ब्लॉक अध्यक्ष व जुल्फिकार कुरैशी को समाजवादी पार्टी शाहपुर का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। समा. जवादी पार्टी कार्यालय पर नवमना. नीत चरथावल सपा ब्लॉक अध्यक्ष राहुल ठाकुर व शाहपुर सपा नगर अध्यक्ष जुल्फिकार कुरैशी को उनके समर्थकों के समक्ष मनोनयन पत्र सौंपते हुए जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट ने कहा कि उन्हें पूर्ण आशा है कि नव मनोनीत पदाधिकारी समा. जवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विचारों को जन जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।इस दौरान समा. जवादी पार्टी के जिला महासचिव चौधरी विकिल गोल्डी अहलावत समाजवादी पार्टी जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन सपा नेता सत्येंद्र पाल इमलाक प्रधान, विधानसभा अध्यक्ष बुढ़ाना अकरम खान, हनीफ इदरीसी, नदीम मलिक, हनीफ इदरीसी, सलीम कुरैशी सहित अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुरु पूर्णिमा परमात्मा का द्वार खोलने की कुंजी है : ओमानन्द महाराज



**मोरना।** पौराणिक तीर्थनगरी शुकतीर्थ में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया। नगरी के विभिन्न आश्रमों में शिष्यों ने अपने-अपने गुरुदेव की पूजा अर्चना कर चरणामृत लिया और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।शुकतीर्थ में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने हनुमद्धाम, गणेश धाम, शिव धाम, दुर्गा धाम, मां पीतांबरा धाम, श्री गंगा मंदिर, दंडी आश्रम, अखंड धाम, मानव निर्माण योग आश्रम, तिलकधारी आश्रम, महाशक्ति सिद्धपीठ आदि मंदिरों में पूजा अर्चना कर शिष्यों ने अपने-अपने गुरुओं के दर्शन कर पूजा अर्चना की। गुरु पूर्णिमा पर्व पर भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम स्थित समाधि मंदिर में पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज ने तीर्थ के जीर्णोद्धारक, शिक्षा ;षि स्वामी कल्याणदेव महाराज की चरण पादुकाओं का अभिषेक पूजन किया। वीतराग संत की प्रतिमा पर भक्तों ने पुष्पमाला पहनाकर पूजन आरती की। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल सहित हजारों भक्तो, अनुयायियों, आचार्यों, पुरो. हितों, ब्रह्मचारियों ने स्वामी ओमानंद महाराज पर पुष्प वर्षा और माला अर्पण कर चरण वंदना की। पीठाधीश्वर ने सभी को प्रसाद एवं आशीर्वाद प्रदान किया। स्वामी ओमानंद महाराज ने कहा कि गुरु परमात्मा के द्वार खोलने की कुंजी तथा भगवद् धाम की सीढ़ी है। गुरू चरणों में शीश नवाने से अहंकार नष्ट होता है। गुरू शिष्य का उज्ज्वल भविष्य होता है। गुरू शिष्य का संबंध ईश्वर और जीव जैसा है। गुरू ज्ञान का प्रकाश पुंज है। गुरू पूर्णिमा अपने जीवन के आध्यात्मिक, सामाजिक, शैक्षिक गुरू के चरणों में ख्रतज्ञता प्रगट करने का महापर्व है। यह गुरू चरणों की पूजा का उत्सव है। मंत्रपाठ प्रधानाचार्य गिरीशचन्द्र उप्रेति एवं आचार्य अरुण ने किया। स्वामी भरतदेव महाराज, समाजसेवी रमेश मलिक, ट्रस्टी देवराज पंवार, ओमदत्त देव, कथा व्यास अचल ख्रष्ण शास्त्री, डॉ. बी.एस. जिंदल, स्वामी कनक प्रभानंद सरस्वती, सरदार सुखदर्शन बेदी, आचार्य विकास, आचार्य सुमन, पूर्व प्रधानाचार्य राकेश शर्मा, अर्जुन सिंह, प्रधानाचार्य जितेंद्र वर्मा, अशोक प्रधान, दीपक मिश्रा, ठाकुर प्रसाद, दिल्ली से किरण चानना, आचार्य युवराज, डॉ. रामकिशोर आदि मौजूद रहे।

# विद्योत्तमा कन्या महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया



**खतौली।** विद्योत्तमा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय गंगधाड़ी में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संस्थापक व शिक्षाविद् स्वर्गीय श्री श्रीचंद्र शास्त्री जी की प्रतिमा का विधिवत माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. शास्त्री जी के ज्येष्ठ पुत्र तथा संस्क्रत वर्दिनी सभा खतौली के मंत्री डॉ. सुरेश चंद शर्मा द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। उन्होंने अपने संबोधन में स्व. श्रीचंद्र शास्त्री जी के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद करते हुए उन्हें समाज का पथप्रदर्शक बताया। इस मौके पर महाविद्यालय के सचिव संजीव कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष संजय वर्मा, प्राचार्या डॉ. कविता वर्मा सहित समस्त स्टाफ ने भी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्राचार्या डॉ. कविता वर्मा ने स्व. शास्त्री जी को प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन शिक्षा और समाज सेवा को समर्पित रहा। स्वर्गीय श्रीचंद्र शास्त्री जी का जन्म 1 अक्टूबर 1927 को मुजफ्फरनगर जनपद के नगला पिथौरा गांव में हुआ था। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में कई संस्थानों की स्थापना कर हजारों विद्यार्थियों को शिक्षा का मार्ग प्रशस्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोहित राठी, संजीव कुमार, संजय वर्मा, शक्ति सिंह, प्रणव कुमार शर्मा, शकुंतला, सुनीता एवं कमलेश का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन स्व. शास्त्री जी के जीवन और कार्यों की प्रेरणादायी झलकियों को स्मरण करते हुए ष्शत शत नमनष के साथ किया गया।

## सड़क कटने से हादसे की आशंका

**चरथावल।** ब्लाक क्षेत्र के गांव चौकडा-कसौली मार्ग पर बारिश से नीचे से सड़क धंसने से बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। दरअसल मुजफ्फरनगर जनपद के चरथावल विकासखण्ड के ग्राम चौकडा मार्ग पर कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते खेतों में अत्यधिक पानी भर गया है जिस कारण नीचे से सड़क धंस गई एवं एक बड़ा हिस्सा कट गया है जिस कारण बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। त्यागी भूमिहार महासभा के राष्ट्रपति उपाध्यक्ष काला प्रधान ने दूरभाष पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि इस मार्ग से बड़ी संख्या में किसानों एवं स्कूली बच्चों का आना-जाना है यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। किसान नेट ने जल्द ही मार्ग को ठीक न कराए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

# सैंट जैवियर्स ग्लोबल स्कूल में एबीवीपी का मनाया स्थापना दिवस



**मोरना।** जटमुझेडा स्थित सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को पर्यावरण के विषय में जागरूक करने के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण चिंतन गोष्ठी एवं गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं द्वारा छात्रों को पर्यावरण संरक्षण और भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौ. छोटूराम डिग्री कॉलेज मुजफ्फरनगर के पूर्व प्राचार्य नरेश मलिक ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के प्रति नैतिक कर्त्तव्य है। उन्होंने जल संरक्षण, वृक्षारोपण और पॉलीथीनमुक्त जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानाचार्या मोनिका चौधरी ने कहा कि प्रकृति हमें जीवन देती है और उसका संरक्षण ही सच्ची शिक्षा है।

उन्होंने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर छात्रों को गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा समझाई और महर्षि वेदव्यास, स्वामी विवेकानंद जैसे महान गुरुओं के जीवन से प्रेरणा लेने का आ]वान किया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विद्यालय परिसर श्लोकों की गूंज और गुरुओं के चरणों में नमन से भावविभोर हो उठा। विद्यार्थियों ने ह्गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु: गुरुर्देवो महेश्वर:ह जैसे मंत्रों के माध्यम से अपनी श्रद्धा अर्पित की। इस अवसर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत विद्यालय में सैकडों पेड़ लगाए गए। कार्यक्रम में मेरठ प्रांत के प्रमुख अंकित स्वामी, विभाग संगठन मंत्री ओजेश गौड़ और जिला संयोजक पवन सिवाच ने भी विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति गंभीरता से सोचने और कार्य करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर अध्यक्ष ओमपाल सिंह, संरक्षक चंद्रपाल सिंह, मैनेजर संजय तोमर आदि मौजूद रहे।

# शुकतीर्थ में शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी का हुआ भूमि पूजन



**मोरना।** शुकतीर्थ में गुरूवार को शहीद भगतसिंह स्पोर्ट्स एकेडमी का भूमि पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कबढी खिलाडी अर्जुन देशवाल ने अपने हाथों से नींव की ईंट रखकर शिलान्यास किया। स्पोर्ट्स एकेडमी में वॉलीबाल, कबढी, कुश्ती व बैडमिंटन कोर्ट बनाए जाएंगे।

शुकतीर्थ में शहीद भगतसिंह स्पोर्ट्स एकेडमी का भूमि पूजन के पूर्व हवन यज्ञ में अतिथियों ने मंत्रोच्चारण के बीच आहूति दी। मुख्य अतिथि अर्जुन देशवाल ने कहा कि एकेडमी के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को बेहतर और उच्च गुणवत्ता वाली खेल सुविधाएं मिल सकेगी। भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी ने कहा कि क्षेत्र में कहीं पर भी खेलों के प्रति रुझान रखने वाले युवाओं के लिए खेल का मैदान नहीं है। अब युवाओं को खेलों में अपनी प्रतिभा निखारने के लिए कहीं जाना नहीं पडेगा। एकेडमी क्षेत्र के युवाओं की प्रतिभा देखकर उसे नि:शुल्क सुविधा देने का काम करेगी। एकेडमी में फिलहाल वॉलीबाल, कबढी, कुश्ती व बैडमिन्टन के इंडोर कोर्ट बनाए जाएंगे तथा अनुभवी प्रशिक्षक भी नियुक्त किए जाएंगें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को मिशन मोड पर आगे बढ़ाने के लिए एकेडमी की स्थापना की जा रही है। आचार्य नेत्रपाल शर्मा ने हवन यज्ञ सम्पन्न कराया तथा ज्ञानसिंह सैनी व हरपाल माजरा यज्ञमान के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, देवेन्द्र चेयरमैन, यशपाल, राजीव चेयरमैन, अरूण प्रधान, मदन चौहान, अमरदीप, मंडल अध्यक्ष अरूण पाल, संजीव प्रधानाचार्य, वरूण सहरावत, सतीश सहरावत, राजीव राठी, योगेन्द्र मुखिया, आशीष राठी डायरेक्टर, बिन्नू राठी, प्रमोद राठी, नरेन्द्र प्रमुख, पं. रामकुमार शर्मा, सुधीश फौजी, धर्मेन्द्र शर्मा, संसार सिंह, संदीप चौधरी, पुनीत खोकर, विपुल, अमित सालार, संजीव कश्यप आदि मौजूद रहे।

# दक्ष प्रजापति जयंती में नशे से दूर रहने की मोहन प्रजापति ने दिलाई शपथ



**मुजफ्फरनगर।** टाउन हॉल कार्यालय पर भगवान दक्ष प्रजापति की जयंती धूमधाम से मनाई गई जिसमें हवन पूजन के बाद विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अति पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति रहे इस दौरान सभी ने भगवान दक्ष प्रजापति के चित्र पर पुष्प अर्पित किए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने कहा हे कि प्रजा. पति समाज पूजनीय समाज हे ओर महाराजा दक्ष प्रजापति सिर्फ प्रजा. पति समाज के ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के मार्ग दर्शक हे वहीं मोहन प्रजापति ने नशे से दूर रहने की समाज के लोगों को शपथ दिलाई मोहन प्रजापति ने कहा हे कि प्रजा. पति समाज दुनिया का पहला वैज्ञानिक हे जिसने मिटी के बर्तन का आविष्कार कर दुनिया को रहने व खाने की कला सिखाई ओर हमें बताए सदमार्ग पर चलना चाहिए इस दौरान पूर्व जयंती अध्यक्ष नरेश प्रजापति, वरिष्ठ नेता रामनिवास प्रजापति एडव, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश वालिया, धीरज प्रजापति एड,दिनेश पाल, यश सैनी, डॉव ईश्वर प्रजापति, डॉव मनोज प्रजापति, अजय सैनी , नरेंद्र पाल, वरिष्ठ पत्रकार भारतवीर प्रजापति, बिट्टू प्रजापति, सचिन प्रजापति, नवीन प्रजापति, श्याम सुंदर प्रजापति, श्री मोहन टायल, ब्रजवीर धीमान, राहुल प्रजापति, सुखपाल कश्यप, मनोज प्रजापति आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया, गुरुजनों को मिले उपहार


रविदास आश्रम लिसाढ़


थानाभवन


शामली रॉक गोल्ड


दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट रजि शामली

**शाह टाइम्स टीम**

**थानाभवन।** नगर व क्षेत्र में गुरु पूर्णिमा का पर्व पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने आश्रम पंचतीर्थी पहुंचकर पीठाधीश्वर महंत स्वामी रामदेव महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि इस पावन दिन पर स्वामी अमरदेव जी महाराज की तपोस्थली पंचतीर्थी आश्रम में आकर जो आध्यात्मिक ऊर्जा और आत्मिक शांति का अनुभव होता है, वह शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता। उन्होंने गुरुजनों की विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।गुरु पूर्णिमा को लेकर आश्रम में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु व अनुयाई उपस्थित रहे। भक्तों ने गुरुदेव स्वामी रामदेव महाराज का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और परंपरा अनुसार गुरु दक्षिणा अर्पित की।धार्मिक मान्यता है कि गुरु पूर्णिमा का पर्व महर्षि वेदव्यास के जन्म दिवस पर मनाया जाता है, जिन्होंने महाभारत की रचना की और मद्भगवद्गीता का संकलन किया। इसी कारण उन्हें समस्त गुरुओं में सर्वोच्च स्थान प्राप्त है और इस पर्व को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। कार्यक्रम में पंडित दिनेश पाठक, स्वामी रामनरेश, पंडित भारत भूषण शर्मा, पंडित शिव लखन, पंडित रवि पाठक, धर्मेंद्र सहित स्वामी अमरदेव जी सेवा समिति का विशेष योगदान रहा।

**शामली।** शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी में गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने गुरुओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात छात्रों ने भाषण, कविता पाठ, भजन नुक्कड नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतिया दीं, जिनमें गुरुओं की महत्ता और उनके योगदान को भावपूर्ण रूप में प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनिता सिवाच ने विद्यार्थियों को गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही वह दीपक है जो अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करता है और जीवन को सही दिशा देता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों का आदर करने और उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। चेयरमैन सुनील गोएल, वाईस चेयरमैन शिखर गोएल एवं डायरेक्टर प्रियांक गोएल ने सभी विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों का आदर करने और उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन सभी शिक्षकों को सम्मानित कर और सामूहिक आशीर्वाद ग्रहण करके किया गया। सम्पूर्ण आयोजन अत्यंत अनुशासित एवं भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ।

**शामली।** गुरूवार को दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट रजि शामली के तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सभी ने अपने-अपने आध्यात्मिक गुरुओं को नमन किया। संस्थान के अध्यक्ष जित. ेंद्र शर्मा ने सभी योग शिक्षकों को पटका का पहनकर सम्मानित किया। जिसमें रमेश बजाज, श्रवण सिंगल, सुभाष चंद्र शर्मा, अजय शर्मा, राजेश गुलाटी, कविता गुप्ता, अरविंद मलिक का सम्मान किया गया। साधकों ने भी योग शिक्षकों का पुष्प देकर सम्मान किया। जितेंद्र शर्मा ने कहा कि जीवन में गुरु का विशेष महत्व है। गुरु ही ब्रह्मा, गुरु विष्णु, गुरु ही महेश, गुरु ही पार ब्रह्म परमेश्वर हैं। गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते है। इस अवसर पर जयपाल सिंह, राकेश गोयल, अजय कुमार, शिक्षा शर्मा, मनोज गोयल, साक्षी गुलाटी, विदुषी शर्मा, परी शर्मा, अनुप्रीत, वंदना गोयल आदि मौजूद रहे।

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वेश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की 275 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया।

गुरूवार को विद्यालय की बालि. का तनु, शगुन, शिल्पी, श्रेया, सृष्टि पांचाल, अंजलि, वंशिका, अवनी, वृंदा, नीलम, उन्नति, वैष्णवी चौहान, आस्था, शताक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आरुषि, गौरी, आयुषी, अदिति वर्मा, कनिका, राधिका, इशिका, तनु, सुप्रिया, अनन्या, पूर्णिमा ने द्वितीय तथा परी, नंदिनी, अनीशा, मानवी, अंशिका चौहान, नैना, रितिका, सारा सिंह, खुशी वर्मा, शुभ्रांशी, रिया, अपूर्वा, खुशी, कनक, रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया निर्णायक मंडल में मुख्य अतिथि पूर्व छात्र परिषद की इकाई प्रमुख रुचि अग्रवाल, पूर्व आचार्या प्राची नामदेव, जिले में छठा स्थान प्राप्त करने वाली पूर्व छात्रा जानवी चौधरी, छवि ठाकुर ने बालि. काओं को स्वर्ण रजत व कांस्प पदक पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही विद्यालय में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बालिकाओं ने सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किए। मेरठ प्रांत की स्थापना


सरस्वती बालिका विद्या मंदिर

दिवस पर प्रभा ने बालिकाओं के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप कुमार, कविता रानी, गीता रानी, अनीता रानी, वंदना रानी, उपासना रानी, विकास कुमार, मोहित कुमार, वंदना रानी, मोनिका रानी, दिव्या रानी, कपिल कुमार, आकांक्षा रानी, साक्षी रानी, उपासना रानी आदि मौजूद रहे।

**शामली।** गुरु पूर्णिमा के मौके पर शहर के मौहल्ला रेलपार स्थित शिव गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ की 24वीं शोभायात्रा धूमधाम एवं उल्लास के साथ निक. ाली गई। इससे पूर्व मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत भी किया गया।

गुरुवार को शहर के मौहल्ला रेलपार स्थित शिव गोरखनाथ मंदिर में शिव गोरखनाथ मंदिर सेवा समिति द्वारा महायोगी गुरु गोरखनाथ की 24वीं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। सुबह के समय मंदिर में अखंड ज्योत प्रज्जवलित की गई, साथ ही धूना भी जागृत किया गया। पूजा अर्चना पं। आनंद प्रकाश व पं। विनोद शर्मा ने संपन्न कराई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रसन्न चौधरी, चेयरमैन अरविन्द संगल रहे। दोपहर 12 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। इसके बाद शाम 4 बजे मंदिर प्रांगण से गोरखनाथ की भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर बुढाना रोड, बाईपास हनुमान धाम, शिव चौंक, भिक्की मोड, माजरा रोड, टंकी रोड, धीमानपुरा रेलवे फाटक, गुरुद्वारा, पंजाबी कालोनी से होते हुए रघुनाथ मंदिर में संपन्न हुई। शोभायात्रा में कई प्रसिद्ध बैंड बाजे, भजन मंडली, ढोल मंडली, सुंदर एवं आकर्षक झाकियां व गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी रही। मंदिर के प्रधान रामकुमार उपाध्याय ने बताया कि गोरखनाथ जी का अखंड धूना लगभग 24 वर्षों से जागृत है, मंदिर में जाहरवीर गोगाजी की म्हाडी भी स्थित है। भाद्रपद माह में मंदिर में जाहरवीर गोरखनाथ का विशाल मेले का भी आयोजन किया जाता है। जहां शामली व दूर दराज के श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस अवसर पर दुष्यंत गौड, सुनील कुमार, रामपाल उपाध्याय, केपी भट्टी, ओमवीर उपाध्याय, विकास उपाध्याय, कमल उपाध्याय, संजय उपाध्याय, बबलू उपाध्याय, शिवकुमार उपाध्याय, मनोज उपाध्याय, धीरज उपाध्याय, संजय उपाध्याय, राजबीर उपाध्याय, सोनू उपाध्याय, मनोज उपाध्याय, अनिल उपाध्याय, सत्यपाल उपाध्याय मौजूद रहे।

**शामली।** गुरूवार को क्षेत्र के गांव हसनपुर लिसाढ में संत गुरु रविदास आश्रम में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर सत्संग व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें शहर तथा आसपास क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भाग लेकर धर्मलाभ उठाया।

गुरूवार को गांव हसनपुर लिसाढ स्थित संत गुरु रविदास आश्रम में आश्रम के संरक्षक जगतद. ास के मार्गदर्शन में आश्रम में सत्संग व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के भक्त जनों व साधु संतों ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम में सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने भी पहुंच कर साधु संतों से आशीर्वाद लिया तथा प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान विधायक के द्वारा अपनी विधायक निधि से आश्रम में बरामदा निर्माण कार्य का भी फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस दौरान आश्रम में मुख्य रूप से साधु संतों के साथ अरविंद झाल, बबलू दास, नगर पंचायत बनत अध्यक्ष पति धर्मवीर सिंह, सतबीर, रामकुमार, विक्रम, कुलदीप, मास्टर लख्मीचंद, राज. कुमार आदि मौजूद रहे।

**शामली।** गुरूवार को भाजपा द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व अभियान के अंतर्गत विभिन्न पदाधिकारी को अलग-अलग मंदिरों में, विद्यालयों में एवं मठ् में जाकर गुरुओं के सम्मान किया। पालिका अध्यक्ष अरविंद संगल ने शामली शहर के चार मंदिरों में वहां के मुख्य पुजारीओ को पटका व माला पहनाकर एवं अन्य परंपरागत तरीकों से मान सम्मान कर गुरु परंपरा का इस पूर्णिमा के अवसर पर निर्वहन किया। सबसे पहले माजरा रोड स्थित भाकूवाले मंदिर पर पुजारी कमलकांत पांडे का सम्मान किया। तत्पश्चात मंदिर हनुमान टीले पर हनुमान धाम के अध्यक्ष सलिल द्विवेदी एवं हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित देवानंद शास्त्री का सम्मान किया। उसके पश्चात मोहल्ला रेलपार में गुरु गोरखनाथ मंदिर पर जाकर वहां के मुख्य पुजारी पंडित आनन्द प्रकाश तथा मोहल्ला चरण सिंह कॉलोनी में केला देवी शिव मंदिर पहुंचकर वहां के मुख्य पुजारी विष्णु शर्मा का पटका व माला पहनाकर एवं परंपरागत तरीके से उनके चरण छूकर सम्मान किया। इस अवसर पर सभासद विनोद तोमर, सभासद प्रमोद जांगिड़, सभासद संजय उपाध्याय, सभासद रोबिन गर्ग, सभासद राजीव गोयल, राजीव मित्तल, सतपाल उपाध्याय, राम कुमार उपाध्याय, दुष्यंत उपाध्याय, राजू शर्मा आदि मौजूद रहे।


शामली। गुरु गोरखनाथ यात्रा का दृश्य।


गुरु से आशीर्वाद लेते चेयरपर्सन।


सरस्वती शिशु वाटिका शामली का दृश्य।

**शामली।** शहर के सरस्वती शिशु वाटिका में गुरूवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कर्नल सचिन शर्मा, विद्यालय समिति उपाध्यक्ष सुभाष ऐरन, प्रधानाचार्य संजय सैनी एवं पल्लवी ऐरन द्वारा दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने गुरु वंदना, भजन, कविता, नृत्य व शिव तांडव जैसे मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य वक्ता सारिका शर्मा ने गुरु पूर्णिमा का महत्व बताते हुए कहा कि यह पर्व महर्षि वेदव्यास के जन्मदिन पर मनाया जाता है। मीनाक्षी शर्मा ने बच्चों में संस्कारों की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्या पल्लवी ऐरन ने बच्चों को स्वस्थ वातावरण व समय देने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि कर्नल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में लक्ष्य आवश्यक है, तभी सफलता संभव है। कार्यक्रम का संचालन सारिका शर्मा एवं संगीता गोयल ने संयुक्त रूप से किया।

# डॉ. हिमानी की अध्यक्षता में लगी महिला जनसुनवाई चौपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** डॉ. हिमानी अग्रवाल, सदस्य, उप्र राज्य महिला आयोग लखनऊ की अध्यक्षता में आज ब्लाक शामली स्थित सभागार में जनपद में महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं महिला जनसुनवाईध्चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान माद्व सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा जनपद में महिलाओं से संबंधित प्रकरणों में समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों में निस्तारण कराने के निर्देश दिए।



महिला जनसुनवाई के दौरान आज सदस्य, राज्य महिला आयोग द्वारा 4 केस की सुनवाई की गई। जिसमें पूनम कूडाना, प्रियांशी शामली, रूबी कैराना, संतरेश कच्ची गढ़ी के प्रकरण आए जिसमें प्रियांशी शामली, संतरेश कच्ची गढ़ी के ससुराल पक्ष द्वारा दहेज प्रकरण में महिला थाना शामली को निर्देशित किया गया। रूबी कैराना, दहेज प्रकरण में एसएचओ कैराना को निर्देशित किया गया। पूनम कूडाना का प्रकरण कोर्ट में चलने के कारण वापिस किया गया। आयोजित जनसुनवाई के दौरान स्वास्थ्य विभाग, महिला कल्याण विभाग, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, महिला थाना आदि विभागों द्वारा महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। आयोजित जनसुनवाई के दौरान सदस्य, राज्य महिला आयोग द्वारा विभागों को निर्देशित किया गया कि महिलाओं से संबंधित सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र महिलाओं को दिलाते हुए उसकी सूची भी तैयार की जाए। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को अपना मोबाइल नंबर उपलब्ध कराते हुए कहा कि यदि कहीं पर उनकी सुनवाई नहीं होती है तो वह उनके पास फोन कर सकती हैं।

इसके उपरांत उन्होंने संचालित आवासीय वृद्धाश्रम, गाडी वाला चौराहा, करनाल रोड, कस्बा झिंझाना, जनपद शामली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय उन्होंने वहां पर रह रहे वृद्धजनों के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को देखते हुए मौके पर वृद्धाआश्रम में साफ-सफाई न मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए व्यवस्थाओं को लेकर समाज कल्याण विभाग को कड़े निर्देश दिए गए। इसके उपरांत उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शामली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय उन्होंने वहां पर लेबर रूम, टीकाकरण कक्ष, औषधि कक्ष आदि का निरीक्षण करते हुए प्रतिदिन डिलीवरी की जानकारी ली गई। इस अवसर पर बैठक में, अपेक्षा, क्षेत्राधिकारी ट्रैफिक, पीके गौतम, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, शामली, नाथूराम, खण्ड् विकास अधिकारी, शामली, ममता खोखर, बाल विकास परियोजना अधिकारी, शामली, मोनिका चौहान, थानाध्यक्ष, महिला थाना, शामली, मौहम्मद सलीम, चिकित्सा अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुड़ाना, सतेन्द्र कुमार, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति शामली, गजाला त्यागी, केन्द्र प्रशासक, वन स्टॉप सेन्टर, शामली, सदफ, को-ऑडिनेटर, एच.ई.डब्ल्., शामली, प्रियांक कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा महिला विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मां शाकुंभरी देवी दर्शन को बस रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुंभरी देवी सेवा समिति द्वारा आज एक ऐसी डीलक्स बस मां शाकुंभरी देवी के दर्शन हेतु रवाना हुई जिसको दिनेश कुमार और मुकेश वर्मा योगाचार्य ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा सभी भक्तों को शुभकामनाएं दी यह बस गुरुद्वारा तिराहा से रवाना हुई बस में लगभग पचपन सवारी थी संस्था के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बंसल ने बताया कि यह बस हर माह की चौदस को माता शाकुंभरी देवी के दर्शनों के लिए जाती है तथा उन्होंने सभी भक्तों को यात्रा की शुभकामनाएं भी दी इस मौके पर वीरेंद्र बालियान अजय गर्ग महेश गर्ग शिवकुमार चौधरी लोकेंद्र संगल अरुण रुहेला डॉ उमेश कुमार राकेश गर्ग आदि मौजूद रहे।

### रोजगार मेले का आयोजन 14 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लिसाढ़, कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, शामली के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 14 जुलाई 2025, दिन सोमवार को 10:30 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लिसाढ़ में एक रोजगार मेलें का आयोजन किया जा रहा है। ऋषिपालसिंह ,नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैराना ने बताया कि रोजगार मेलें में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियां एकेएस जाब्स, मेधावी एस्पायर प्रा लि, पुखराज हेल्थकेयर, एल आई सी, स्टार मैनपावर सोल्यूशन, वीटीसी ट्रेड विंग्स प्रा लि, क्वेश कार्प, कैरियर व्हील्स, महादेव हनुमान विजय प्लेसमेंट सर्विस आदि एक दर्जन कम्पनियां प्रशिक्षार्थियों को डाटा एंट्री ऑपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, आटो मैकेनिक, बिजनेस डेवलपर, फील्ड एग्जीक्यूटिव, सुपरवाइजर, हेल्पर आदि 850 पदों पर सभी ट्रेड में आईटीआई, हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, डिप्लोमा होल्डर योग्यताधारी व आयु सीमा 18-35 वर्ष के अभ्यर्थियों को चयनित करेंगी। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि रोजगार मेलें में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी rojgaarsangam.up.gov.in पर पंजीयन कराएं एवं प्रात:10:30 बजे पर रोजगार मेलें में तीन बायोडाटा के साथ उपस्थित हो।

## 'संविधान जानो' संगोष्ठियों का आयोजन सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सशक्त भारत मंच द्वारा गुरूवार को संविधान जानो विषय पर तीन संगोष्ठियों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और समाज के जागरूक नागरिकों को भारतीय संविधान के मूल तत्वों, अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग करना रहा।

गुरूवार को प्रथम संगोष्ठी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, द्वितीय संगोष्ठी सत्यनारायण इंटर कॉलेज, तृतीय संगोष्ठी हिंदू कन्या इंटर कॉलेज शामली में आयोजित की गई। मुख्य वक्ता शिक्षविद निपुण आलमबायन रहे। जिन्होंने भारतीय संविधान की प्रस्तावना, मूल अधिकार, कर्तव्य और लोकतंत्र की भावना पर विस्तार से सारगर्भित व्याख्यान दिया। इस अवसर पर हिंदू कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या अल्का संगल, रेणुका भारद्वाज, मधुबाला, मधु तोमर, मीरा संगल, प्रधानाचार्य अनिल शर्मा, सतीश आत्रेय, रामनाथ, फूलकुमार, मनोज भारद्वाज, लक्ष्मी गर्ग, अनिल कश्यप, घनश्याम शर्मा, छवि शर्मा आदि मौजूद रहे।

# राज्य में वायुयानों के मेंटीनेन्स, रिपेयर एवं ओवरहॉल सुविधाओं में निवेश पर सब्सिडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शासन के निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने बताया कि नागर विमानन क्षेत्र में हो रहे निरन्तर विकास के दृष्टिगत प्रदेश में वायुयानों के Maintenance, Repair And Overhaul Hubs की स्थापना किए जाने के संबंध में शासन स्तर पर पूंजी निवेश को प्रोत्साहित करने हेतु नीति बनाई गई है। इसके तहत निवेशकों को सब्सिडी के द्वारा लाभ प्रदान किया जाएगा। अरविन्द कुमार चौहान ने बताया कि शर्तों के अधीन राज्य में एम.आर.ओ. की स्थापना के लिए किए जाने वाले 500 करोड़ रूपये तक के कैपिटल इनवेस्टमेंट पर 5 प्रतिशत सब्सिडी, 500 से 1,000 करोड़ के कैपिटल इनवेस्टमेंट पर 08 प्रतिशत तथा 1,000 करोड़ से ऊपर के कैपिटल इनवेस्टमेंट पर 12 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। सब्सिडी का भुगतान वाणिज्यिक सेवा प्रारम्भ होने के वित्तीय वर्ष के पश्चात अगले वित्तीय वर्ष से प्रारम्भ होकर अगले 5 वित्तीय वर्षों में समान किश्तों में किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि एम. आर.ओ. की स्थापना करने वाली इस नीति के अन्तर्गत दी जाने वाली सुविधाओं के अतिरिक्त प्रदेश सरकार की किसी अन्य नीति में कोई अन्य सुविधा देय नहीं होगी तथा प्रस्तावित नीति के अन्तर्गत कैपिटल इनवेस्टमेंट सब्सिडी के अतिरिक्त अन्य कोई सुविधा अनुमन्य नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि एम.आर.ओ. की स्थापना करने वाली इकाई के लिए यह अनिवार्य होगा कि लैटर ऑफ कमफर्ट जारी होने के 5 वर्ष के अन्दर वाणिज्यिक सेवा अनिवार्य रूप से प्रारम्भ हो जाए। एम.आर.ओ. नीति में किसी प्रकार के परिवर्धन अथवा परिवर्तन के स्थिति में भविष्य में यथा आवश्यकतानुसार निर्णय लेने हेतु मुख्यमंत्री अधिकृत है।

उत्तर प्रदेश में एम.आर.ओ. नीति का लाभ उन्हीं इकाईयों को अनुमन्य होगा जिसके आवेदन पत्र 31 दिसम्बर 2026 तक नीति के अन्तर्गत एम.आर.ओ. की स्थापना हेतु नागरिक उड्डयन विभाग में प्राप्त हो जाएंगे।

# बरसाती नदी के तेज पानी में बहा रास्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** घाड़ इलाके के मिर्जापुर क्षेत्र में बारिश और बरसाती नदियों को बाढ़ घाड इलाके के लोगों के लिए लगातार मुसीबत बन रही है। बरसाती नदी में आई बाढ़ में रास्ता नदी के तेज बहाव में बह गया जिससे स्कूली बच्चों को स्कूल और बीमारों को अस्पताल ले जाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने उक्त रस्ते को जल्द सही करवाए जाने की मांग की है।



दरअसल, मामला घाड़ के ज्यादातर इलाके में बरसाती नदियों का जाल बिछा हुआ है। बरसाती नदियों में आने वाले पानी के तेज बहाव से जहां किसानों के खेतों में कटाव होता है वही आवागमन बाधित हो जाता है। मिर्जापुर से डाडल और हिंदूवाला गांव जाने वाले रास्ते पर पड़ने वाली बरसाती नदी में आई बाढ़ ने रास्ते को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया जिससे बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानी हो रही है और बच्चों को लाने ले जाने वाली वैन भी नहीं पहुंच पा रही। इतना ही नहीं बीमारों को अस्पताल ले जाने के लिए भी अकड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से उक्त रस्ते को सही कराए जाने की मांग की है। वहीं क्षेत्र के गांव रहना मे भी बारिश ने तबाही मचायी है। नाले मे बारिश का पानी आने से घरों की दीवारे गिर गयी है। ग्रामीणों ने बताया की नाला व सड़क निर्माण ने सिंचाई विभाग लापरवाही बरत रहा है और कार्य मानको के अनुरूप नहीं हो पा रहा है। जिससे उनके घरों की दीवारे गिर गयी हैं और विभाग की लापरवाही से उनके घरों के गिरने का भी खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने कार्य मानको के अनुरूप कराने की मांग की।

## हथियार समेत पकड़ा

**छुटमलपुर।** फतेहपुर पुलिस ने अपराध नियंत्रण की दिशा में एक और सफलता हासिल करते हुए एक आरोपी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी सचिन पूनिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तेलू पुत्र हरपाल, निवासी ग्राम हलवाना, को कमेशपुर बिजली घर के पास से पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध छुरी बरामद की गई। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह छुरी को डराने-धमकाने के उद्देश्य से साथ रखता था। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा संख्या 144/25 दर्ज करते हुए धारा 4/25 आयुध अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, तेलू का आपराधिक इतिहास भी है, जिसमें एनडीपीएस एक्ट और चोरी के प्रयास के मामले शामिल हैं। फिलहाल आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सचिन पूनिया, उपनिरीक्षक जितेंद्र राणा और हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार शामिल थे।

# योजनाओं का मिल रहा लाभः जसवंत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** औद्योगिक विकास एवं संसदीय कार्य राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं का जनता को भरपूर लाभ मिल रहा है।




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारंम्भ मुख्य अतिथि राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने किया।राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आयुष्मान योजना पूरी दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू किया और इसका लाभ उन लोगों को मिल रहा है जो गंभीर बीमारी का इलाज करने में सक्षम नहीं थे। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्वास्थ्य विभाग की चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र में मिलने वाली दवाइयां बाजार में मेडिकल स्टोर पर मिलने वाली दवाओं की कीमत से से काफी कम है। इसका लाभ सभी को मिल रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर प्रवीण कुमार ने स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में बताया तथा प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र में मिलने वाली दवाइयों के बारे में जानकारी देते हुए सभी को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान राज्यमंत्री प्रतिनिधि कृष्णचंद सैनी,सीएचसी प्रभारी डॉ अजीत राठी, औषधि केंद्र के संच. ालक डॉक्टर बसंत कुमार , अनिरुद्ध सैनी,डॉ विपिन सैनी, सचिन पंवार,चौधरी भूप सिंह, प्रमोद कौशिक सहित स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ मौजूद रहा।

# बालाजी धाम में मनाई गुरू पूर्णिमा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सिद्धपीठ श्री बाला. जी धाम में गुरु पुर्णिमा पर्व बड़ी श्रद्धाभाव, हर्ष और उल्लास के बाद मनाया गया।

बेहट रोड स्थित सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम को गुब्बारों और फूलों से बड़े सुंदर ढंग से सजाया गया था। गुरु पूर्णिमा के पर्व पर नगर क्षेत्र और पंजाब, हरियाणा, दिल्ली से आये गुरुभक्तों ने हजारों की संख्या में पंक्तिबद्ध होकर गुरुदेव अतुल जोशी महाराज का तिलक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर विधायक राजीव गुम्बर, मेयर डा.अजय सिंह, पार्षद वीरसेन सिद्धू, पार्षद मयंक गर्ग ने भी धाम में पंहुच कर गुरुदेव का तिलक कर व पटका पहनाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। अतुल जोशी महाराज ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का पर्व शिष्यो का अपने गुरु के प्रति श्रद्धा प्रगट करने का उत्सव है। इस लौकिक संसार मे जिससे भी हमे कुछ सिखते है वो भी हमारा गुरु है । लेकिन हमारे जीवन मे आध्यात्मिक गुरु का होना अतिआवश्यक होता है, वह हमारे जीवन को प्रभु से जोड़ने का मार्ग बताते है।

इस अवसर पर देवेंद्र बंसल, मनोज वालिया, बलबीर सिंह, मयंक जायसवाल, अखिल माहेश्वरी, विवेक, सुरेंद्र कुमार, तपेश्वर, धर्मपाल, अनिल सैनी, सचिन जग्गी, सतीश गुप्ता, रमन सेठ आदि अनेक भक्तों का विशेष सहयोग रहा।

# अपर निदेशक ने किया एबीसी सेन्टर में निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निकाय उ.प्र के अपर निदेशक असलम अंसारी ने आज नगर निगम द्वारा संचालित मां शाकुंभरी कान्हा उपवन गौशाला व श्वान बंध्याकरण एवं एंटी रेबीज टीकाकरण हेतु बेहट रोड स्थित एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला एवं एबीसी सेंटर में की जा रही व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। अपर निदेशक ने निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा को नयी गौशाला निर्माण के लिए भूमि तलाश कर शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।



अपर निदेशक नगर निकाय असलम अंसारी आज दोपहर नवादा रोड स्थित मां शाकुंभरी कान्हा उपवन गौशाला पहुंचे और गौवंश के रखरखाव, चारा-पानी की व्यवस्था, साफ-सफाई व्यवस्था का गौशाला भ्रमण कर निरीक्षण किया। उन्होंने गौमूत्र से गोनाइल (फिनाइल) बनाने की यूनिट, गोबर से दिए बनाने की प्रक्रिया, गोबर गैस प्लांट तथा गोबर से जैविक खाद बनाने की यूनिट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रक्षाबंधन की तैयारियों के लिए गोबर से बनायी जा रही राखियां तथा स्वतंत्रता दिवस के लिए बनाये जा रहे तिरंगा चेस्ट बैज देखकर हर्ष व्यक्त किया।

गौशाला प्रभारी डॉ. संदीप मिश्रा ने अपर निदेशक को बताया कि गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गौशाला में 25 से अधिक गौ-उत्पाद बनाये जा रहे हैं जिसके लिए इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड ने कान्हा गौशाला को 'वर्ल्ड रिकॉर्ड' से सम्मानित किया है। निगम की कान्हा गौशाला को प्रमाण पत्र भी हासिल हो चुका है जिससे निगम के गौ-उत्पादों की विश्वसनीयता बाजार में बढ़ी है। उन्होंने बताया कि निगम की कान्हा गौशाला देश की ऐसी पहली गौशाला बन गई है जिसके उत्पाद ऑन लाइन बिक्री के माध्यम से अब तक नौ राज्यों में भेजे जा चुके है।

इससे पूर्व अपर निदेशक अंसारी ने नगर निगम के बेहट रोड स्थित श्वान बंध्याकरण एवं एंटी रेबीज टीकाकरण हेतु एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर निद. ेशक ने श्वानों का बंध्याकरण कर रहे पशु चिकित्सकों से श्वान बंध्याकरण की प्रक्रिया को गहनता से परखा तथा सेंटर में उपलब्ध श्वान बंध्याकरण सम्बंधी पत्रावलियों का भी अवलो. कन किया। अंसारी ने सेंटर पर कार्यरत कर्मचारियों, डॉग वैन व पशु चिकित्सकों की उपलब्धता देखी तथा दवाओं, एंटी रेबीज वैक्सीन, एनेस्थीसिया आदि के स्टॉक का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने सेंटर में साफ सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए तथा नये एबीसी सेंटर को भी शीघ्रातिशीघ्र क्रियाशील कराने पर जोर दिया।

# अनियंत्रित पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** सहारनपुर विकास नगर मार्ग पर बेहट क्षेत्र की ग्राम दाऊदपुरा के पास अनियंत्रित पिकअप ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया।

ग्रामीणों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को बेहट सी एच सी पहुंचाया जहां पर परीक्षण के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना बुधवार की शाम की है पुलिस नेमृतक के विषय में जानकारी की तो पता लगा कि मृतक कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मझाडी का निवासी है पुलिस ने मृतक के घर वालों को सूचना दी सूचना के बाद उसके परिजन भी सरकारी अस्पताल में पहुंच गए थे मिली जानकारी के अनुसार मृतक रोहित कुमार गांव घुन्ना बिजली घर पर एस एस ओ के पद पर तैनात था वह ड्यूटी करने के बाद अपनी बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था जैसे ही वह ग्राम दाउदपुरा इंटर कालेज के पास पहुंचा तो पीछे से आ रही पिकअप ने बाइक में जोर दार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार रो. हित नीचे सड़क पर गिर पड़ा और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सी एच सी बेहट भर्ती कराया। जहां उसे परीक्षण करने के बाद डॉक्टरों ने मृतक घोषित कर दिया।

# छुटमलपुर में गंभीर समस्या बना अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** कस्बे में इन दिनों अतिक्रमण की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। नगर पंचायत की लापरवाही और उदासीन रवैये के चलते स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। सड़कों, फुटपाथों और नालियों पर दुकानदारों द्वारा कब्जा कर लिया गया है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



सहारनपुर रोड, देहरादून रोड और रोडवेज बस स्टैंड के आसपास अतिक्रमण की स्थिति सबसे गंभीर है। दुकानदारों ने दुकानों के बाहर सामान फैला रखा है, वहीं ई-रिक्शा और ऑटो चालकों ने सड़कों पर मनमर्जी से वाहन खड़े कर रखे हैं। इस अराजकता ने पैदल चलने वालों के लिए भी रास्ता छोड़ना बंद कर दिया है। खासकर बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को सड़क के बीच से गुजरना पड़ता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार मंडरा रहा है।

स्थानीय निवासी लगातार नगर पंचायत से शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत प्रशासन मंगलवार, बुधवार जैसे झूठे वादे कर गुमराह करता रहा, लेकिन आज तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया।

व्यापारियों को भी हो रही है परेशानी एक दुकानदार ने बताया कि अतिक्रमण के कारण ग्राहक दुकानों तक आसानी से नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। वहीं स्थानीय बुजुर्ग शांति देवी का कहना है कि अब फुटपाथ पर चलना भी मुश्किल हो गया है।

लोगों ने यह सवाल उठाया है कि यदि कांवड़ यात्रा के दौरान कोई बड़ी दुर्घटना होती है, तो क्या नगर पंचायत प्रशासन जिम्मेदारी लेगा?अब वक्त आ गया है कि नगर पंचायत वादों से आगे बढ़कर कार्रवाई करे। यदि प्रशासन अब भी निष्क्रिय रहा, तो यह चूक न केवल स्थानीय जनता के लिए खतरनाक साबित हो सकती है, बल्कि एक धार्मिक आयोजन के लिए भी बाधा बन सकती है।

# पुलिस को चुनौती घर के बाहर खड़ी मोटर साईकिल की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** क्षेत्र में कानून व्यवस्था को एक बार फिर खुली चुनौती देते हुए अज्ञात चोरों ने घर के बाहर खड़ी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की इस वारदात ने पुलिस की गश्ती व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए है। पीड़ित आमिर पुत्र इरफान निवासी मौहल्ला बंजारान ने कोतवाली जाकर तहरीर दी है।

चोरी घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी चोरों का सुराग तक नहीं लग पाया है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बाइक चोर गिरोह पूरी तरह सक्रिय हैं। नगर में यह पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व भी रिहायशी इलाके से वाहन चोरी हो चुके हैं। बतादें कि बीते कुछ महीनों में क्षेत्र से कई बदर्जन से अधिक वाहन चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। लेकिन पुलिस ने अब तक किसी एक भी गिरोह का भंडाफोड़ किया। वहीं रात के समय पुलिस गश्त के दावों की हकीकत भी जनता के सामने उजागर हो चुकी है। चोरों को न तो पुलिस का डर है, न ही कानून का। वे बस्तियों के भीतर से वाहन चुराकर आसानी से फरार हो जाते हैं।

कोतवाली प्रभारी अविनाश गौतम का कहना है कि बाइक की तलाश की जा रही है, तथा जल्दी आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया जाएगा।

### सार्वजनिक सूचना

एतद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है सहारनपुर प्रैस क्लब, म.नं. 1/1 झोपिडया भटठा कालोनी, स्टार पेपर मिल स्कूल, नगर निगम सहारनपुर के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी/सदस्य है:-1. श्री नौसाद अध्यक्ष 2. श्री अमर हक उपाध्यक्ष 3. श्री मुस्तकीम सचिव 4. श्री फिरोज खान कोषाध्यक्ष 5. श्री गोविन्द सिंह सदस्य 6. रीता रानी सदस्य 7. श्री रजत कुमार सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है।

यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत क्लब के पंजीकरण के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 20 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर क्लब के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**आज्ञा- ( शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय )**
**सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स, सहारनपुर।**

### सूचना

मैने अपनी पुत्री श्रीमति राधा पत्नि रोहित कुमार को मेरी बिना मर्जी के शादी करने व नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**धनप्रकाश पुत्र तिलकराम निवासी ग्राम मढ़, डाकखाना सहारनपुर, थाना देहात कोतवाली, जिला सहारनपुर।**

### सूचना

मेरा पुत्र मौ. साबिर जिसका व्यवहार और चाल चलन अब सही है, 19/10/2023 को की बेदखली निरस्त कर परिवार में सम्मिलित कर लिया है भविष्य में भी परिवार का सदस्य रहेगा।

**जंग बहादुर पुत्र मुख्तयारा निवासी मौहल्ला महल कस्बा, रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर।**

# मंदिरों व शिक्षण संस्थाओं में बताई गुरू की महत्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों व मन्दिरों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर तल्हेडी बुजुर्ग के प्राचीन शिव मंदिर में सिद्ध गुरु बाबा तीर्थ नाथ की विधि पूर्वक पूजा अर्चना की गई।इस दौरान मंदिर के महंत विजेंद्र नाथ ने बताया कि सिद्ध गुरु बाबा तीर्थ नाथ का भंडारा विगत 80 वर्षो से आषाढ़ महीने में गुरु पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों अनिल और भारते ने बताया कि एक समय हमारे गांव में काफी ओलावृष्टि हुई थी जिसके कारण खेत खलिहानों में लोगों का भारी भरकम नुकसान हुआ था।तब बाबा तीर्थ नाथ ने गांव से लेकर खेतों की सरहदों तक बख्शीश दी थी कि भविष्य में ऐसा नुकसान दोबारा नहीं होगा। इसलिए हर वर्ष की भांति गुरु पूर्णिमा के दिन बाबा तीर्थ नाथ की विधि पूर्वक पूजा अर्चना की जाती है। तत्पश्चात पूजा में उपस्थित सभी लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। इसके अलावा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर तल्हेडी बुजुर्ग कस्बे के भारतीय इंटर कालेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेरठ प्रांत की नागल इकाई के कार्यकर्ता अभिनव बटार द्वारा शविकसित भारत में विद्यार्थियों की भूमिकाश विषय को लेकर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान अभिनव बटार ने कहा कि भारत देश में गुरुओं का विशेष स्थान है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को गुरूओ का सम्मान करने और उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर भारतीय इंटर कॉलेज के उप प्रधानाचार्य रामकिशोर व विनोद कुमार, रविदत्त, विपिन पंवार,दीपक पुंडीर ओर हर्षित शर्मा के साथ अन्य अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# बिना नम्बर प्लेट दौड़ रहे खनन से भर वाहन

**चिलकाना।** क्षेत्र की सड़कों पर बिना नंबर प्लेट के दौडते खनन वाहन एक गंभीर समस्या बने हुए हैं। ऐसे वाहनों से क्षेत्र में अनेको बार सडक दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, लेकिन परिवहन विभाग की लापरवाही के चलते क्षेत्र में ऐसे वाहनों की संख्या दिन प्रतिदिन बढती जा रही है, आरटीओ प्रशासन आंख बंद कर कुंभकर्णी नीन्द सोया हुआ है।

बतातें चलें कि चिलकाना सुल्तानपुर क्षेत्र में खनन से भरे बिना नंबर प्लेट के अनेको डम्पर दौडते रहते हैं। जिस पर परिवहन विभाग की निगाहें करम नजर आती है। आरटीओ प्रशासन सालभर में एक आध बार क्षेत्र में आकर चालान तो जरूर काटता है, लेकिन चालान इन डंपरों के नही बल्कि दोपहिया वाहनों या ऑटो रिक्शा आदि के काटे जाते है। जबकि विभाग द्वारा डम्पर जैसे बडे वाहनों व बिना नंबर प्लेट के वाहनों को आंखे बंद कर नजरअंदाज किया हुआ है। इसी अनदेखी के चलते इन खनन वाहनों द्वारा लगातार सडक परिवहन नियमों की धज्जियां उडाई जा रही है। बिना नंबर प्लेट लगाये वाहनों का संचालन करना पूरी तरह से अवैध है, तथा बिना नंबर प्लेट के वाहन चलना एक गंभीर समस्या के साथ साथ यातायात नियमों का उल्लंघन भी है। दुर्घटना होने पर ऐसे वाहनों की पहचान करना मुश्किल होता है, जिससे अपराधियों को बचने में आसानी हो जाती है। बिना नंबर प्लेट वाहनों के ड्राइवरों के हौंसले भी बुलंद रहते है जिस कारण वह वाहन को काफी तेज गति से चलाते हैं। इसके बावजूद भी आरटीओ विभाग की लापरवाही चरम पर है।

# बाबा के दर्शन को श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** बाबा अमरनाथ बर्फानी के दर्शनों हेतु अट्ठारवीं बार 51 श्रद्धालुओं का एक जत्था हर हर बम बम के जयकारों के साथ बड़े हर्षोल्लास के साथ रवाना हुआ।



नगर से 18 वीं बार बाबा अमरनाथ बर्फानी के दर्शनों के लिए 51 श्रद्धालुओं का जत्था हर हर बम बम के नारों के साथ रवाना हुआ। सुबह सवेरे से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगनी प्रारंभ हो गई।जगह-जगह भगवान महादेव की जय हर हर बम बम बाबा अमरनाथ बर्फानी के जय घोष से आकाश गुंजायमान था। सर्वप्रथम श्रद्धालुओं द्वारा हवन किया गया उसके बाद पूजन आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।इस दौरान नगर पंचायत चेयरपर्सन रेणु बालियान,प्रतिनिधि कुलदीप,पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी,पूर्व ब्लॉक प्रमुख चौधरी नक्षत्र पंवार ने कहा कि अमरनाथ यात्रा को जाने वाले श्रद्धालुओं में उत्साह के साथ बहुत बड़ा हौसला भी है।यह यात्रा बहुत ही कठिन व दुर्गम यात्रा है जिसे भगवान की कृपा से ही कर पाना सम्भव है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को अपनी शुभकामनाएं दी।

इस दौरान प्रधान संजय गुप्ता, राजपाल बाठला, मदन बाठला, जोगेंद्र चौधरी,रविंद्र चौधरी,संदीप शर्मा अमरीश गुप्ता, रजनीश गुप्ता,मुकुल गुप्ता सहित भारी संख्या में स्त्री पुरूष मौजूद रहे।

# झगड़े को लेकर हुई पंचायत में हमला व मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** गांव दभेडा कलां में पूर्व में हुए विवाद के फैंसले को लेकर बैठी पंचायत में एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष पर हमला कर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

बृहस्पतिवार को ग्राम दभेडा कलां निवासी पीड़ित भूषण पुत्र मामचन्द ने जानकारी दी है कि विगत 06 जुलाई को गांव में ही पीडित के पुत्र सचिन का बाईक की साईड देने को लेकर ग्राम तिडफवा थाना बेहट निवासी विपक्षियों के साथ विवाद हो गया था तथा पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की गयी थी। इसी प्रकरण के फैंसले को लेकर आज बृहस्पतिवार को गांव दभेडा कलां में गांव टोडरपुर व गांव दभेडा कला के ग्राम प्रधानों की मौजूदगी में जिम्मेदार व गणमान्य लोगों द्वारा एक पंचायत बैठायी गयी। पीडित भूषण का आरोप है कि पंचायत के कहे अनुसार दोनों पक्षों की सहमति से फैंसलानामा लिखा जा रहा था कि अचानक से विपक्षियों ने लाठी डंडो से पीडित पक्ष के ऊपर हमला करते हुए मारना पीटना शुरू कर दिया। पीडित का कहना है कि विपक्षियो ने तमंचे दिखाकर गाली गलौच करते हुए उसे डराया धमकाया व जान से मारने की धमकी भी दी। भीम आर्मी युवा मोर्चा के पूर्व विधानसभा प्रभारी सुभाष कटारिया के नेतृत्व में पीडित के साथ ग्राम प्रधान हारून, हाजी दिलशाद, नरेश, शाकिब, जाकिर, विपिन, सचिन, इनाम, मांगेराम, रामेश्वर, पाल्ला, अनुज, राजवीर, सादिक ने कार्रवाई की मांग की।

# प्रज्ञा पुराण कथा को दिया विश्राम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** बसंत विहार स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर सात दिवसीय संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा का गुरुवार को यज्ञ और भंडारे के साथ विधिवत समापन हुआ।



3 जुलाई से शुरू यह कथा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर संपन्न हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गायत्री मंत्र दीक्षा ग्रहण की और सद्गुरु के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।कथा प्रवक्ता अशोक गुप्ता ने कहा कि मनुष्य जन्म लाखों योनियों में सर्वश्रेष्ठ है और मानवोचित गुणों को अपनाकर इसकी गरिमा बनाए रखना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। प्रमोद रुहेला ने संगीत के माध्यम से मानव जीवन की सार्थकता को रेखांकित किया।

सीएचसी फतेहपुर के कमल त्यागी ने नशे से बचाव पर जागरूकता साझा की।कार्यक्रम में प्रमोद रुहेला, नीरज कांबोज, शिवकुमार कांबोज, अमित बंसल, डॉ. अक्षय यादव, अखिलेश कौशिश, मुकेश कुमार, संजय कांबोज, सोमपाल सैनी, राकेश कांबोज, डॉ. मनोज राणा, ब्रह्मदेव मिश्रा, अनिल वत्स, पंकज शर्मा, कमलेश, रुचि बंसल, बबीता शर्मा सहित छुटमलपुर, फतेहपुर, भैंसराऊ, मांडुवाला, गदरहेड़ी, मुजफ्फराबाद, मुस्तापुर, संभालकी, रामखेड़ी, बिहारीगढ़, चानचक आदि क्षेत्रों से सैकड़ों अनुयायी भारी संख्या में शामिल हुए।

# गांव में पुलिस चौकी स्थापित करने का किया विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ग्रामीणों ने गांव में पुलिस चौकी स्थानांतरित किए जाने के उच्चाधिकारियों के आदेशों के खिलाफ प्रदर्शन कर गांव में पुलिस चौकी स्थापित नहीं किये जाने की चेतावनी दी हैं। कोतवाली क्षेत्र के सबसे बड़ी आबादी वाले ठाकुर बाहुल्य गांव रणखंडी में वर्ष 2001 में पुलिस चौकी स्थापित की गई थी। जिसका उस समय ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया था। विरोध बढ़ता देख अधिकारियों द्वारा रणखंडी पुलिस चौकी को देवबंद कुलसठ मार्ग पर स्थानांतरित कर दिया गया था। तब से लेकर आज तक उक्त पुलिस चौकी इसी स्थान पर चल रही है। गांव में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर हाल ही में उच्चाधिकारियों द्वारा रणखंडी पुलिस चौकी को पुन: गांव में स्थानांतरित करने के आदेश दिए गए हैं। जिसका एक बार फिर ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया है।



गुरुवार को काफी संख्या में एकत्रित हुए ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए पुलिस चौकी गांव में स्थानांतरित न किए जाने की मांग की साथ ही ऐसा न होने पर हर स्तर पर विरोध करने की चेतावनी भी दी। ग्रामीण सत्य राणा, मंदीप राणा, शुभम राणा आदि का कहना है कि अब तो वह छोटे मोटे विवाद गांव में आपस में ही सुलझा लेते हैं। पुलिस चौकी के आ जाने से दलाल प्रवृति के लोग पुलिस के साथ मिलकर लोगों को परेशान करेंगे। कहा कि ग्रामीण अपने छोटे-छोटे विवाद स्वयं सुलझा लेने में सक्षम है। पुलिस चौकी गांव में स्थानांतरित करने की आवश्यकता नहीं है। प्रदर्शन करने वालों में अक्षय राणा, अतुल राणा, सुखपाल सिंह, जानिसार, रजनीश, नकुल शर्मा, अनिल राणा आदि शामिल रहे।

# पैथोलोजी लैब के खिलाफ सीएमओ को भेजा शिकायती पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** खून की जांच की गलत रिपोर्ट देने लिए पैथोलोजी लैब के खिलाफ सीएमओ को शिकायती पत्र भेजकर जांच कर उचित कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

शुगर मिल कॉलोनी निवासी संजीव दुग्गल ने नगर स्थित एक पैथोलॉजी लैब पर गलत रिपोर्ट देने का आरोप लगाया। पीडित ने सीएमओ को भेजे पत्र में उक्त लैब संचालक और ऑपरेटर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पीडित ने पत्र में बताया कि उसने लिपिड प्रोफाइल के लिए खून की जांच के लिए पांच जून को नमूना उक्त लैब पर दिया था।

दुग्गल ने आरोप लगाया कि उक्त लैब से उन्हें गलत रिपोर्ट दी गई। जब उन्होंने चिकित्सक की सलाह पर पुन: नगर स्थित अन्य दो लैब से लिपिड प्रोफाइल बनवाई तो संभंवत वह ठीक आया। उन्होंने सीएमओ से बड़े नामो से चलाई जा रही उक्त लैब के स्टॉफ की जांच कराए जाने सहित कार्रवाई की मांग की।

## कोल्ड ड्रिंक में जहर देने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संदिग्ध प्रस्थितियो में जहरीले पद्धार्थ के सेवन से उपचार के दौरान मौत हो जाने पर परिजनों ने गांव के ही पिता-पुत्र सहित तीन लोगों पर कोल्ड ड्रिंक व शराब में जहर देने का आरोप लगाया। कोतवाली क्षेत्र के गांव रणखंडी के पछाया पट्टी निवासी रोहताश सिंह ने अपने करीबी रिश्तेदारों पर उसके भाई लक्ष्मी शंकर को बीती चार जुलाई को कोल्डड्रिंक और शराब में जहर मिलाकर देने का आरोप लगाया। रोहताश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि हालत बिगड़ने पर उन्होंने अपने भाई को देवबंद के रेलवे रोड स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां से हालत में सुधार न होने पर उसे मेरठ स्थित एक अस्ताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मंगलवार देर रात मौत हो गई। उधर, पुलिस के मुताबिक मृतक का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। उधर, बुधवार देर शाम मृतक का शव पोस्टमार्टम से आने के बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

# हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई विभिन्न स्थानों पर गुरु पूर्णिमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गुरु पूर्णिमा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई गई। विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर हवन यज्ञ कर गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्राचीन सिद्धकुटी आश्रम में वैदिक यज्ञ का आयोजन हुआ। भजनोपदेशक राजबीर सिंह ने भजनों के माध्यम से बताया कि माता, पिता और शिक्षक तीनों गुरुओं में से माता प्रथम गुरू होती है। आश्रम संचालक स्वामी शातंनु महाराज ने अभिभावकों से अपने बच्चों को वैदिक धर्म के रास्ते पर चलाने का आह्वान किया। सुरेंद्र आर्य, डा. अमित सिंह, अमरेश आर्य ने भी विचार रखें। यजमान सुनील त्यागी रहे और संचालन जनेश्वर प्रसाद आर्य ने किया। डा. कांता त्यागी, अजब सिंह आर्य,



विपिन आर्य आदि मौजूद रहे। जीवन योग फाउंडेशन ट्रस्ट के कार्यक्रम में गुरू राजपाल महाराज के शिष्य ऋतंभरा ने यज्ञ संपन्न कराया। अध्यक्ष विशाल पुंडीर, विकास पुंडीर, अनुज प्रजापति, अंकित चौहान आदि मौजूद रहे। आरके पब्लिक स्कूल में कक्षा नौ से 12 तक



के छात्र छात्राओं ने गुरुओं के सम्मान में दोहे, कविताएं और भाषण प्रस्तुत किए। विद्यालय के चेयरमैन राजेश चौहान, डा. कुलदीप राणा, प्रधानाचार्या मोनिका कपूर आदि मौजूद रहे। गुरू पूर्णिमा पर्व पर श्री दिगंबर जैन मंदिर सरागवाड़ा में धार्मिक कार्यक्रम हुआ। जैन समाज के लोगों ने 24 तीर्थंकरों और आचार्यों की पूजा अर्चना की। दीप प्रज्जवलित महेश कुमार, अजय कुमार व संजय जैन, गुरू पाद प्रक्षालन आकाश कुमार, अभिषेक कुमार व प्रखर जैन और शास्त्र भेंट रविंद्र कुमार, रजत जैन व सजल जैन ने किया। अंकित कुमार व अविरल जैन ने आचार्य श्री पुष्पदंत सागर महाराज के चित्र का अनावरण किया। आचार्य श्री 108 अरुण सागर महाराज ने कहा कि जैन समाज में गुरू पूर्णिमा का विशेष महत्व है। इस दिन जैन मंदिरों में विशेष पूजा, अभिषेक, आरती और धार्मिक कार्यक्रम होते हैं। इस मौके पर देवबंद के साथ ही सरसावा और मुजफ्फरनगर के जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

## बारिश से हुई दुखद घटना

**देवबन्द।** मूसलाधार बारिश से दुखद घटना ने गांव के लोगों को हिला कर रख दिया है। श्मशान घाट में ग्रामीण राजेश धीमान की अस्थियां बरसात के पानी में बह गईं। जिससे परिजनों को अवशेषों को खोजने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। कई घंटों की मशक्कत के बाद उन्हें केवल तीन से चार अवशेष ही मिले।

खेड़ी आसा के माजरा जलालपुर गांव में तीन दिन पूर्व राजेश धीमान (45) की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी। अंतिम संस्कार गांव के श्मशान घाट पर किया गया था। बुधवार को हुई मूसलाधार बारिश के पानी से उनके अवशेष बह गए। बृहस्पतिवार को तीसरे दिन जब परिजन अस्थियां चुनने श्मशान घाट पहुंचे तो वहां के हालात देख उनकी आंखे नम हो गईं। कई घंटे वह पानी में अस्थियां तलाशते रहे। उन्हें केवल तीन से चार अवशेष ही मिले सके। जिन्हें हरिद्वार में विधिविधान के साथ विसर्जित किया गया। श्मशान घाट की स्थिति को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। स्थानीय निवासी जयवीर सिंह, हरपाल सिंह, दिनेश कुमार, मांगेराम, योगेश आदि ने बताया कि ग्राम प्रधान वैसे तो उनके परिवार से ही हैं, लेकिन विकास कार्यों को लेकर संजीदा नहीं है। लापरवाही के चलते आज तक गांव के लोग श्मशान घाट में न तो किसी तरह का निर्माण हुआ और न ही टीनशेड़ डाली गई। शव यात्रा को ले जाने के लिए भी रास्ता तक नहीं है। ग्रामीणों का कहना था वर्षों से वह श्मशान में व्यवस्था कराए जाने की मांग कर रहे हैं।

# गुरूओं को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में गुरू पूर्णिमा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अध्यापको ने अपने-अपने गुरूओं को नमन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। बच्चो व शिक्षको ने गुरू वंदना गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल प्रागण में आयोजित गुरू पूर्णिमा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के संरक्षक हरि सिंह सैनी ने गुरू जी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। एवं अध्यापिकाओं ने अपने-अपने गुरूओं को नमन कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने शिक्षको ने



तिलक लगा व उपहार देकर सम्मानित किया।

स्कूल के प्रधानाचार्य रूपेश कुमार सैनी ने गुरू जी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर अपने गुरू स्वरूप पिता की वन्दना कर बच्चो को अपने गुरूओं का सम्मान एवं उनकी बातो पर अमल करना चाहिए। इस अवसर पर शिव कुमार सैनी, श्रीमति अनिता सैनी, श्रीमति वन्दना ध्रूव, श्रीमति सुनिता तोमर, श्रीमति सुनिता चौधरी, सतपाल, संदीप कुमार धीमान आदि अध्यापक अध्यापिकाएं शामिल रहे।

# चिल्लर के वायरल वीडियो को लेकर पूर्व जज मनोज गंभीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता, पूर्व जज एवं नगीना लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सपा प्रत्याशी मनोज कुमार ने मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक सहित अन्य अधिकारियों को पत्र लिख कर सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में 'चौधरी हर्षवर्धन चिल्लर' द्वारा दिए गए भड़काऊ, प्रशासन को धमकाने एवं सामाजिक वैमनस्य फैलाने वाले भाषण की तत्काल जांच व दंडात्मक कार्यवाही सहित शांति स्थापित करने का अनुरोध किया है।

पत्र में कहा गया है कि मैं अत्यंत गंभीरता और तात्कालिकता के साथ आपके संज्ञान में एक वायरल वीडियो भाषण लाना चाहता हूँ, जो हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और मैसेजिंग ग्रुप्स में व्यापक रूप से प्रसारित हुआ है। इस वीडियो में 'चौधरी हर्षवर्धन चिल्लर' नामक व्यक्ति स्वयं को 'जाट समाज' का प्रतिनिधि बताता है।

उसके द्वारा एक आक्रामक, भय और नफरत फैलाने वाला तथा शासन-प्रशासन को सीधा-सीधा धमकाने वाला भाषण दिया गया है।

**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र राहुल और पुत्रवधू प्रमिला मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। उक्त दोनों के व्यवहार से तंगकर मैं दोनों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उनसे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उक्त दोनो के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होंगे।

**राम किशन पुत्र बाबू राम**
निवासी: सुपर विहार कालोनी, भूतेश्वर मंदिर रोड, थाना मण्डी सहारनपुर।

**सूचना**

मैंने अपना नाम AKTHTARI से बदलकर AKHTARI रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

AKHTARI W/O
MAHATAB KHAN 293
BUNTA THANA BHAVAN
SHAMLI 24777

**सूचना**

एलआईसी की पॉलिसी संख्या 273594917 में मेरा नाम इफतकार व आधार कार्ड में मौ. इस्तकार है। दोनों नाम मेरे हैं।

इफतकार उर्फ मौ. इस्तकार पुत्र युसूफ निवासी ग्राम लबकरी, देवबंद, सहारनपुर।

**न्यायालय श्रीमान उप संचालक चकबन्दी सहारनपुर महोदय सहारनपुर**

निगरानी संख्या सन 2024-25

श्रीमती कनीजा आदि **बनाम** अख्तर हसन आदि

निगरानी अंतर्गत धारा 48 (1) जो0 च0अ0 भूमि स्थित ग्राम कुण्डा परगना गंगोह तहसील नकुंड जिला सहारनपुर।

**नियुक्त तिथि: 17.07.2025**

**नोटिस बनाम** -1. अख्तर हसन पुत्र केशूदीन (तथाकथित पुत्र. सूदा) निवासी ग्राम लापरा पोस्ट कलानौर तहसील जगाधरी जिला यमुनानगर (हरियाणा), 2. महमून हसन, 3. मौ0 रफी, 4. महबूब हसन पुत्रगण सूदा निवासीगण ग्राम कुण्डा परगना गंगोह तहसील नकुंड जिला सहारनपुर।

उपरोक्त निगरानी 1. श्रीमती कनीजा विधवा सूदा, 2. इरफान पुत्र सूदा 1 निवासीगण ग्राम कुण्डा परगना गंगोह तहसील नकुंड जिला सहारनपुर के द्वारा अंतर्गत धारा 48 (1) जो0च0अ0 भूमि स्थित ग्राम कुण्डा परगना गंगोह तहसील नकुंड जिला सहारनपुर प्रस्तुत की गयी है।

अत: उक्त के निमित्त हुई हाजा नोटिस द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि यदि इस सम्बन्ध में आप कोई आपत्ति /साध्य करना चाहते है तो नियत दिनांक 17.07.2025 को प्रात: 10.00 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते है। यदि इस सूचना के बावजूद भी आपके द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति / साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो यह मानते हुए कि उक्त के सम्बन्ध में आपको कुछ नहीं कहना है तदनुसार न्यायालय द्वारा समुचित आदेश पारित कर दिया जाएगा।

दिनाक : 03.07.2025

उप संचालक चकबन्दी
सहारनपुर

**न्यायालय अपर आयुक्त (प्रशासन) द्वितीय सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।**

अपील संख्या-सी-20240900000 1598

अन्तर्गत धारा-207 उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 ग्राम भोजेवाला परगना सहारनपुर तहसील बेहट जिला सहारनपुर।

सुरेश कुमार **बनाम** रमेश कुमार आदि

नोटिस बनाम

1-रमेश कुमार पुत्र जादो सिंह, 2-बोबी पुत्र जादो सिंह, 3-रिशु पुण्डीर, 4-मिलन पुत्रगण जोहर सिंह, 5-श्रीमती बबीता पत्नी स्व0 जोहर सिंह, 6-मीना पत्नी प्रमोद कुमार, 7-उपासना पत्नी अजय सिंह, 8-विकास पुण्डीर, 9- प्रिंस पुण्डीर पुत्रगण मनोज निवासीगण ग्राम भोजेवाला परगना सहारनपुर तहसील बेहट जनपद सहारनपुर, 10-ग्राम सभा/ग्राम पंचायत ग्राम भोजेवाला परगना व तहसील व जिला सहारनपुर।

प्रस्तुत अपील, अपीलार्थी सुरेश कुमार पुत्र जादो सिंह निवासी ग्राम भोजेवाला परगना सहारनपुर तहसील बेहट जिला सहारनपुर ने न्यायालय उपजिलाधिकारी बेहट, जनपद सहारनपुर के वाद संख्या-000309/2021, टी20210 9600200309 धारा-116 उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006, बोबी बनाम सुरेश कुमार आदि में पारित आदेश 24.10.2024 के विरूद्ध अपील इस न्यायालय में योजित हुई है, जिसमें आपको भी पक्षकार बनाया गया है, तथा इस अपील में दिनांक 17.07.2025 नियत है।

अत: इस नोटिस सूचना के आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 17.07.2025 को प्रात: 10:00 बजे अपने अधिवक्ता सहित अपील में पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित हों। यदि सूचना के बाद आप उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है, तथा न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जायेंगे।

दिनांक:-03.07.2025

आज्ञा से
अपर आयुक्त (प्रशासन) द्वितीय सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर

## विद्युत लाइन पर पेड़ गिरने से आपूर्ति बाधित

**कोतवाली देहात।** ग्राम बांकपुर के जंगल में बिजली की लाइन पर पेड़ टूट कर गिर गया। इसके चलते चार खंभे टूट गए तथा कई गांव की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। विद्युत कर्मचारी आपूर्ति सुचारू करने का प्रयास कर रहे हैं।

बृहस्पतिवार दोपहर लगभग **3:30** बजे हल्की बारिश आई, जिसके बाद ग्राम बांकपुर में लाइन के पास खड़ा एक पेड़ टूट कर गिर गया। पेड़ गिरने से लाइन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा चार खंबे टूट गए। लाइन क्षतिग्रस्त होने के चलते कई गांव की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। फीडर से जुड़े ग्राम शादीपुर, सलेमपुर गधेली, वेगावाला, कुम्हेडा, आलूवाला, सहसूवाला तथा बांकपुर सहित कई गांव की विद्युत आपूर्ति हो गई। सूचना पर विद्युत कर्मचारी पहुंचे तथा लाइन सुचारु करने का प्रयास किया। ग्रामीण चौधरी देवेंद्र सिंह ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा बेहद लंबी लाइन कर दी गई है, जिससे जरा सा फाल्ट आने पर कई गांव की बत्ती गुल हो जाती है। पेड़ों वाले स्थान पर विद्युत लाइन बना दी गई है । पेड़ गिरने से आए दिन विद्युत आपूर्ति ठप हो जाती है।

इस संबंध में अवर अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि लाइन पर पेड़ गिरने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है। शीघ्र ही आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

## सिविल लाइन में डिवाइडर की जरूरत

**बिजनौर।** सिविल लाइन में शक्ति चौक से लेकर पालिका कार्यालय तक अगर डिवाइडर बना दिया जाए और किनारे नालियों तक वाहनों के गुजरने के लिए सड़क चौड़ी कर दी जाए, तो इस समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा। साथ ही अतिक्रमणकारी सामान बाहर रखने का जोखिम भी नहीं उठा पाएंगे।

# फिल्म उदयपुर फाइल्स के खिलाफ याचिका दायर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत ने दारुल उलूम के मोहतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी से परामर्श कर फिल्म उदयपुर फाइल्स के खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की। हालांकि इससे पूर्व जमीयत के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान फिल्म के रिलीज होने से पूर्व विवादास्पद अंश हटाने और जमीयत की लीगल टीम को फिल्म की स्क्रीनिंग कराने के लिए निर्देशित किया है।

जमीयत उलेमा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी के निर्देश पर जमीयत की तमिलनाडू इकाई के महासचिव हाजी अहमद हसन ने मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर कर फिल्म उदयपुर फाइल्स पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की। साथ ही अदालत से अनुरोध किया कि वह राज्य सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) को निर्देशित करें कि फिल्म के रिलीज को तत्काल प्रभाव से निलंबित करे। साथ ही विषयवस्तु की कानूनी दायरें के भीतर समीक्षा कर आवश्यक संशोधन किया जाए। याचिका में यह भी कहा गया कि अभी तक मिली जानकारी के अनुसार फिल्म न सिर्फ भड़काऊ और घृणास्पद होने के साथ-साथ देश के सांप्रदायिक सद्भभाव को नुकसान पहुंचा सकती है। कहा कि फिल्म में दारुल उलूम देवबंद को जहां निशाना बनाया गया है वहीं सर तन से जुदा के नारे को सीधे देवबंद और दारुल उलूम के प्रमुख जिम्मेदार से जोड़ा गया है। कहा कि फिल्म में केवल एक संस्थान पर ही नहीं बल्कि मुस्लिम समुदाय और शिक्षण एवं आध्यात्मिक केंद्र पर हमला किया है। याचिका में कहा गया कि फिल्म में पैंगबर मोहम्मद की शान में भाजपा की पूर्व प्रवक्ता का आपत्ति जनक बयान भी शामिल किया गया है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के एक गुट के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि दारुल उलूम मोहतमिम से परामर्श और निर्देश के बाद ही उनकी लीगल टीम ने अदालत का रुख किया है। उन्होंने अदालत से अनुरोध किया फिल्म को सिनेमाघरों, ओटीटी प्लेटफार्मो और सोशल मीडिया के प्लेटफार्मो पर तब तक रिलीज न किया जाए जब तक इसकी कानूनी रुप से जांच करके आवश्यक संशोधन न कर दिया जाए।

**शांतिभंग में चालान- स्योहारा।** नगर पालिका द्वारा शासन के निर्देशानुसार लागू किए गए हाउस टैक्स के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए धरने के दौरान पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी और कुछ भाजपा नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने पालिका अध्यक्ष को रात्रि लगभग **9** बजे थाने बुलाया।

# श्री मण्केश्वर महादेव मंदिर में महापुराण कथा का शुभारंभ



**देवबन्द।** प्राचीन सिद्धपीठ श्री मण्केश्वर महादेव मंदिर मानकी में गुरुवार को सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ किया गया। प्रथम दिन कथाव्यास ने कथा का महत्व बताया।

मंगल कलश यात्रा के उपरांत प्रारंभ हुई कथा में वृंदावन से आई कथाव्यास साध्वी चित्रा शुक्ला दीदी ने कहा कि शिव महापुराण हिंदू धर्म के 18 पुराणों में से एक है। इसमें भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों, अवतारों, ज्योतिर्लिंगों और उनसे संबंधित कथाओं का वर्णन है। शिव महापुराण कथा सुनने से कष्ट और पाप नष्ट हो जाते है। इस कथा को सुनने का अधिकार उसी व्यक्ति का है।

जो घर में अपने माता पिता की सेवा और सम्मान करता है। इस कथा को सुनने से प्रेत आत्माओं का भी उद्धार हो जाता है। कथा के यजमान चौधरी अर्जुन सिंह व अनिल कुमार रहे। इस मौके पर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष चौधरी प्रविंद्र कुमार, विजय सिंघल, महक सिंह, संसार सिंह, मुनीष जैन, शिवकुमार, मनोज राठौर, ओमकार सिंह, राजेश सिंघल आदि मौजूद रहे।

# स्कूल बस अनियंत्रित होकर पलटी, विद्यार्थी व अध्यापिकाएं घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** स्कूल मिनी बस दूसरी बस को ओवरटेक करने के प्रयास में पेड़ से टकराकर अनियंत्रित होकर खेतों के किनारे गड्ढे में जा गिरी। बस में लगभग **25** से **30** स्कूल के बच्चे व अध्यापिकाएं सवार थे। सभी लोग चोटिल हो गए, जिसमें आधा दर्जन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बड़ा हादसा होने से टला। घटना को लेकर बच्चों के अभिभावकों में दहशत का माहौल है अधिकतर स्कूलों में बिना कागजों और बिना फिटनेस के डग्गामार खस्ताहाल, खटारा वाहनों द्वारा स्कूल के बच्चों को ढ़ोया जाता है। आरटीओ सहित जनपद के आला अधिकारी शिकायत करने के बावजूद भी स्कूलों में चल रहे वाहनों की जांच नहीं करते है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के विजयनगर (कादराबाद) स्थित सन साइन स्कूल की बस गुरुवार को प्रात: स्कूल के बच्चे व अध्यापिकाएं लेकर स्कूल जा रही थी, जिसे नई कॉलोनी कालागढ़ (उत्तराखंड) निवासी रवि कुमार चला रहा था। बस चालक द्वारा दूसरी बस को ओवरटेक करने के प्रयास में बस कालागढ़ अफजलगढ़ मार्ग स्थित चौहड़वाला मोड़ पर अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकराकर खेत के किनारे गड्ढे में जाकर पलट गई। बस में लगभग **25** से **30** स्कूल के बच्चे व अध्यापिकाएं सवार थे। बस पलटते ही चीख पुकार मच गई। राहगीरों ने स्कूल के बच्चों व अध्यापकों को खिड़की व शीशे तोड़कर बाहर निकाला एवं उन्हें तुरंत ही पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर रूप से घायल आधा दर्जन स्कूल के बच्चे व एक अध्यापिका को सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कर दिया गया। बस का रजिस्ट्रेशन संख्या **HR45A1445** है, जिसकी **2007** को समय सीमा समाप्त हो गई है। बस का रजिस्ट्रेशन हरियाणा प्रदेश का है। बस का रजिस्ट्रेशन किसके नाम पर है। कुल मिलाकर उक्त बस डग्गामार में चल रही थी। साथ ही खस्ताहाल बस का फिटनेस भी नहीं थी। प्राइवेट स्कूलों में भारी मात्रा में एक्सपायरी रजिस्ट्रेशन व खस्ताहाल मिनी बसों, कारों, पिकअप व ई-रिक्शाओं में भूसे की तरह भरकर स्कूल के बच्चों को ढ़ोया जाता है जो स्कूल के बच्चों को जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे है। गौरतलब है कि इस घटना के पूर्व भी जनपद में कई स्थानों पर खस्ताहाल स्कूल बसें दुर्घटना ग्रस्त हो चुकी है, जिसमें कई बच्चों की जान जा चुकी है परंतु शिकायत करने के बावजूद जनपद के अधिकारी स्कूलों का निरीक्षण करना गंवारा नहीं समझते हैं। सूत्रों की माने तो इन बसों के स्वामी व स्कूल संचालक एआरटीओ कार्यालय को दलालों के माध्यम से तयशुदा मासिक रकम पहुंचाते हैं, जिस कारण खस्ताहाल डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई नहीं हो पाती है। जनपद की कर्मठ इमानदार





जिलाधिकारी को संज्ञान में लेकर स्कूलों में चल रहे इस प्रकार के वाहनों की जांच कराकर वाहन स्वामियों व स्कूल संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही करनी चाहिए। घायल होने वालों में मुख्य रूप से स्कूल की अध्यापिका निधी (12 वर्ष) पत्नी चेतन मीरापुर तथा विद्यार्थियों में पवन कुमार (12) वर्ष पुत्र दिनेश कुमार बनियोवाला, दक्ष कुमार व मयक पुत्रगण राज. कुमार बनियोवाला, रघुवीर 14 वर्ष पुत्र इंद्रजीत बनियोवाला, निशा 8 वर्ष पुत्री रोहित कालागढ़, शुभ पदमोल पुत्र नरेश पदमोल भिककावाला, राकेश पुत्र दिनेश बनियोवाला, प्रभदीप कौर 12 वर्ष पुत्री विचित्र सिंह मीरापुर घायल हो गए।




## भारतीय महिला टीम ने रचा इतिहास

# भारत ने इंग्लैंड में सीरीज जीती

● **भारतीय महिला टीम ने चौथे टी-20 मैच में इंग्लैंड को 18 गेंद शेष रहते छह विकेट से हराया, राधा यादव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** राधा यादव और श्री चरणी (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद स्मृति मंधाना (32) और शेफाली वर्मा (31) की शानदार पारियों की मदद से भारतीय महिला टीम ने चौथे टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को 18 गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त बना ली है। राधा यादव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। बुधवार देर रात खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड के 127 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय महिला टीम के लिए स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 56 रन जोड़े। सातवें ओवर में शार्लेट डीन ने शेफाली वर्मा (19 गेंदो में 31 रन) को आउट इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी जेमिमाह रॉड्रिग्स ने मंधाना के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। नौवें ओवर में सोफी एक्लस्टोन ने स्मृति मंधाना (31 गेंदों में 32 रन) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। भारत का तीसरा विकेट कप्तान हरमनप्रीत कौर (26) रन के रूप में गिरा। अमनजोत कौर (दो) रनआउट हुई। भारतीय टीम ने 17 ओवर में चार विकेट पर 127 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया। जेमिमाह रॉड्रिग्स (22) और ऋचा घोष सात रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड की ओर से शार्लेट डीन, सोफी एक्लस्टोन और इसी वॉन्ग ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 126 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 21 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट डेनियल वायट (पांच) के रूप में गंवा दिया। उन्हें श्री चरणी ने अरुंधति के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद दीप्ति शर्मा ने लिए सोफिया डंकली (22) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। टैमी बोमॉन्ट (20) को राधा यादव ने तथा ऐलिस कैप्सी (18) को श्री चरणी ने पगबाधा आउट किया। एमी जोंस (नौ), पेज स्कोफील्ड (16) और शार्लेट डीन (चार) रन बनाकर आउट हुई। सोफी एक्लस्टोन (16) और इसी वॉन्ग 11 रन बनाकर नाबाद रही। भारत की ओर से राधा यादव और श्री चरणी ने दो-दो विकेट लिए। अमनजोत कौर और दीप्ति शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## महिला टी-20 विश्व कप 2026 के लिए तीन स्थानों पर होंगे अभ्यास मैच

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि बर्मिंघम में 12 जून से शुरू होने वाले महिला टी-20 विश्वकप 2026 से पहले कार्डिफ सोफिया गार्डन्स, डर्बी काउंटी ग्राउंड और लॉफबोरो विश्वविद्यालय में अभ्यास मैच खेले जायेंगे। तीनों स्थलों ने हाल के दिनों में महिला क्रिकेट के महत्व को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अगले साल इंग्लैंड और वेल्स द्वारा आयोजित होने वाले टी-20 विश्वकप के 10वें संस्करण से पहले ये अभ्यास मैचों की मेजबानी करेंगे। इस टी-20 विश्वकप में भाग लेने वाली 12 टीमों में से आठ का चयन हो चुका है और अगले साल की शुरुआत में महिला टी-20 विश्व. कप क्वालीफायर के जरिए अंतिम चार टीमों का फैसला होगा। ये 12 टीमें 2026 में इंग्लैंड और वेल्स के सात स्थानों पर 24 दिनों तक 33 मैच खेलेंगी और खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगी। आईसीसी ने टी-20 विश्वकप के कार्यक्रम और ग्रुप की घोषणा पिछले महीने की थी। इंग्लैंड 12 जून को बर्मिंघम में टूर्नामेंट के पहले मैच में श्रीलंका की मेजबानी करेगा और उसके बाद पांच जुलाई को लॉर्ड्स में फाइनल होगा।

ग्रुप-1 में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, भारत और पाकिस्तान के साथ-साथ ग्लोबल क्वालीफायर की दो टीमें शामिल हैं।

**ग्रुप-2** में मेजबान इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और ग्लोबल क्वालीफायर की अन्य दो टीमें शामिल हैं। टूर्नामेंट के सभी मुकाबले एजबस्टन, हैम्पशायर बाउल, हेड़िंग्ले, ओल्ड ट्रैफर्ड, द ओवल, ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड और लॉर्ड्स में खेले जायेंगे।

## ओमान करेगी टी-20 विश्वकप एशिया और पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालिफायर की मेजबानी

● **12 से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के लिए 9 टीमों को तीन-तीन के तीन समूहों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सुपर सिक्स चरण में पहुंचेगी**

**दुबई, वार्ता।** ओमान अक्टूबर में होने वाले टी-20 विश्वकप एशिया और पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालीफायर की मेजबानी करेगा। ओमान होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप एशिया और पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालीफायर में नौ टीमें भाग लेंगी। 12 से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के लिए इन नौ टीमों को तीन-तीन के तीन समूहों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सुपर सिक्स चरण में पहुंचेंगी।

2024 के उप-क्षेत्रीय क्वालीफायर कुवैत, मलेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, जापान और समोआ, नेपाल, पापुआ न्यू गिनी और मेजबान टीम अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व. कप में तीन स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इन टीमों में से ओमान, नेपाल, पापुआ न्यू गिनी और संयुक्त अरब अमीरात पहले पुरुष टी-20 विश्वकप में भाग ले चुके हैं। यह टूर्नामेंट 10 दिनों तक चलेगा, जिसमें ग्रुप चरण के मुकाबले आठ से 10 अक्टूबर तक होंगे। सुपर सिक्स चरण के आखिर में, शीर्ष तीन टीमें भारत और श्रीलंका में आयोजित होने वाले पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में अपनी जगह पक्की करेंगी। ग्रुप 1 में संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया और कतर शामिल हैं, जबकि ग्रुप 2 में नेपाल और कुवैत के साथ-साथ पूर्वी एशिया-प्रशांत की उभरती हुई ताकत जापान शामिल है। मेजबान ओमान, पापुआ न्यू गिनी और समोआ के साथ ग्रुप 3 में है। इस बीच, पूर्वी एशिया-प्रशांत महिला टीम की टी-20 विश्व कप 2026 में शुरुआत की भी घोषणा कर दी गई है, जो सितंबर में होने वाले क्वालीफाइंग स्पर्धा के जरिए होगी। आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप ईएपी क्वालीफायर 9-15 सितंबर तक फिजी के सुवा में आयोजित किया जाएगा। मेजबान टीम क्वालीफायर के लिए वानुअतु, पापुआ न्यू गिनी, इंडोनेशिया, जापान, समोआ, कुक आइलैंड्स और फिलीपींस का स्वागत करेगी। फाइनल से पहले टीमों को चार-चार के दो समूहों में विभाजित किया जाएगा, जहां विजेता टीम आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप ग्लोबल क्वालीफायर के लिए क्वालीफाई करेगी।

## राधा यादव ऑस्ट्रेलिया दौरे पर संभालेगी भारत 'ए' टीमों की कप्तानी

**बीसीसीआई की महिला चयन समिति ने 7 से 24 अगस्त तक होने वाले आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम घोषित की**



**नई दिल्ली, वार्ता।** लेफ्ट आर्म स्पिनर राधा यादव अगस्त में ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत ए टीमों की कप्तानी संभालेंगी। भारत इस दौरे में तीन टी-20 व इतने ही 50 ओवर के मैच खेलेगा, जिसके बाद एक चार दिवसीय मैच होगा। बीसीसीआईकी महिला चयन समिति ने 7 से 24 अगस्त, 2025 तक होने वाले आगामी बहु प्रारूप ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत ए महिला टीम की घोषणा कर दी है।

भारत ए महिला टीम तीन टी-20 और इतने ही 50 ओवर के मैच खेलेगी, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ एक चार दिवसीय मैच होगा। यह दौरा 7 अगस्त, 2025 को मैके में शुरू होगा, जहां तीन टी-20 मैच खेले जाएंगे। इसके बाद मुकाबला नॉर्थ्स, ब्रिस्बेन में होगा, जहां तीन 50 ओवर के मैच खेले जाएंगे और उसके बाद एलन बॉर्डर फील्ड में चार दिवसीय मैच खेला जाएगा।

**टी-20 टीम:** राधा यादव (कप्तान), मिन्नू मणि (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, डी-वृंदा, सजना , उमा छेत्री (विकेटकीपर), राघवी बिस्ट, श्रेयंका पाटिल, प्रेमा रावत, नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), तनुजा कंवर, जोशिता वीजे, शबनम शकील, साइमा ठाकोर, तितास साधु

**वनडे और बहु-दिवसीय टीम:** राधा यादव (कप्तान), मिन्नू मणि (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, तेजल , राघवी बिस्ट, तनुश्री सरकार, उमा छेत्री (विकेटकीपर), प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, नंदिनी , धारा, जोशितो, शबनम शकील, साइमा र, तितासु (श्रेयंका व प्रियाका चयनित हुई।

## डोप परीक्षण में विफल होने पर जैस्मीन निलंबित

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय शॉटपुट खिलाड़ी जैस्मीन कौर को नाडा ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है, क्योंकि उनके डोप परीक्षण में प्रतिबंधित पदार्थ की मौजूदगी का पता चला है। जैस्मीन का नाम अस्थायी निल. बन के तहत आने वाले एथलीटों की नवीनतम सूची में शामिल है, क्योंकि उनका परीक्षण टरबुटालाइन के लिए सकारात्मक आया था। टरबुटालाइन को एक उत्तेजक पदार्थ के रूप में वर्गीकृत किया गया है और यह अक्सर आम खांसी की दवाइयों में पाया जाता है। पंजाब का प्रतिनिधित्व करने वाली 22 वर्षीय इस एथलीट ने इस साल की शुरुआत में देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में 15.97 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक जीता था।




## रियल मैड्रिड को 4-0 से हराकर पीएसजी क्लब विश्वकप के फाइनल में

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने स्पेनिश दिग्गज रियल मैड्रिड को 4-0 से रौंदकर फीफा क्लब विश्वकप 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। अब उसका मुकाबला पहले सेमीफाइनल की विजेता चेल्सी एफसी से होगा। मेटलाइफ स्टेडियम में बुधवार रात खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में पीएस जी की ओर से फैबियन रुइज ने (छठे, 24वें) मिनट में गोल किये। वहीं ओस्मान डेम्बेले ने नौवें मिनट में गोल दागा। इसके आलवा स्थानापन्न गोंकालो रामोस ने 87वें मिनट में गोल करके अपनी की जीत सुनिश्चत कर दी। इस जीत के साथ ही फांसीसी चैंपियन ऐतिहासिक चौथा खिताब जीतने के बेहद करीब पहुँच गया है। मुकाबले में दो बेहतरीन गोल करने वाले रुइज को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

## भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम ने आयरलैंड को हराया

● **टीम के शानदार खेल की बदौलत भारत ए ने आयरलैंड को 6-0 से हराकर दूसरी जीत दर्ज की**




**नीदरलैंड, वार्ता।** भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने अपने दूसरे मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए आयरलैंड को 6-0 से हराया। भारत ने आयरलैंड को पहले मैच में 6-1 से हराया था। बुधवार को यूरोपीय दौरे पर खेले गए दूसरे मुकाबले में भारत ए के उत्तम सिंह ने शुरुआत में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। कप्तान संजय ने गोल कर बढ़त को दोगुना कर दिया।

इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद राहील मौसीन ने लगातार दो प्रभावशाली गोल दागे। अमनद. ीप लाकड़ा और वरुण कुमार की ओर से किये एक-एक गोल किये। टीम के शानदार खेल की बदौलत भारत ए ने आयरलैंड को 6-0 से हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की। मैच के बाद भारतीय ए टीम के कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा कि आयरलैंड के खिलाफ हमारे दो मैच वाकई अच्छे रहे हैं और मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हूँ। अब हमारा मुकाबला फांसीसी टीम से होगा और उम्मीद है कि हम उतना ही प्रभावशाली प्रदर्शन करेंगे। भारत ए पुरुष हॉकी टीम का अगला मुकाबला इसी मैदान पर शनिवार को फ्रांस से होगा।

## एमसीसी संग्रहालय में सचिन तेंदुलकर के पोर्ट्रेट का अनावरण




**लंदन, वार्ता।** लॉर्ड्स में इंग्लैंड बनाम भारत पुरुष रोथसे टेस्ट मैच के पहले दिन गुरुवार को खेल शुरू होने से पहले एमसीसी संग्रहालय में भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के चित्र का अनावरण किया गया। कलाकार स्टुअर्ट पियर्सन राइट द्वारा बनाया गया यह चित्र इस साल के अंत तक एमसीसी संग्रहालय में रहेगा, जब इसे पवेलियन में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। तेंदुल. कर अब तक के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक हैं। 1989 से 2013 तक 24 साल के अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में, तेंदुलकर ने भारत के लिए टेस्ट, एकदिवसीय और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 34,357 रन बनाए। यह कुल स्कोर दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज कुमार संगकारा (28,016) से 6,000 रन से ज्यादा है। यह चित्र कलाकार द्वारा 18 साल पहले मुंबई स्थित तेंदुलकर के घर में ली गई एक तस्वीर से लिया गया है। जैसे-जैसे काम आगे बढ़ा, पियर्सन राइट का दृष्टिकोण भी बदलता गया और अंतत: घिसे हुए एल्युमीनियम पर तेल से चित्रकारी की गई। अमूर्त पृष्ठभूमि तेंदुलकर की कालातीतता को दर्शाती है, जो किसी भी युग या विशिष्ट स्थान से अप्रतिबंधित है। एमसीसी के संग्रह में किसी भारतीय खिलाड़ी का यह पांचवां चित्र है, जिनमें से चार (कपिल देव, बिशन सिंह बेदी, दिलीप वेंगसरकर और तें. दुलकर) पियर्सन राइट द्वारा चित्रित किए गए हैं।

# तीसरा टेस्ट: इंग्लैंड ने चौथा विकेट भी गंवाया

## बुमराह ने हैरी ब्रुक को किया बोल्ड, जो रूट फिफ्टी बनाकर खेले रहे

**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट लंदन के लाड्र्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जा रहा है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी है। पहले दिन का आखिरी सेशन जारी है। इंग्लैंड ने पहली पारी में 4 विकेट पर 172 रन बना लिए हैं। जो रूट क्रीज पर हैं। रूट फिफ्टी बना चुके हैं।

हैरी ब्रुक (11 रन) को जसप्रीत बुम. राह ने बोल्ड कर दिया। बुमराह को मैच में पहला विकेट मिला है। ओली पोप (44 रन) को रवींद्र जडेजा ने तीसरे सेशन की पहली बाल पर आउट किया। दूसरा सेशन विकेट रहित रहा। लंच से पहले जैक क्राली 18 और बेन डकेट 23 रन बनाकर आउट हुए। दोनों को नीतीश कुमार रेड्डी ने ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। रूट ने भारत के खिलाफ 3 हजार रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने इस पारी का 44वां रन बनाते हुए यह अचीवमेंट हासिल किया। रूट ने लाड्र्स स्टेडियम में 2 हजार रन पूरे कर चुके हैं। उन्होंने 51वें ओवर में जडेजा की बाल पर यह उपलब्धि हासिल की। लाड्र्स टेस्ट के पहले दिन ड्यूक की बाल 43 ओवर में खराब हो गई। गेज टेस्ट में फेल होने के बाद फील्ड अंपायर्स ने इसे बदल दिया। इस मैच से पहले भारतीय टीम के उप कप्तान ऋषभ पंत, इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स और भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने गेंद की क्वालिटी पर सवाल उठाया था। 55वें ओवर में इंग्लैंड ने चौथा विकेट गंवाया। यहां हैरी ब्रुक 11 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जसप्रीत बुम. राह ने ओवर की 5वीं बाल पर बोल्ड कर दिया। बुमराह को इस मैच में पहला विकेट मिला है। भारतीय टीम को तीसरा विकेट मिला गया। रवींद्र जडेजा ने पहले दिन के तीसरे सेशन की पहली बाल पर ओली पोप को पवेलियन भेज दिया। पोप को सब्सट्यूट विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने कैच किया। पोप 44 रन बनाकर आउट हुए। इसी के साथ शतकीय साझेदारी टूटी। पहले दिन का दूसरा सेशन इंग्लैंड के नाम रहा। 24 ओवर के इस सेशन में इंग्लैंड ने 70 रन बना डाले और कोई विकेट भी नहीं गंवाया। इस सेशन में जो रूट ने फिफ्टी पूरी कर ली। वे ओली पोप के साथ शतकीय साझेदारी कर चुके थे। 48वें ओवर में इंग्लैंड की टीम ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया था। रवींद्र जडेजा के ओवर की चौथी बाल पर रूट ने एक रन लेकर टीम स्कोर 150 पार पहुंचाया। 47वें ओवर में जो रूट और ओली पोप ने शतकीय साझेदारी पूरी कर ली। पोप ने आकाश दीप के ओवर की पहली बाल पर चौका लगाकर साझेदारी को 100 पार पहुंचाया। इंग्लैंड ने 44 रन के स्कोर पर दो विकेट गंवाए थे। जो रूट ने भारत के 46वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर की। उन्होंने नीतीश कुमार रेड्डी की दूसरी बाल पर चौका मारकर अर्धशतक पूरा किया। रूट ने भारतीय टीम के खिलाफ 13वां अर्धशतक बनाया है। रूट भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए हैं।

## भारत ने बनाया लगातार सबसे ज्यादा टॉस हारने का रिकॉर्ड

**लंदन, वार्ता।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में गुरुवार को टॉस हारने के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार सबसे ज्यादा टॉस हारने का रिकॉर्ड बना दिया है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इस तरह भारत के नाम अब पुरुष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार सबसे ज्यादा टॉस हारने का रिकॉर्ड हो गया है। भारत अब तक लगातार 13 टॉस हार चुका है और उसने वेस्ट इंडीज के 12 टॉस हारने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

**टॉस हारने का रिकॉर्ड**

13: भारत (31 जनवरी 2025 से 10 जुलाई 2025)

12: वेस्टइंडीज़ (2 फ़रवरी 1999 से 21 अप्रैल 1999)

11: इंग्लैंड (17 दिसंबर 2022 से 12 मार्च 2023)

# कांवड़ हित में हो पुलिस का हर कदमः डीआईजी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** डीआईजी अभिषेक सिंह ने कहा कि पुलिस का हर कदम कांवडियों के हित में होना चाहिये।

डीआईजी ने यह बात श्रावण मास की कांवड यात्रा को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिये आयोजित ब्रीफिंग सत्र में कही। उन्होंने अधिकारियों को काँवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस का हर कदम श्रद्धालुओं के हित में होना चाहिए। एसएसपी आशीष तिवारी ने पुलिस कर्मियों को मित्रवत व्यवहार और त्वरित कार्रवाई के लिए प्रेरित किया। एसपी ट्रैफिक सिद्धार्थ वर्मा को यातायात की सुगमता सुनिश्चित करने, जबकि एसपी सिटी व्योम बिंदल और एसपी देहात सागर जैन को शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए और तैयारियों को और मजबूती प्रदान की।

## कांवड़ियों की सुरक्षा व सुविधा हो सुनिश्चितः एसएसपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एसएसपी आशीष तिवारी ने कांवड शिविर संचालकों को कांवडियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये।

काँवड़ मार्गों पर बने शिविर संचालकों के साथ आयोजित गोष्ठी में एसएसपी आशीष तिवारी ने शिवि. रों में स्वच्छता, पेयजल, और प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही, भीड़ प्रबंधन और आपसी समन्वय के लिए संचालकों को जागरूक किया गया। श्री तिवारी ने जोर दिया कि काँवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने के लिए शिविर संचालकों का सहयोग अहम है। उन्होंने संचालकों से अपील की कि



वे पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करें और किसी भी संदिग्ध गति. विधि की तत्काल सूचना दें। गोष्ठी में शिविर संचालकों ने अपनी समस्याएँ भी साझा कीं, जिनके समाधान के लिए एसएसपी ने आश्वासन दिया। इस आयोजन ने पुलिस और शिविर संचालकों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने में मदद की। श्री तिवारी ने कहा कि काँवड़ यात्रा के दौरान सभी व्यवस्थाएँ चाक-चौबंद रहेंगी ताकि कोई असुविधा न हो।

# जीआईएस टैक्स को लेकर अखिलेश से मिले पार्षद टिंकू अरोड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा महानगर प्रभारी व पार्षद अभिषेक टिंकू अरोडा ने पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलकर नगर निगम द्वारा जीआईएस सर्वे के आधार पर लगाये गये टैक्स से जनता के हो रहे उत्पीडन के बारे में जानकारी दी। जिस पर अखिलेश ने इस पर विरोध का आश्वासन दिया।



टिंकू अरोडा ने अखिलेश यादव को बताया कि नगर निगम द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश के आधार पर प्राइवेट कंपनी द्वारा जियोग्राफिक इन्फोर्मेशन सिस्टम के आधार पर सर्वे किए गए टैक्स की अत्यधिक बढ़ोतरी करके सहारनपुर नगर के गृहकर ओर जलकर करदाताओं पर लगाने का काम किया है जिसका लगातार विरोध नगर निगम से लेकर अधिकारियों तक किया गया है। इस बढे हुए टैक्स से जनता और व्यापारी परेशान है। निगम टैक्स कर्मचारी टैक्स कम करने के नाम पर अवैध उगाही कर जनता का उत्पीडन कर रहे है। इस मामले में सत्तापक्ष के जन प्रतिनिधि चुप्पी साधे है, जबकि सपा ही इस उत्पीडन के खिलाफ आवाज उठा रही है। इस दौरान जिला कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी भी मौजूद रहे।

# अनुशासन सिखाता है खेलः चौ. किरत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गंगोह विधायक चौ. किरत सिंह ने कहा कि खेल युवाओं के जीवन में आगे बढने की प्रेरणा के साथ अनुशासन सिखाता है।

चौ.किरत सिंह ने बात डा. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित ताईक्वांडो प्रतियोगिता के उदघाटन मौके पर कही। उन्होंने कहा यह प्रतियोगिता युवा शक्ति के अनुशासन, आत्मरक्षा और नेतृत्व क्षमता का सशक्त उदाहरण है।ऐसे आयोजन युवाओं के आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी को नई ऊंचाई देते हैं। विधायक ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा अधिकारी राहुल चोपड़ा, स्टेडियम कोच प्रियंका चौहान, ताइक्वांडो संघ के सचिव अभिषेक चौधरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में लगाया गया मां के नाम पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** ग्लोकल विश्वविद्यालय ने भारत सरकार की वन संरक्षण योजना के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान का प्रारंभ विश्व. विद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन के संरक्षण, कुलपति प्रोफेसर हृदय शंकर सिंह की प्रेरणा और कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की अनुप्रेरणा से हुआ। इस अभियान के तहत विश्वविद्यालय परिसर में कुल 2000 पौधे लगाए जाएंगे।

अभियान का उद्घाटन ग्लोकल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन, कुलपति प्रोफेसर हृदय शंकर सिंह, प्रतिकुलपति प्रोफेसर जॉन फिन्बे और प्रिंसिपल, यूनानी कॉलेज डॉ. रेहान शफी ने किया। वन संरक्षण अभियान



की नोडल अधिकारी व राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शोभा त्रिपाठी और छात्र कल्याण अधिष्ठाता की टीम के संयोजन में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर भगत सिंह प्रेरणा कल्याणकारी संस्था के सदस्य अश्विनी मौर्य सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कुलपति प्रोफेसर हृदय शंकर सिंह ने इस प्रेरणादायक पहल के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह अभियान न केवल हरियाली को बढ़ावा देने का कार्य करेगा, बल्कि प्रत्येक छात्र, शिक्षक और कर्मचारी को अपनी मां के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक भावनात्मक माध्यम भी प्रदान करेगा।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर जमीरुल इस्लाम, आई. क्यू.ए.सी. के डायरेक्टर प्रोफेसर संजय कुमार, डिप्टी रजिस्ट्रार मिस सलमा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजीव नांदल, डॉ. हिमानी गुप्ता, डॉ. रीना, मिस फातिमा परवीन अकील, जोगिंदर सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के सैकड़ों छात्र-छात्राएं, शिक्षक और स्टाफ सदस्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए। प्रत्येक प्रतिभागी ने अपनी माता के नाम से एक पौधा रोपा और उसके संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अभियान में लगाए गए पौधों में फलदार, छायादार और औषधीय वृक्षों की प्रजातियाँ जैसे आम, नीम, जामुन, नींबू, पीपल आदि शामिल हैं, जो वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं।

# समारोह में चातुर्मास कलश की भव्य स्थापना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** परम पूज्य संघ शिरोमणि, श्रमणाचार्य, जैन संत आचार्य श्री 108 विमर्श सागर महाराज (ससंघ 30 मयूर पिक्षिका) का श्री दिगंबर जैन मंदिर, जैनबाग में भव्य चातुर्मास कलश स्थापना समारोह संपन्न हुआ। यह अवसर सहारनपुर के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण रहा क्योंकि जनपद के इतिहास में पहली बार एक साथ 30 जैन संतों और आर्यिका रत्नों का आगमन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण, ध्वजारोहण एवं आचार्य श्री की अगवानी से हुआ। मध्य प्रदेश से पधारे जिनागम पंथी यमन जैन ने आचार्य श्री का चरण प्रक्षालन कर पुण्य अर्जित किया तथा दिल्ली से टीनू जैन ने शास्त्र भेंट किया। इस अवसर पर सहारनपुर के मेयर डॉ. अजय सिंह एवं नगर विधायक राजीव गुम्बर ने आचार्य श्री के श्रीचरणों में नमन करते हुए नगरवासियों की ओर से शुभकामनाएं अर्पित कीं। दोनों ही जनप्रतिनिधियों ने चातुर्मास की अनुमोदना कर पूज्य आचार्य श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। जैन समाज अध्यक्ष राजेश कुमार जैन ने इस आयोजन को सहारनपुर के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि आज ज्ञान और तप की गंगा नगर में प्रवा. हित हो रही है। संरक्षक एवं भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि संतों के दर्शन से नगरवा. सियों को दुर्लभ पुण्य लाभ प्राप्त हो रहा है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पूज्य आचार्य श्री ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन ष्शिष्य पूर्णिमाष् के रूप में मनाया जाना चाहिए क्योंकि यह वही दिवस है जब इन्द्रभूति गौतम जैसे महान शिष्य को तीर्थंकर महाव. ीर स्वामी का साक्षात सान्निध्य प्राप्त हुआ।



इस अवसर पर जैन समाज के अनेक प्रमुख पदाधिकारीगण उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से संदीप जैन, नितिन जैन, अजय जैन, दीपक जैन, मुकेश जैन, पंकज जैन, विपिन जैन, वैभव जैन, प्रवीण जैन, नरेंद्र जैन, रवि जैन , संजय जैन , संजय जैन, विकास जैन, राजीव जैन आदि उपस्थित रहे।

# बाबा गोरखनाथ की प्रतिमा स्थापित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** गांव धोलाहेड़ी स्थित श्री बालाजी धाम में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बाबा गोरखनाथ की प्रतिमा की स्थापना विधिवत हवन-पूजन के साथ की गई।

बृहस्पतिवार को गांव धोलाहेडी में पंडित राजेंद्र कुमार शर्मा, पंडित जयंती प्रसाद शर्मा, पंडित राजेश शर्मा, रामशरण शर्मा, रविन्द्र शर्मा एवं ओपिन महाराज के सान्निध्य में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। इसके बाद श्री बालाजी धाम परिसर में बाबा गोरखनाथजी की मूर्ति को मंत्रोच्चारण के साथ स्थापित कर दिया गया। मूर्ति स्थापना के उपरांत भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया। जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मूर्ति स्थापना के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर बिजेंद्र कुमार, सोनू कुमार, सनी, रो. हतास, दीपक, टिंकू, अनिल चौधरी, मयंक, मुकेश, अंकुर चौधरी, बिट्टू सैनी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



## लघु शंका के लिए गए ग्रामीण की बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** सडक किनारे अपनी बाइक खडी कर लघु शंका के लिए गये एक ग्रामीण की बाइक अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली।

मिली जानकारी के मुताबिक थाना नकुड के गांव मोहद्दीपुर निवासी रूपेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार को वह अपनी ससुराल रूपडी जुनारदार गांव मे वीरमपाल के यहां आयोजित भंडारे मे शामिल होने के लिए आया था। दोपहर करीब साढे बारह बजे वह अपनी स्प्लेंडर बाइक को सड़क किनारे खडी कर लघु शंका के लिए खेत मे गया था। निवृत्त होकर जब वापस आया तो उसकी बाइक गायब मिली। उधर पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है।

# डीआईजी ने ध्यानपूर्वक सुनी शिकायतें



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** डीआईजी अभिषेक सिंह ने शासन के निर्देश पर जनता की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये।

जनसुनवाई में विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएँ, जैसे लंबित पुलिस मामलों, कानूनी विवादों, और अन्य प्रशासनिक मुद्दों को उठाया। डीआईजी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और संबंधित पुलिस अधिकारियों को शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने का आदेश दिया। श्री सिंह ने जनसुनवाई के दौरान यह स्पष्ट किया कि पुलिस प्रशासन का लक्ष्य आम जनता के हितों की रक्षा करना और उनकी शिकायतों का निष्पक्ष निपटारा करना है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई में शामिल लोगों ने क्प्ळ की इस पहल को सराहा और इसे जनता के प्रति पुलिस की जवाबदेही का प्रतीक बताया। श्री सिंह ने कहा कि ऐसी जनसुनवाइयाँ भविष्य में भी आयोजित की जाएँगी, ताकि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके। इस आयोजन ने न केवल जनता की शिकायतों को सुना, बल्कि पुलिस और आम नागरिकों के बीच विश्वास का सेतु भी बनाया।

# गुरू के प्रति शिष्य के समर्पण का दिन गुरू पूर्णिमा

**गंगोह।** गुरु पुर्णिमा पर्व गुरु के प्रति शिष्य के समर्पण का दिन है और शास्त्रों में गुरु का दर्जा ईश्वर से भी उंचा बताया गया है। अनेक स्थानों पर गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया।

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में शक्तिपीठ गंगोह व बालाजी धाम में मंहत सुशील शर्मा ने शिष्यों को दीक्षा व आर्शीवाद दिया। वक्ताओं ने कहा कि गुरु उस दीपक के समान है जो खुद जलकर दुसरो को प्रकाश देता है। गुरु गोविंद सिंह ने अपने बच्चों को समाज की खातिर कुर्बान कर दिया था, ऐसे गुरुओं से प्रेरणा लेकर हमें अपने लिए नहीं बल्कि राष्ट्र व समाज के लिए जीना चाहिए। विधायक किरत सिंह, भाजपा जिलाउपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष उमा शर्मा सहित बडी संख्या में बालाजी धाम पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा का आर्शीवाद लिया। प्रभागार्डन में बाबा बंसी वालों के सेवा भारती परिवार ने और बडी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार स्थितघ बाबा बंशीवाला आश्रम व स्वामी मुक्तानन्द आश्रम पहुंचकर गुरुवन्दन किया और भंडारे का आयोजन किया। इनके अलावा काफी लोग विभिन्न स्थानों पर अपने गुरुधाम पहुंचे।

**गंगोह।** शोभित यूनिवर्सिटी के बी फार्मा तृतीय वर्ष के छात्रो ने इण्डस्ट्रियल भ्रमण किया और देश की विख्यात दवा कम्पनी साइनोकम फार्मास्युटिकल लिमिटेड हरिद्वार यूनिट में टेबलेट, लिक्विड, कैप्सूल की मैनुफैक्चरिंग की प्रक्रिया और गुणवत्ता को समझा।

# सबूत के बाद भी पीड़िता को नहीं मिला न्याय



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एक महिला ने डीआईजी दरबार में पहुंचकर पुत्र का अपहरण करने वाले लोगों पर अब तक कार्रवाई न होने का प्रार्थना पत्र दिया है। पीडिता ने कार्रवाई न होने पर वीडियो सबूत के साथ मुख्यमंत्री दरबार में पहुंचने की चेतावनी दी है।

थाना मंडी के मौहल्ला जुलमगढ निवासी पीडित रिहाना पत्नी शकील ने डीआईजी को लिखे प्रार्थना पत्र में बताया कि 22 जून को उसका पुत्र अब्दुल अहाद घर के बाहर खेल रहा था। जहां पांच लोग और अब्दुल अहाद को ले जाने लगे। अब्दुल अहाद के शोर मचाने पर मौहल्ल के लोग इकटठा हो गये। जिसमें से तीन लोग मौके से फरार हो गये और मौके पर दो लोग पकडे गये। जिसमें से दो की पहचान शाहदाब चौधरी व सूरज के रूप में हुई। इन लोगों द्वारा मौहल्लें के लोगों पर भी हमला किया गया था। इस प्रकरण की शिकायत थाना मंडी और मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई। साथ ही मौके पर आरोपियों की वीडियो और मौहल्ले के लोगों की गवाही सबसे बडा सबूत है, लेकिन पुलिस ने मामले में आज तक कोई जांच नही की। पीडिता ने बताया कि पकडा गये आरोपी में से एक का पिता शातिर है और उस पर कई थानों में गंभीर धाराओं में मुकदमें दर्ज है। पीडिता का कहना है कि यदि पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वह सारे सबूत लेकर मुख्यमंत्री दरबार जायेगी, क्योंकि कार्रवाई न होने से आरोपियों के हौंसले बुलंद है।

## कल ( आज ) तीन घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विद्युत उपकेंद्र अंबाला रोड के कई क्षेत्रों में कल (आज) तीन घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

विद्युत नगरीय वितरण खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता ने बताया कि विद्युत उपकेन्द्र अम्बाला रोड में पटेल नगर एवं ईदगाह रोड फीडर की क्षतिग्रस्त सीटी बदलने एवं वीसीबी मरम्मतीकरण के कार्य हेतु कल (आज) पटेल नगर, गुरूद्वारा रोड, दाउद सराय, पुरानी मण्डी, ढोलीखाल, थाना मण्डी, ईदगाह रोड़, कमेला कालोनी, रेलवे फीडर से सम्बन्धित सभी क्षेत्रो की विद्युत आपूर्ति प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक बाधित रहेगी। उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा है।

# स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकताः नरेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** देहरादून रोड पर एचडीएफसी बैंक वाली गली में 10 जुलाई को वरदान हॉस्पिटल का उद्घाटन पूर्व विधायक नरेश सैनी ने पूरे विधि-विधान के साथ फीता काटकर किया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों में सस्ते और गुणवत्तापूर्ण इलाज की सुविधा मिलने से उत्साह का माहौल है।

पूर्व विधायक नरेश सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों के लिए सस्ता इलाज सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न योजनाएं चला रही है। वरदान हॉस्पिटल के खुलने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सुलभ और बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि अस्पताल में एमबीबीएस डॉक्टरों द्वारा गहन इलाज, अनुभवी महिला नर्सों की देखभाल, एम्बुलेंस और अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋतु सैनी ने कहा कि डॉ. मांगेराम सैनी द्वारा वरदान हॉस्पिटल की स्थापना न केवल स्वरोजगार का उदाहरण है, बल्कि इससे बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। उद्घाटन समारोह में डॉ. मांगेराम सैनी, एमबीबीएस डॉ. सफीक अहमद, स्टाफ नर्स नीलम सैनी, आरती देवी, सचिन कुमार, अभिनव, गौरव सैनी, कुमारी पारुल, नेहा देवी, लैब टेक्नीशियन नरेंद्र और कुमारी ऋतु सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कथा सुनकर श्रद्धालु हुए भाव विभोर

**नानौता।** गौभक्त पुष्कर श्रीकृष्ण महाराज ने श्रीमद भागवत सप्ताह यज्ञ के पांचवें दिन भगवान श्री कृष्ण बाल लीला, माखन चोरी व गोवर्धन पूजा की कथा श्रद्धालुओं को सुनाई। जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।

बुधवार को कथावाचक गौभक्त पुष्कर श्री कृष्ण महाराज ने बताया कि भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं कीं। उन्होंने कहा कि बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी। मां उन्हें कहती थी कि प्रतिदिन तुम माखन चुरा के खाया करते हो तो वह तुरंत अपना मुंह खोलकर मां को दिखा दिया करते थे कि मैया मोरी मैं नहीं माखन खायो। भगवान की लीलाएं सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इस दौरान रामभूल सिंह, मुकेश पाराशर, डा दिनेश पुंडीर, धर्मपाल अरोड़ा, दर्शन लाल अरोड़ा, संजय नारंग, बिजेंद्र रोहिला, सौरभ रोहिला, संजय नारंग, भारत अग्रवाल, मोहित गर्ग, अभिषेक तनेजा, कुमुद पुंडीर, ओमबीर फौजी, डॉ राकेश, जोगेंद्र चाबा, मनोज अरोड़ा, प्रीतम राणा आदि रहे।

# बिना प्रपत्रों के खनन परिवहन में 9 डम्पर व दो कार सीज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने खनन का अवैध परिवहन को लेकर बड़ी कार्रवाई की गई जिसमें 9 डंपर बिना प्रपत्रों के व दो कार भी पकड़कर सीज की हैं।

बुद्धवार की देर रात्रि मिर्जापुर व बेहट क्षेत्र में अवैध खनन परिवहन करने वालों के खिलाफ पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने चैकिंग अभियान चलाया इस दौरान बिना प्रपत्रों के खनिज पदार्थ से भरे 09 डंपर व अधिकारियों की रैकिंग करने वाले दो वाहन पकड़कर सीज किए गए। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ भी निरोधात्मक कार्रवाई की गई हैं। इस दौरान एसडीएम बेहट मानवेंद्र सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी मुनीष चंद के साथ-साथ पुलिस व राजस्व विभाग की टीम शामिल रही।

# रोक से इन्कार

बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण का मामला सुप्रीम कोर्ट की दहलीज तक पहुंच गया है। कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने इस पर रोक लगाने के लिए याचिकाएं दायर की हैं। याचिकाकर्ताओं ने कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल, टीएमसी की सांसद मऊआ मोइत्रा, राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोज कुमार झा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासिचव डी राजा, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सामंत, झामुमो के सांसद सरफराज अहमद और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के दीपांकर भट्टाचार्य ने याचिकाएं दायर कर दावा किया है कि चुनाव आयोग का यह कदम संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 325 और 326 के साथ-साथ जनप्रनिधित्व अधिनियम 1950 और मतदाता पंजीकरण 1960 के नियम 21 ए के प्रावधानों का उल्लंघन है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि यदि इस आदेश को रद्द नहीं किया गया, तो मनमाने ढंग से उचित प्रक्रिया अपनाए बिना लाखों मतदाताओं को अपने प्रतिनिधियों को चुनने से वंचित किया जा सकता है। इससे देश में स्वतंत्र चुनाव बाधित होगा और लोकतंत्र कमजोर हो सकता है। गुरुवार को न्यायमूर्ति सुधांशू धूलिया और न्यायमूर्ति बागची की अंशकालीन कार्यदिवस की पीठ ने इस पर सुनवाई की। पीठ ने विशेष गहन पुनरीक्षण पर अंतरिम रोक लगाने से इन्कार किया। साथ ही चुनाव आयोग से मतदाताओं की पहचान साबित करने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, पहचान पत्र को अनुमति देने पर विचार करने को कहा और इस मामले की सुनवाई के लिए 28 जुलाई तय की है। उससे एक सप्ताह पहले 21 जुलाई तक चुनाव आयोग से हलफनामा दायर करने को कहा। साथ ही माना कि मामले की सुनवाई जरूरी है और इसे उपयुक्त पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए। अदालत ने बार-बार चुनाव आयोग से पूछा कि वह पहचान साबित करने के रूप में एक साधन के रूप में आधार को कैसे अस्वीकार कर सकता है। साथ ही पुनरीक्षण प्रक्रिया को पूरा करने के लिए समय सीमा पर सवाल उठाए और कहा कि यह सीमा बहुत कम है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 24 जून को बिहार में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के आदेश दिए थे। तमाम विपक्षी दल चुनाव आयोग के इस फैसले को एक षड्यंत्र के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने नौ जुलाई को बिहार बंद रखकर जमकर प्रदर्शन भी किया था। असल में सारा बखेड़ा इस बात को लेकर भी है कि मतदाताओं को नए सिरे से अपनी पहचान बतानी होगी और अपनी पहचान बताने के लिए दस्तावेज भी देने होंगे। दिलचस्प बात यह है कि इस पहचान में आधार कार्ड, राशन कार्ड जैसे बेसिक दस्तावेजों को पहचान से अलग रखा गया है। इससे यह आशंका पैदा हो रही है कि गरीब, दलित वर्ग के लोगों को एक तरह से षड्यंत्र के तहत चुनाव प्रक्रिया से अलग रखने की कोशिश की जा रही है। यह आशंका गलत भी नहीं है और यह प्रक्रिया एक महीने में पूरी होनी है इस पर भी सवाल उठ रहे हैं। बिहार में इसी वर्ष के अंत में चुनाव होने हैं। यह ठीक है कि फिल्हाल इस आदेश पर अदालत ने रोक नहीं लगाई लेकिन सुनवाई जारी है। देखना है इस पर क्या फैसला आता है।

## लोकतंत्र को हल्के में नहीं लेना चाहिए



इमरजेंसी को सिर्फ भारतीय इतिहास के काले अध्याय के रूप में याद नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि इससे सबक लेना जरूरी है, नसबंदी अभियान को मनमाना और क्रूर फैसला था, अनुशासन और व्यवस्था के लिए उठाए गए कदम कई बार ऐसी क्रूरता में बदल जाते हैं, जिन्हें किसी तरह उचित नहीं कहा जा सकता, संजय गांधी का जबरन नसबंदी अभियान चलाने का फैसला क्रूरता का उदाहरण बन गया, गरीब ग्रामीण इलाकों में टारगेट पूरा करने के लिए हिंसा और दबाव का सहारा लिया गया, नई दिल्ली जैसे शहरों में बेरहमी से झुग्गियां तोड़ी गईं। हजारों लोग बेघर हो गए। उनकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया, लोकतंत्र को हल्के में नहीं लेना चाहिए, यह एक बहुमूल्य विरासत है, जिसे लगातार संरक्षित करना जरूरी है।

**-शशि थरूर, कांग्रेस सांसद**

# विकास की रफ्तार पर बोझ है बढ़ती जनसंख्या



**विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई पर विशेष**



**योगेश कुमार गोयल**

जनसंख्या संबंधित समस्याओं पर वैश्विक चेतना जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। भारत के संदर्भ में देखें तो तेजी से बढ़ती आबादी के कारण ही हम सभी तक शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों को पहुंचाने में पिछड़ रहे हैं।

बढ़ती आबादी की वजह से ही देश में बेरोजगारी की समस्या विकराल हो चुकी है। हालांकि विगत दशकों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नए रोजगार जुटाने के कार्यक्रम चलाए गए, लेकिन बढ़ती आबादी के कारण ये सभी कार्यक्रम ऊंट के मुंह में जीरा ही साबित हुए। बढ़ती जनसंख्या के कारण ही देश में आबादी और संसाधनों के बीच असंतुलन बढ़ता जा रहा है। वास्तविकता यही है कि विगत दशकों में देश की जनसंख्या जिस गति से बढ़ी, उस गति से कोई भी सरकार जनता के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने की व्यवस्था करने में सफल हो ही नहीं सकती थी।

आज देश की बहुत बड़ी आबादी निम्न स्तर का जीवन जीने को विवश है। देश में करीब 40 प्रतिशत आबादी आजादी के बाद से ही गरीबी के आलम में जी रही है। गरीबी में जीवन गुजार रहे ऐसे बहुत से लोगों की यही सोच रही है कि उनके यहां जितने ज्यादा बच्चे होंगे, उतने ही ज्यादा कमाने वाले हाथ होंगे किन्तु यह सोच वास्तविकता के धरातल से परे है। लगातार बढ़ती महंगाई के जमाने में परिवार बड़ा होने से कमाने वाले हाथ ज्यादा होने पर जितनी आय बढ़ती है, उससे कहीं ज्यादा जरूरतें और विभिन्न उत्पादों की कीमतें बढ़ जाती हैं, जिनकी पूर्ति कर पाना सामर्थ्य से परे हो जाता है। इसलिए जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों की सफलता के लिए सर्वाधिक जरूरी यही है कि घोर निर्धनता में जी रहे ऐसे लोगों को परिवार नियोजन कार्यक्रमों के महत्व के बारे में जागरूक करने की ओर खास ध्यान दिया जाए क्योंकि जब तक इस कार्यक्रम में इन लोगों की भागीदारी नहीं होगी, तब तक लक्ष्य की प्राप्ति संभव नहीं है।

देश में जनसंख्या वृद्धि का मुकाबला करने के लिए पिछले काफी समय से कुछ कड़े कानून बनाने की मांग हो रही है, लेकिन इस दिशा में कुछ राज्य सरकारें दो से ज्यादा बच्चों वाले परिवारों को सरकारी नौकरी तथा स्थानीय निकाय चुनावों में उम्मीदवारी से अयोग्य अघोषित करने जैसे जिस तरह के उपायों पर विचार कर रही हैं, उन्हें तर्कसंगत नहीं माना जा सकता। हालांकि जनसंख्या वृद्धि मौजूदा समय में गंभीर चुनौती है लेकिन ऐसे उपायों को संवैधानिक नजरिए से भी तर्कसम्मत नहीं माना जाता। चीन में 1980 से पहले केवल एक बच्चा पैदा करने की अनुमति थी, जिसका उल्लंघन करने पर दम्पति को न केवल सरकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जाता था बल्कि सजा भी दी जाती थी लेकिन वहां यह नीति सफल नहीं हुई। इसीलिए चीन सरकार ने 2016 में इस नीति में बदलाव कर दो बच्चों की अनुमति दी और बाद में तीन बच्चों की अनुमति देनी पड़ी। चीन की तानाशाही सरकार द्वारा नीतियों में बड़ा बदलाव करते हुए दंपतियों को तीन बच्चे करने की अनुमति क्यों दी गई, इसके कारण समझना भी जरूरी है। दरअसल वहां लोगों की सामान्य प्रजनन दर में निरन्तर गिरावट आ रही है और कुछ विशेषज्ञों के मुताबिक यही स्थिति भारत में भी होनी है।

जनसंख्या में स्थायित्व और कामकाजी युवाओं की स्थिर संख्या के लिए महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 2.1 होनी चाहिए और चीन में यह दर निरन्तर गिर रही है। 1970 में चीन में यह दर 5.8 थी, जो 2015 में घटकर 1.6 और 2020 में केवल 1.3 ही रह गई जबकि बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ती गई। नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टेटिस्टिक्स के अनुसार आने वाले समय में आबादी में अधिक उम्र वालों की संख्या बढ़ने से संतुलित विकास और जनसंख्या को लेकर दबाव बढ़ेगा।

1982 में हुई जनगणना में चीन की जनसंख्या में 2.1 फीसदी की सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई थी लेकिन उसके बाद जनसंख्या में लगातार गिरावट दर्ज की गई, जिसके लिए वहां की कम्युनिस्ट सरकार द्वारा अपनाई गई दशकों पुरानी वन चाइल्ड पॉलिसी को जिम्मेदार माना जाता है। विगत एक दशक में चीन की जनसंख्या करीब सात करोड़ बढ़ी, लेकिन बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से चीन के लिए अलग ही समस्या उत्पन्न होने लगी है। दरअसल चीन को आशंका है कि अगले दस वर्षों में उसकी जनसंख्या में गिरावट आएगी, जिससे कामगारों की संख्या में कमी आने से उसकी खपत भी घटेगी। एनबीएस के आंकड़ों के मुताबिक चीन को जिन जनसांख्यिकीय संकट का सामना करना पड़ा था, वह और गहरा होने की उम्मीद थी, इसीलिए चीन को अपनी जनसंख्या नीति में बदलाव करने पर विवश होना पड़ा।

जहां तक भारत की बात है तो यहां 1994 में महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 3.4 थी, जो घटकर 2015 में 2.2 रह गई थी यानी सामान्य के करीब। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत की जनसंख्या 2050 तक बढ़ने के बाद से गिरनी शुरू हो जाएगी और 2100 तक पहुंचते-पहुंचते सामान्य प्रजनन दर केवल 1।3 ही रह जाएगी। इसका अर्थ है कि तब अधिकांश परिवारों में केवल एक ही बच्चा होगा और भारत उसी स्थिति में खड़ा होगा, जिसमें वन चाइल्ड पॉलिसी के बाद चीन खड़ा हुआ और उसे विगत सात वर्षों में दो बार अपनी जनसंख्या नीति में बड़ा परिवर्तन करना पड़ा। इसलिए टू चाइल्ड पॉलिसी जैसे कानूनों के जरिए जनसंख्या नियंत्रण की कोशिशों को व्यावहारिक नहीं माना जा रहा बल्कि इसके लिए डराने-धमकाने वाले कानूनों के बजाय लोगों में जागरूकता पैदा किया जाना सबसे जरूरी है। बगैर कड़े कानूनों के देश के ऐसे राज्यों में जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आई है, जहां साक्षरता दर ज्यादा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में गरीब महिलाओं की प्रजनन दर करीब 3.2 है जबकि सम्पन्न महिलाओं में यह दर केवल 1.5 पाई गई है। इसी प्रकार अनपढ़ महिलाओं के औसतन 3.1 बच्चे होते हैं जबकि शिक्षित महिलाओं में यह संख्या औसतन 1.7 है। इसका स्पष्ट अर्थ है कि जनसंख्या विस्फोट का सीधा संबंध सामाजिक और शैक्षिक स्थितियों से जुड़ा है। शिक्षा के अभाव में ही देश की बड़ी आबादी को छोटे परिवार के लाभ को लेकर जागरूक नहीं किया जा सका है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बारिश के मौसम में वाटरप्रूफ मेक-अप

**अपना मेकअप लगाने के बाद इसे मेकअप सेटिंग स्प्रे से सेट करना न भूलें। एक सेटिंग स्प्रे अंतिम टच-अप के रूप में काम करता है और आपके मेकअप को बनाए रखने में मदद करता है। यह त्वचा को चमकदार बनाता है और आपकी त्वचा का मेकअप ज्यादा लंबे समय तक चलता है। इसलिए एक बेहतरीन सेटिंग स्प्रे से अपने लुक को पूरा करें।**



**शहनाज हुसैन**

महिलाओं को मेकअप करने का काफी शौक होता है, लेकिन बारिश के मौसम में अगर बाहर निकलते हुए भीग जाएं तो मेकअप को संभालना काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है क्योंकि मानसून में नमी और पसीने के कारण मेकअप पिघल या फैल जाता है और स्किन काफी चिपचिपी सी दिखने लगती है। ऐसे में मेकअप लगाना काफी तनावपूर्ण हो सकता है।

इसलिए बारिश के मौसम में घर से बाहर निकलने से पहले मेकअप के लिए जरूरी टिप्स आप जरूर जान लीजिए ताकि आपका मेकअप खराब न हो।

1. **हाइड्रेटिंग प्राइमर का इस्तेमाल करें**

मानसून में मौसम में ह्यूमिडिटी बढ़ने से आपकी त्वचा ज्यादा तैलीय हो जाती है। इसलिए त्वचा को मॉइस्चराइज करने और मेकअप को मैल्ट होने से बचाने के लिए मेकअप करने से पहले हाइड्रेटिंग प्राइमर लगाएं।

2. **त्वचा की उचित देखभाल**

बदलते मौसम में डेली स्किन केयर रूटीन को फॉलो करना जरूरी है। आप फेस क्लीनिंग के बाद मॉइश्चराइजर लगाएं और सनस्क्रीन लगाना न भूलें लिक्विड या क्रीम फाउंडेशन के बजाय ऑयल फ्री मॉइश्चराइजर का हल्का कोट लगाया जा सकता है, टच अप के लिए हल्का कॉम्पैक्ट पाउडर लगा सकती हैं।

कुछ लोग गर्मी में स्किन को कभी भी मॉइस्चर नहीं करते हैं, इससे चेहरे पर पसीना आता है और आपका मेकअप फैलने लगता है। आपको ऐसा मॉइश्चराइजर चुनना चाहिए, जो ऑयल फ्री और नॉन कॉमेडोजेनिक हो इनके इस्तेमाल से पोर्स बंद नहीं होते हैं और स्किन भी हाइड्रेटेड बनी रहती है। यदि आप घर पर हैं तो मेकअप अप्लाई करने से पहले फेस को जरूर मॉइस्चर करें। स्किन केयर रूटीन को स्किप करने की गलती नहीं करें।

3. बारिश के मौसम में कम से कम मेकअप करें और इसे अच्छे से ब्लेन्ड करें। नेचुरल तरीकों से ग्लो बढ़ाने की कोशिश करें। मानसून में हैवी मेकअप पसीने और नमी की वजह से जल्दी फैल सकता है, ऐसे में लाइट और वॉटरप्रूफ मेकअप का इस्तेमाल करें ताकि स्किन को सांस लेने का मौका मिल सके और पिंपल्स न निकलें।

4. **वाटरप्रूफ मेकअप प्रोडक्ट चुने**

बारिश और नमी के कारण मेकअप जल्दी खराब हो सकता है। इसलिए वाटरप्रूफ फाउंडेशन, काजल और मस्कारा का उपयोग करें। ये प्रोडक्ट मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखते हैं। क्रीम आधारित सौन्दर्य उत्पादों की जगह पाउडर आधारित सौन्दर्य उत्पादों का उपयोग करें। लूज पाउडर के बजाय कॉम्पैक्ट पाउडर लंबे समय तक चलता है और एक स्मूथ फिनिश देता है। मेकअप को टच देने के लिए कॉम्पैक्ट पाउडर कैरी करें।



5. मानसून के दौरान हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि आपका ब्लश सौम्य और परिधान को सूट करते हुए होना चाहिए। पाउडर आईशैडो खरीदें क्योंकि यह क्रीम आई शैडो के मुकाबले ज्यादा देर तक टिके रहते हैं। हल्का रंग का थोड़ा सा आई शैडो लगाएं।

6. **अच्छी गुणबत्ता के उत्पाद उपयोग करें**

मानसून सीजन के दौरान अच्छी गुणबत्ता के मस्काराए, फाउंडेशन, लिपस्टिक, आई लाइनर और हाइलाइटर जैसे सौन्दर्य उत्पादों का उपयोग करें।

(लेखिका अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेषज्ञ हैं और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय हैं)


# आतंकवाद में डिजिटल तकनीकों का उपयोग चिंताजनक



**ललित गर्ग**

टेरर फंडिंग पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की नई रिपोर्ट में आतंकवादी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते उपयोग पर चिंता जताई गई है। इस रिपोर्ट ने वैश्विक सुरक्षा के समक्ष एक नई और गहन चुनौती की ओर संकेत करते हुए आतंकवादी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते प्रयोग को गहन चिन्ताजनक बताया है। रिपोर्ट में ई-कॉमर्स, ऑनलाइन भुगतान, सोशल मीडिया, क्रिप्टोकरेंसी और डार्कनेट जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण और संचालन के बढ़ते खतरे पर न केवल प्रकाश डाला गया है बल्कि गंभीर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट ने आतंकवाद के एक अलग ही पहलू की ओर ध्यान खींचा है।

इसमें बताया गया है कि टेक्नॉलजी तक आतंकी संगठनों की आसान पहुंच उन्हें और खतरनाक बना रही है। इससे निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर नई रणनीति एवं नियंत्रण नीति की जरूरत है। विशेष रूप से पाकिस्तान जैसे देशों में पलने-बढ़ने वाले आतंकी संगठन इन तकनीकों का उपयोग कर न केवल फंडिंग जुटा रहे हैं, बल्कि गोपनीयता और पहुंच के नए मार्ग भी तलाश रहे हैं। इसके अलावा, आतंकवादी संगठन अब विकेंद्रीकृत मॉडल की ओर बढ़ रहे हैं, जैसेकि अल-कायदा क्षेत्रीय इकाइयों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर धन जुटाना और संचालन करना। भारत ने समय-समय पर पाकिस्तान पोषित एवं पल्लवित आतंकवाद को बेनकाब करते हुए दुनिया से मिल रहे



आर्थिक सहयोग पर चिन्ता जताई और कठोर कार्रवाई की मांग की, इस रिपोर्ट को भारत के रुख का समर्थन करने वाले एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है।

एफएटीएफ के मुताबिक, 2019 में पुलवामा और 2022 में गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में हुए आतंकी हमलों के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया गया। पुलवामा में आतंकियों ने आईईडी का इस्तेमाल किया था और इसे बनाने के लिए एल्युमिनियम पाउडर एमेजन से खरीदा गया था। गोरखपुर में हुए हमले में पैसों के लेनदेन में ऑनलाइन जरिया अपनाया गया। गोरखपुर वाले केस में आतंकी विचारधारा से प्रभावित शख्स ने इंटरनेशनल थर्ड पार्टी ट्रांजेक्शन और वीपीएन सर्विस का उपयोग किया था। इस तरह से उसने आईएसआईएल के समर्थन में विदेश में धन भेजा था और उसे भी बाहर से आर्थिक मदद मिली थी। वीपीएन एक डिजिटल तकनीक है जो इंटरनेट उपयोगकर्ता की लोकेशन और पहचान को छुपाती है। जब कोई व्यक्ति वीपीएन का उपयोग करता है, तो उसका इंटरनेट ट्रैफिक एक एन्क्रिप्टेड सुरंग के माध्यम से किसी अन्य देश के सर्वर से होकर गुजरता है। इससे उसकी वास्तविक पहचान छिप जाती है और वह सेंसरशिप, ट्रैकिंग और जियो-रिस्ट्रिक्शन से बच सकता है।

2024 तक दुनिया में 150 करोड़ से अधिक वीपीएन यूजर्स हैं। इनमें से बड़ी संख्या एशिया और मध्य पूर्व से है, जहां सेंसरशिप या निगरानी से बचने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। भारत में 12 से 14 करोड़ वीपीएन उपयोगकर्ता हैं। भारत वीपीएन यूजर्स की संख्या में दुनिया के शीर्ष 3 देशों में शामिल है। वीपीएन का उपयोग कर आतंकी सोशल मीडिया और गुप्त चैनलों के जरिए युवाओं को बरगलाने और भर्ती करने का काम करते हैं। कुछ आतंकवादी समूह वीपीएन नेटवर्क का प्रयोग कर सरकारी वेबसाइटों, रक्षा प्रतिष्ठानों और बैंकिंग सिस्टम पर साइबर हमला करते हैं। दुनिया की एक तिहाई आबादी ऑनलाइन शॉपिंग करती है। इस साल ग्लोबल ई-कॉमर्स मार्केट के 7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। भारत इस लिस्ट में फिलहाल सातवें नंबर पर है, लेकिन सवाल यह है कि इस डेटा के बीच अगर कुछ संदिग्ध लोग कुछ हजार डॉलर की खरीदारी करते हैं, जिसका इस्तेमाल आगे जाकर किसी आतंकी हमले में होता है, तो उसे चिन्हित कैसे किया जाए? एफएटीएफ ने कुछ दिनों पहले पहलगाम को लेकर कहा था कि इतना बड़ा आतंकी हमला बाहरी आर्थिक मदद के बिना संभव नहीं हो सकता। उसकी हालिया रिपोर्ट इसी बात को और पुष्ट कर देती है। आतंकियों ने अपने काम का तरीका बदल लिया है। वे इंटरनेट की दुनिया की ओट ले रहे हैं, जो ज्यादा खतरनाक है।

एफएटीएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी समूहों ने अब पारंपरिक धन स्रोतों के साथ-साथ क्रिप्टोकरेंसी जैसे डिजिटल वित्तीय माध्यमों का भी उपयोग करना शुरू कर दिया है। यह माध्यम उन्हें सरकार की नजरों से बचाते हुए सीमाओं के पार फंडिंग जुटाने की सहूलियत देते हैं। साथ ही, एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स, फेक सोशल मीडिया अकाउंट्स, और ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल कर वे अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। पाकिस्तान एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से बाहर भले हो गया हो, लेकिन उसके खिलाफ लगे आरोपों में कोई कमी नहीं आई है। अनेक ग्लोबल इंटेलिजेंस रिपोर्ट्स और एफएटीएफ ऑब्जर्वेशन्स इस बात की पुष्टि करती हैं कि पाकिस्तान में आतंकी गुटों को डिजिटल इकोसिस्टम का खुले तौर पर उपयोग करने दिया जा रहा है, या कभी-कभी सरकार की मौन सहमति से। उदाहरण के रूप में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों ने बिटकॉइन और अन्य डिजिटल टोकन के जरिए फंड जुटाने की नई तरकीबें अपनाई हैं। कई मामलों में आतंकी फंडिंग के लिए फर्जी चैरिटेबल ट्रस्ट और सामाजिक मीडिया अभियानों का सहारा लिया गया है। गजवा-ए-हिंद जैसे डिजिटल प्रोपेगेंडा प्लेटफॉर्म्स पाकिस्तानी जमीन से संचालित होकर भारत में कट्टरपंथ को बढ़ावा देने में लगे हैं।

भारत के विरुद्ध हाइब्रिड वारफेयर और साइबर जिहाद की रणनीति पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों की नीति का हिस्सा बन चुकी है। एफएटीएफ की रिपोर्ट में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि दक्षिण एशिया में भारत सबसे अधिक प्रभावित देश है, जहां डिजिटल माध्यम से न केवल फंडिंग, बल्कि ब्रेनवॉशिंग और भर्ती का कार्य भी तेजी से हो रहा है। जम्मू-कश्मीर में सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को आतंकी संगठनों की ओर आकर्षित किया जाता है। उत्तर पूर्व में उग्रवादी संगठनों को डिजिटल भुगतान और चौनलों के माध्यम से सहायता मिलती रही है। एफएटीएफ ने पाकिस्तान समेत उन सभी देशों से अपेक्षा की है कि वे डिजिटल वित्तीय निगरानी तंत्र को मजबूत करें। क्रिप्टो ट्रांजैक्शन पर नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। आतंकी संगठनों के ऑनलाइन अस्तित्व को समाप्त करने के लिए तकनीकी टूल्स विकसित करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी टैरिफ नीति: भारत के लिए सौगात

## रिपोर्ट में दावा: भारत को निवेश हब बनने का मौका



■ कई अन्य एशियाई देशों की तुलना में अमेरिका के नए टैरिफ सिस्टम में बेहतर स्थिति में
■ कई देशों पर 22 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक के टैरिफ लगाए गए

**नई दिल्ली।** अमेरिका की नई टैरिफ नीति भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका भारत पर तय टैरिफ से कम टैरिफ लागू कर सकता है। वहीं दूसरी तरफ इंडो-पैसिफिक के कई देशों को भारी टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। इससे भारत में विदेशी निवेश के अवसर बढ़ सकते हैं और देश की मैन्युफेक्चरिंग क्षमता को मजबूती मिल सकती है।

अरिहंत कैपिटल की रिपोर्ट के मुताबिक भारत कई अन्य एशियाई देशों की तुलना में अमेरिका के नए टैरिफ सिस्टम में बेहतर स्थिति में है। इससे भारत के पास निवेश को आकर्षित करने और मैन्युफेक्चरिंग बह बनने के लिए बड़ा मौका है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि कंबोडिया और वियतनाम जैसे देशों को जहां अधिक टैरिफ झेलना पड़ रहा है।

भारत द्विपक्षीय समझौतों और ग्लोबल ट्रेड फ्लो में बदलाव का लाभ उठा सकता है। ट्रम्प ने 8 जुलाई को जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग को औपचारिक लेटर भेजकर टैरिफ की जानकारी दी थी। बाद में मलेशिया और कजाकिस्तान को भी इसी तरह के लेटर भेजे गए। हालांकि भारत को अभी तक ऐसा कोई लेटर नहीं मिला है। रिपोर्ट में इसे भारत के लिए अच्छा संकेत बताया गया है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक अमेरिका भारत को स्ट्रैटजिक पार्टनर होने के नाते रियायत दे सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका की इस नई टैरिफ नीति के चलते भारत की स्थिति बाकी देशों की तुलना में मजबूत है।

इसका फायदा उठाकर भारत ग्लोबल सप्लाई चेन का अहम हिस्सा बन सकता है। भारत की 'चाइना+1' रणनीति, पीएलआई योजनाएं और ट्रेड डील्स की वजह से भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, ऑटो और टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने का मौका देगा। कता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 14 देशों पर नए टैरिफ लगाने की घोषणा की। इनमें कई देशों पर 25 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक के टैरिफ लगाए गए हैं।

### ब्राजील के राष्ट्रपति ने 50 प्रतिशत टैरिफ पर ट्रम्प का किया विरोध

**ब्रासीलिया।** ब्राज़ील के सामानों पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ का विरोध करते हुए राष्ट्रपति लुईज़ इनासियो लूला दा सिल्वा ने कहा है कि ब्राज़ील एक संप्रभु राष्ट्र है जिसके पास स्वतंत्र संस्थाएं हैं और वह 'किसी भी प्रकार की नसीहत नहीं स्वीकार करेगा'। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर ट्रम्प की टिप्पणी का जवाब देते हुए लूला ने ज़ोर देकर कहा कि ब्राज़ील एक संप्रभु राज्य है और अपनी लोकतांत्रिक संस्थाओं या न्यायिक प्रक्रियाओं में बाहरी हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा। लूला ने 'एक्स' पर कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बुधवार को सोशल मीडिया पर दिए गए सार्वजनिक बयान को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित बातों पर प्रकाश डालना ज़रूरी है कि ब्राज़ील एक संप्रभु राष्ट्र है जिसके स्वतंत्र संस्थान हैं और वह किसी भी प्रकार की नसीहत स्वीकार नहीं करेगा। अमेरिका और ब्राज़ील के बीच व्यापार असंतुलन को सिरे से खारिज करते हुए उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि टैरिफ वृद्धि का मसला ब्राज़ील के आर्थिक पारस्परिक कानून के अनुसार निपटाया जाएगा।



नई दिल्ली। विजय चौक पर बारिश से बचने के लिए छाता लगाकर जाते यात्री।

## ट्रम्प पर हमले के मामले में सीक्रेट सर्विस के 6 एजेंट सस्पेंड

■ लापरवाही का आरोप, पिछले साल कान को छूकर निकली थी गोली

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर पिछले साल हुए जानलेवा हमले के दौरान सुरक्षा में चूक के आरोप में सीक्रेट सर्विस के 6 एजेंट्स को सस्पेंड कर दिया गया है। यह जानकारी एबीसी न्यूज ने अधिकारियों के हवाले से दी है। यह कार्रवाई ट्रम्प के हमले का एक साल पूरा होने से 4 दिन पहले हुई है। पेनसिल्वेनिया के बटलर में 13 जुलाई 2024 ट्रम्प पर गोली चलाई गई थी। यह गोली ट्रम्प के कान को लगती हुई निकल गई थी और वह घायल हो गए थे। इस हमले में ट्रम्प की रैली में शामिल एक फायरफाइटर कोरी कॉम्पेराटोर की मौत हो गई थी। जवाबी कार्रवाई में मौके पर मौजूद सीक्रेट सर्विस के स्नाइपर्स ने हमलावर थॉमस मैथ्यू क्रूक्स (20 वर्ष) को गोली मार दी थी। सस्पेंड किए गए एजेंट्स को अपील का अधिकार दिया गया है।

## खामेनेई के सलाहकार की ट्रम्प को ड्रोन हमले की धमकी

■ कहा: धूप सेंकते समय माइक्रो-ड्रोन नाभि पर गिर सकता है, ट्रम्प बोले: धूप सेकना पंसद नहीं

**वॉशिंगटन/तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार मोहम्मद-जवाद लारीजानी ने 8 जुलाई को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर ड्रोन हमले की चेतावनी दी।

लारीजानी ने एक टी.वी चर्चा के दौरान हंसते हुए कहा: अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अपने मार-ए-लागो रिसॉर्ट में धूप सेंकते समय एक माइक्रो-ड्रोन निशाना बना सकता है। उन्होंने कहा ट्रम्प अब मार-ए-लागो में धूप नहीं सेंक सकते, क्योंकि जब वे लेटे होंगे, तो कोई माइक्रो-ड्रोन उन्हें निशाना बनाकर सीधे उनकी नाभि पर हमला कर सकता है। वहीं, ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इस बारे में पूछे जाने पर कहा-मुझे धूप सेकना पंसद नही, शायद आखिरी बार मैंने 7 साल की उम्र में धूप में बैठा था। ट्रम्प बोले वो इस बयान को बड़े खतरे के तौर पर नहीं देखते। खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार मोहम्मद- जवाद लारीजानी ने ट्रम्प पर ड्रोन हमले की चेतावनी दी।

लारीजानी के इस बयान को लेकर स्थानीय मीडिया ने एक रिपोर्ट में 'ब्लड पैक्ट' नामक एक ऑनलाइन क्राउड फंडिंग अभियान से जुड़े होने का दावा किया। ये अभियान खामेनेई का अपमान करने वालों के खिलाफ बदला लेने के लिए फंड जुटा रहा है। जिसके बारे में दावा किया गया है कि 8 जुलाई तक इसने 27 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि जुटा ली है। अमेरिका ने 22 जून को ईरान के 3 परमाणु ठिकानों पर हमला किया था।

## लाल सागर में मालवाहक जहाज पर हूती विद्रोहियों का हमला

**यरुशलम/सना।** यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में 'इटरनिटी सी' जहाज पर हमला कर उसे डुबोने का दावा किया। यूरोपीय संघ नौसैनिक बल ने बताया कि डूबे 'इटरनिटी सी' जहाज के क्रू मेंबर्स के छह सदस्यों को बचाया गया और अन्य 15 अभी भी लापता हैं। यह जानकारी अल जजीरा ने गुरुवार को यूरोपीय संघ के नौसैनिक बल के हवाले से दी। पिछले कुछ दिनों में यह इस तरह का दूसरा बड़ा हमला है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को हुए इस हमले में यूनान के स्वामित्व वाला जहाज इटरनिटी सी के डूबने से कम से कम चार नाविकों की मौत हो गई तथा 15 अन्य लापता हो गए। हूती ने एक बयान में कहा कि इटरनिटी सी जहाज पर हमला एक मानवर्रा. हत नाव और मिसाइलों का उपयोग कर किया गया था।

# कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग

## अज्ञात हमलावरों ने कई राउंड गोलियां चलाईं

■ तीन दिन पहले हुआ था उद्घाटन



**ओटावा।** कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग हुई। तीन दिन पहले ही कैफे का उद्घाटन हुआ था। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने कैफे पर कई राउंड गोलियां चलाईं। हालांकि अभी तक किसी के घायल होने की खबर नहीं है। कपिल शर्मा का यह कैफे कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया स्थित सर्रे में स्थित है।

इसका नाम 'कप्स कैफे' है। इस कैफे के जरिए कपिल शर्मा ने रेस्टोरेंट इंडस्ट्री में कदम रखा है। उनकी पत्नी गिन्नी चतरथ भी इससे जुड़ी हैं। रिपोर्ट्स का दावा है कि खालिस्तानी आतंकवादी और नेशनल इन्वेस्टिगेटिव एजेंसी (एनआईए) की लिस्ट में भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में शामिल हरजीत सिंह लाडी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। गोलीबारी के बाद पुलिस और फोरेंसिक टीमें मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि हरजीत सिंह लाडी ने एक कॉमेडी शो के दौरान निहंग सिखों के खिलाफ टिप्पणी को लेकर कपिल शर्मा के कैफे पर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। सोशल मीडिया पर हरजीत सिंह लाडी और तूफान सिंह नाम के एक अन्य व्यक्ति ने वीडियो के जरिए कपिल शर्मा को सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की चेतावनी दी और कहा कि माफी नहीं मांगी तो मामला और बिगड़ सकता है।

## अमेरिका से नए शुल्क मसले पर वार्ता करेगा मेक्सिको



■ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए आयात शुल्क पर शीनबाम ने यह प्रतिक्रिया व्यक्त की

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने कहा है कि मेक्सिको का एक प्रतिनिधिमंडल अगले सप्ताह वाशिंगटन में अमेरिकी अधिका. रियों से मुलाकात कर नए व्यापार शुल्कों पर बातचीत कर बेहतर समाधान का प्रयास करेगा।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए आयात शुल्क पर उन्होंने यह प्रतिक्रिया व्यक्त की है। शीनबाम ने बुधवार को अपनी दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को वाशिंगटन डीसी जाएगा। शीनबाम ने कहा कि इस सप्ताह हमारी एक टीम इस वैश्विक समझौते पर काम करने के लिए अमेरिका की यात्रा पर जा रही है। हमने इस मामले में राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ जी7 में चर्चा की थी। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई वित्त मंत्री मार्सेलो एबरार्ड करेंगे और इसमें वित्त और विदेश मामलों के सचिवालयों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इस वार्ता का एजेंडा मुक्त व्यापार पर मौजूदा अमेरिका- मेक्सिको- कनाडा समझौते (यूएसएमसीए) से कही व्यापक होगा जिसमें सुरक्षा, आव्रजन और व्यापार के तीन प्रमुख मुद्दों पर व्यापक रणनीतिक सहयोग पर बात की जाएगी।

# ऑस्ट्रेलिया ने AI की मदद से नया सिंथेटिक प्रोटीन बनाया

■ एआई ने प्रोटीन इंजीनियरिंग को दशकों से घटाकर सेकंडों में ला दिया है




**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिकों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से एक सिंथेटिक प्रोटीन बनाया है जो ई. कोलाई जैसे एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी बैक्टीरिया को मारने में सक्षम है।

मेलबर्न स्थित मोनाश विश्वविद्यालय ने आज कहा कि यह पहली बार है जब किसी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने एआई का इस्तेमाल कर जैविक प्रोटीन बनाया है। इस उपलब्धि से ऑस्ट्रेलियाई टीम अधिक किफायती दवा बनाने और बीमा. रियों के निदान के लिए अनेक प्रकार के प्रोटीन तेज़ी से विक. सित करने वाले अमेरिका और चीन जैसे देशों की कतार में आ गई है। मोनाश विश्वविद्यालय के एक बयान के मुताबिक टीम ने उन्नत एआई-संचालित उपकरणों का उपयोग करके एआई प्रोटीन डिज़ाइन प्लेटफॉर्म विकसित किया है। इसमें हाल ही में विकसित सॉफ्टवेयर भी शामिल है जो दवा और चिकित्सकीय प्रयोगों के लिए प्रोटीन बनाने में सक्षम है। इस शोध दल के प्रमुख मोनाश विश्वविद्यालय में पीएचडी छात्र डैनियल फॉक्स ने कहा इन उपकरणों का इस्तेमाल कर हम प्रोटीन को एक विशिष्ट लक्ष्य या अणु अथवा रसायन के रूप में बांधने के लिए डिज़ाइन कर सकते हैं। इसकी मदद से बेहतर गतिविधि और स्थिर गुणों वाले एंजाइम डिज़ाइन कर सकते हैं।

शोध के सह-प्रमुख लेखक राइस ग्रिटर के अनुसार यह खोज अमेरिकी जैव रसायन और नोबेल पुरस्कार विजेता डेविड बेकर के अग्रणी कार्य पर आधारित है। नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित इस अध्ययन में बताया गया है कि एआई ने प्रोटीन इंजीनियरिंग को दशकों से घटाकर सेकंडों में ला दिया है जिससे संक्रमण, कैंसर, सर्पदंश और अन्य बीमारियों के इलाज में तेज़ी आई है।

## हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध का मामला चलेगा

■ प्रदर्शन कर रहे 1400 लोगों की हत्या का आरोप बांग्लादेश के पूर्व पुलिस प्रमुख ने जुर्म कबूला

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर गुरुवार को बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल (आईटीसी) ने मानवता के खिलाफ अपराध के मामले में आरोप तय किए। हसीना के अलावा देश के पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल और पूर्व आईजीपी चौधरी अब्दुल्लाह अल मामून को सह-आरोपी बनाया गया है। मुकदमे की सुनवाई 3 अगस्त से शुरू होगी।

मामून ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है, और मामले में सरकारी गवाह बनने के लिए याचिका दायर की है। मामून फिलहाल जेल में हैं, ए मुकदमा बाकी दो आरोपियों की गैर मौजूदगी में चलेगा। आईटीसी में हसीना के खिलाफ अब तक 5 मामले दर्ज किए हैं। इसमें 1400 लोगों की हत्या, भीड़ को उकसाना और सरकारी ताकतों का गलत इस्तेमाल शामिल हैं। अगस्त, 2024 में तख्तापलट के बाद से हसीना भारत में रह रहीं हैं। क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने 6 जनवरी, 2025 को 11 और लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। देश के पूर्व आईजीपी चौधरी अब्दुल्लाह अल मामून ने कोर्ट में सरकारी गवाह बनने के लिए याचिका दायर की है। बांग्लादेश में 5 जून, 2024 को बांग्लादेश हाईकोर्ट ने जॉब में 30 प्रतिशत कोटा सिस्टम लागू किया था, इस आरक्षण के खिलाफ ढाका में यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट कर रहे थे। यह आरक्षण स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को दिया जा रहा था। हालांकि, हसीना सरकार ने यह आरक्षण बाद में खत्म कर दिया था।




## रूसी सेना को मिली सुखोई जहाजों की एक और खेप

**मॉस्को।** यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझी रूसी फौज को जंगी जहाज सुखोई -34 की एक और खेप मिल गई है। इन जहाजों को बनाने का काम यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन (यूएसी) के पास है। यूएसी की मूल कंपनी रोस्टेक ने गुरुवार को बताया कि रक्षा मंत्रालय को लड़ाकू बमवर्षक सुखोई -34 की पांचवीं खेप सौंप दी गई है। रोस्टेक ने एक पायलट के हवाले से कहा कि सुखोई-34 की ताकत यह है कि यह कई तरह के कामों को बखूबी अंजाम दे सकता है। खासतौर पर इसके हथियारों की रेंज और लड़ाकू अभियानों को अंजाम देने के तरीका विशिष्ट है।







